सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 24 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 228, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

राजस्थान में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना

राजस्थान सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और राज्य के विकास को गति देने के लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। } 14

सफलता व मेहनत से तय होती है प्रतिबद्धता : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि पेशेवर जीवन में सफलता का स्तर परीक्षा परिणामों से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, समर्पण और काम के प्रति प्रतिबद्धता से निर्धारित होता है। } 16

भारत ने अमेरिकी डाक सेवा को किया निलंबित

100 डॉलर तक के पत्रों, दस्तावेजों व उपहार वस्तुओं के लिए जारी रहेंगी सेवाएं

एजेंसी



नयी दिल्ली। संचार मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी नए मानदंडों में स्पष्टता के अभाव के कारण हवाई वाहक कंपनियों ने अमेरिका जाने वाली डाक ले जाने से इनकार कर दिया है और इस वजह से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं।

हालांकि, 100 अमेरिकी डॉलर तक के पत्रों, दस्तावेजों और उपहार वस्तुओं के लिए सेवाएं जारी रहेंगी। अमेरिकी प्रशासन ने 30 जुलाई, 2025 को जारी एक कार्यकारी आदेश में कहा था कि 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के सामान पर 29 अगस्त से अमेरिका में सीमा शुल्क लागू होगा। कार्यकारी आदेश के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय डाक नेटवर्क के जरिये खेप पहुंचाने वाले परिवहन वाहकों को डाक पर शुल्क लेना और उसका भुगतान करना आवश्यक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा हालांकि अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने 15 अगस्त, 2025 को कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन योग्य पक्षों के पदनाम और शुल्क संग्रह व प्रेषण की व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं... शेष पृष्ठ 14 पर

चंद्रमा-मंगल तक पहुंचा भारत, अब गहरे अंतरिक्ष की बारी

भविष्य के मिशनों के लिए नये अंतरिक्ष यात्रियों का समूह बनाने की तैयारी : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से मानवता के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े रहस्यों से पर्दा उठाने के लिए एक गहन अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक वीडियो संबोधन में मोदी ने घोषणा की कि भारत भविष्य के मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह बनाने की तैयारी कर रहा है और उन्होंने युवाओं से इस समूह का हिस्सा बनने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हम चंद्रमा और मंगल तक पहुंच चुके हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हुए हैं। मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद दूसरी उपलब्धि हासिल करना अब भारत और उसके वैज्ञानिकों की स्वाभाविक विशेषता बन गई है। प्रधानमंत्री ने देश भर के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, छात्रों और नीति निर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा हमारा क्षितिज आकाशगंगाओं से भी परे है। अनंत ब्रह्मांड हमें बताता है कि कोई भी सीमा अंतिम सीमा नहीं है और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी, नीतिगत स्तर पर कोई अंतिम सीमा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत विद्युत प्रणोदन और अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा आप वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत की बदौलत, भारत जल्द ही गगनयान मिशन लॉन्च करेगा और अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनाएगा। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से यह प्रश्न किया कि क्या अगले पांच वर्षों में पांच स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन सकते हैं।

उन्होंने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से कहा मैं चाहूंगा कि निजी क्षेत्र आगे आएं, क्या हम उस मुकाम तक पहुंच सकते हैं जहां हम हर साल 50 रॉकेट प्रक्षेपित कर सकें ? मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के पास इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक अगली पीढ़ी के सुधारों को लागू करने की मंशा और इच्छाशक्ति दोनों हैं। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को न केवल वैज्ञानिक अन्वेषण के एक साधन के रूप में बल्कि इसे जीवन सुगमता के साधन के रूप में भी देखता है। उन्होंने कहा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी भारत में शासन का एक अभिन्न अंग बनती जा रही है। उन्होंने फसल बीमा योजनाओं में उपग्रह आधारित मूल्यांकन, मछुआरों के लिए उपग्रह आधारित सूचना और सुरक्षा, आपदा प्रबंधन अनुप्रयोगों और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में भू-स्थानिक डेटा के उपयोग का हवाला दिया। मोदी ने कहा कि तीन दिन पहले उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और ... शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

ट्रक-कार की टक्कर में विवि के कुलपति व उनकी पत्नी की मौत

मऊ। जिले में एक इनोवा कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई जिससे कार में सवार महाराष्ट्र के नागपुर स्थित कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के कुलपति और उनकी पत्नी की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि हादसा गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर कुसमा गांव के पास उस समय हुआ जब तेज रफ्तार इनोवा कार एक खड़े ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में प्रोफेसर हरे राम त्रिपाठी (58) और उनकी पत्नी बदामी देवी (56) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दंपति वाराणसी से कुशीनगर जिले स्थित अपने गांव जा रहे थे। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दंपति की मौत हो चुकी थी। कार चालक वैभव मिश्रा (35) गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कार-टैंपो की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत

पीलीभीत। जिले में एक राजमार्ग पर शनिवार को तेज रफ्तार एक फॉर्च्यूनर कार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना के साथ ही टेंपो खाई में पलट गया और पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पीलीभीत-हरिद्वार हाइवे पर हुई टेंपो और फॉर्च्यूनर की टक्कर में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। जहानाबाद थाना पुलिस के अनुसार, जहानाबाद से सवारियों से भरा एक टेंपो अमरिया की तरफ जा रहा था कि तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार एक फॉर्च्यूनर कार की उससे आमने-सामने की टक्कर हो गयी। दुर्घटना के साथ ही टेंपो पलटकर खाई में जा गिरा।

सुशासन के लिए न्यायिक व्यवस्था को बनाना होगा सुगम

○ एक वर्ष में 72 लाख मामलों का निस्तारण बड़ी उपलब्धि : योगी ○ न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ का कॉर्पस फंड देने की घोषणा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है। सीएम योगी शनिवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। लखनऊ में आयोजित इस भव्य सम्मेलन में सीएम योगी ने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका को सुशासन का रक्षक बताया और कहा कि इसके सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर सीएम ने संघ की स्मारिका का अनावरण भी किया। इस दौरान सीएम योगी ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड देने की घोषणा भी की। सीएम ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को 'न्यायिक अधिकारियों का महाकुंभ' बताते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल एकता और परस्पर सहयोग का प्रतीक है, बल्कि व्यावसायिक दक्षता और बेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने का भी मंच है। सीएम ने इस अवसर पर सभी उपस्थित न्यायमूर्तियों, अवकाश प्राप्त न्यायमूर्तियों और प्रदेश भर से आए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब भारत अपने संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सीएम ने कहा कि संविधान की मूल थीम न्याय, स्वतंत्रता और बंधुता इस आयोजन का आधार है। उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह महाकुंभ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, उसी तरह यह अधिवेशन न्यायिक अधिकारियों की एकता और उनकी पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने गर्व के साथ कहा कि उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय मौजूद है। प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ और लखनऊ में इसकी बेंच प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह न केवल हमारे लिए, बल्कि देश और दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश की छवि को विश्वास के रूप में प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि 102 वर्षों के अपने इस इतिहास में उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है और मुझे विश्वास है कि यहां मौजूद सभी न्यायिक अधिकारी न केवल न्यायिक सेवा से जुड़े हुए हैं बल्कि, परस्पर सहयोग, एकता और व्यावसायिक ... शेष पृष्ठ 14 पर

भारत को अंतरिक्ष के नये शिखर पर पहुंचाने के लिए वैज्ञानिकों का अभिनंदन : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर बधाई देते हुए कहा कि नए भारत को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित करने के लिए महान वैज्ञानिकों का अभिनंदन है। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर कहा, आज ही के दिन वर्ष 2023 में हमारे महान वैज्ञानिकों ने भारत के गौरव चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग कराकर वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी थी। यह मिशन नए भारत के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा राष्ट्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जो हमें भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा पर गर्व का अनुभव कराता है। योगी ने कहा आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर उन महान भारतीय ... शेष पृष्ठ 14 पर

अवैध कॉल सेंटर संचालकों के ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कुछ व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की, जो कथित रूप से गैरकानूनी कॉल सेंटर के जरिये अमेरिकी नागरिकों को करीब 130 करोड़ रुपये का चूना लगाने में शामिल थे।

ईडी ने एक बयान में कहा आरोपी कथित तौर पर साइबर घोटाले के जरिए अवैध रूप से अर्जित धन से खरीदे गए आलीशान घरों में रहते हैं। उन्होंने अपराध की कमाई से 100 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य की कई संपत्तियां भी अर्जित की हैं। बयान के अनुसार, ईडी ने 20 अगस्त को दिल्ली और गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। धनशोधन का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी से जुड़ा है। प्राथमिकी के अनुसार आरोपियों ने नवंबर 2022 से अप्रैल 2024 के बीच आपराधिक साजिश के तहत दिल्ली और आसपास गैरकानूनी कॉल सेंटर संचालित कर मुख्य रूप से अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी धोखाधड़ी का शिकार बनाया। ईडी के बयान में बताया गया कि आरोपी ... शेष पृष्ठ 14 पर

दिल्ली में आसमान से बरसी आफत सड़कें जलमग्न, रेंगती रहीं गाड़ियां

एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी में शनिवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। जहां एक तरफ मूसलाधार बारिश ने लोगों को राहत पंहुचाई, तो दूसरी ओर यह मुसीबत बनकर भी बरसी। बारिश ने राजधानी को अस्त-व्यस्त कर दिया। भारी बारिश के चलते कई हिस्सों में जलभराव, ट्रैफिक जाम और जनजीवन पर बुरा असर पड़ा।

ऐसे में बारिश ने ड्रेनेज सिस्टम की खामियों को फिर से उजागर किया। नालों और सीवरों के ओवरफ्लो होने से कई रिहायशी इलाकों में पानी भर गया। यही नहीं, बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बाधित हुई। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऐसे में दफ्तर से घर जा रहे लोग बीच सुरक्षित जगह रूककर बारिश के थमने का इंतजार करते दिखे। यह सिलसिला रात तक जारी रहा।

वहीं, मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक दिल्ली में 24.8 एमएम बारिश दर्ज की गई। सफदरजंग मानक वेधशाला में 24.8, मयूर विहार में 33.5, लोधी रोड़ में 27, पालम में 16.5, रिज में 9.6, आया नगर में 3.4, एमएम बारिश दर्ज की गई। हालांकि, शास्त्री पार्क, गुरुद्वारा रकाब गंज, बिशमंबर दास मार्ग, धौला कुआं, उत्तम नगर, ... शेष पृष्ठ 14 पर

जयशंकर ने अमेरिका को सुनायी खरी-खरी

किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : विदेशमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में भारत की कुछ सीमाएं हैं और भारत किसानों तथा छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं करेगा।

जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दुनिया के साथ व्यवहार करने का तरीका पारंपरिक तरीके से बहुत अलग है और पूरी दुनिया इसका सामना कर रही है। उन्होंने कहा अब तक ऐसा कोई अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं रहा, जिसने विदेश नीति को मौजूदा राष्ट्रपति की तरह सार्वजनिक रूप से संचालित किया हो। यह अपने आप में ऐसा बदलाव है, जो केवल भारत तक सीमित नहीं है। ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि व्यापार दोनों देशों के बीच वास्तव में सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा, बातचीत अभी भी जारी है और मुख्य बात यह है कि हमारे बीच कुछ सीमाएं हैं। जयशंकर ने कहा कि सीमाएं मुख्य रूप से देश के किसानों और कुछ हद तक छोटे उत्पादकों के हित में हैं।

उन्होंने कहा इसलिए जब लोग कहते हैं कि हम सफल हुए या असफल, इस पर मेरा जवाब है-एक सरकार के रूप में हम अपने किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस पर पूरी तरह से दृढ़ हैं। विदेश मंत्री ने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए आरोपों का भी जवाब दिया कि भारत रूस से रियायती मूल्य पर कच्चा तेल खरीदकर तथा फिर परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों को यूरोप और अन्य स्थानों पर ऊंची कीमतों पर बेचकर मुनाफाखोरी कर रहा है। उन्होंने कहा यह हास्यास्पद है कि व्यापार ... शेष पृष्ठ 14 पर

अनिल अंबानी के ठिकानों पर सीबीआई ने मारा छापा

एजेंसी

नयी दिल्ली/मुंबई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक से 2929.05 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में हाल में मामला दर्ज करने के बाद शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के निदेशक अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने एक बयान में कहा ... शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर पुणे की 16 करोड़ लैंड डील में ईडी ने कसा शिकंजा, 25अगस्त को फंडिंग को लेकर पूछताछ करेगी ईडी

अहमदाबाद से जुड़े यूपी में अवैध धर्मान्तरण के तार

जितेन्द्र प्रताप सिंह


This MOU has been entered into with sound mind and health and without any pressure, in the presence of 2 witnesses. the agreement has a total of 4 pages.

	Sign	Thumb
1) Mr. Navin Ghanshyam Rohra		
2) Mr. Chhangur S/O Karimulla		
3) Mr. Mohammad Ahmad Khan		

Witness :

1) Name :
Sign :
Add. :

2) Name :
Sign :
Add. :

NOTARY SHAIKH HARUN YASIN PUNE DIST Reg. No. 22445 GOVERNMENT OF INDIA

BEFORE ME

SHAIKH HARUN YASIN
ADVOCATE & NOTARY
GOVT. OF INDIA

9 AUG 2023

लखनऊ। अवैध धर्मान्तरण मामले में एक नया किरदार मोहम्मद अहमद सामने आया है। जिस पर ईडी शिकंजा कसने जा रही है। ईडी ने मूलरूप से बलरामपुर के उत्तरौला नयापुरवा गांव के रहने वाले मोहम्मद अहमद को पुणे में नोटिस देकर कार्यालय में तलब किया है। अहमद पुणे में परिवार के साथ रहता है। माना जा रहा है कि ईडी अवैध धर्मान्तरण में फंडिंग को लेकर अहमद पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

बलरामपुर में हुए अवैध धर्मान्तरण में गिरफ्तार छांगुर बाबा व नवीन घनश्याम रोहरा जब भी रिमांड पर आये, दोनों ने खुलकर मोहम्मद अहमद का नाम लिया है। छांगुर ने तो अहमद को अपना साथी तक बताया। लेकिन ईडी सूत्रों की माने तो उनका कहना है कि वह अवैध धर्मान्तरण में फंडिंग के खुलासे को लेकर मोहम्मद अहमद को नोटिस दी है। सम्भावतः ईडी 25 अगस्त को अहमद को लखनऊ स्थित कार्यालय में तलब कर पूछताछ की तैयारी है। सूत्रों की मानें तो ईडी ने पुणे में 16 करोड़ में खरीदे जाने वाले लैंड डील को लेकर जानकारी करेगी। बताया जा रहा है कि चार अगस्त 2023 को नवीन घनश्याम रोहरा और मोहम्मद अहमद खान के बीच एक इकरारनामा तैयार किया गया था। जिसमें नवीन ने लैड डील के लिए अहमद के खाते में 49.80 लाख रुपए ट्रांसफर किये थे। इस लैंड डील में छांगुर बाबा के अलावा कई अन्य लोगों को कमिशन मिलना था। बताया यह भी जा रहा है कि इकरानामा में यह भी दर्ज था कि यदि एक तय समय पर लैंड डील नहीं होती है तो रकम वापस कर दी जायेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मोहम्मद अहमद 49.80 लाख रुपए की रकम को हड़प गया। इकरानामा में बकायदा नवीन रोहरा, झांगुर और मोहम्मद अहमद खान के हस्ताक्षर के साथ फोटोग्राफ भी हैं। ईडी की रिमांड पर नवीन से पूछताछ में इस रकम का खुलासा हुआ था। जिसके बाद अब ईडी अहमद पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

एटीएस भी अहमद की कर रही है निगरानी

अवैध धर्मान्तरण के मामले में करीब 40 बैंक खातों से 100 करोड़ की फंडिंग का खुलासा हुआ था। जिसके बाद ईडी ने छांगुर बाबा और नवीन को रिमांड पर लेकर फंडिंग के बारे में जानकारी जुटायी थी। छांगुर की माने तो मोहम्मद अहमद खान उसका साथी था। अहमद खान और वसीउद्दीन दोनों मिलकर उससे ठगी की है। जिसकी जांच भी एटीएस को करनी चाहिए। बताया जा रहा है कि एटीएस की जांच में अहमद को भी क्लीनचिट नहीं मिली है। ईडी के शिकंजा कसने के बाद एटीएस भी मोहम्मद अहमद पर शिकंजा कसेगी। एटीएस के एक अफसर ने बताया ... शेष पृष्ठ 14 पर

थराली में बादल फटा, तबाही से हाहाकार

सीएम धामी आपदा व राहत कार्यों की कर रहे मानीटरिंग, पल-पल का ले रहे अपडेट

प्रमुख संवाददाता

चमोली (उत्तराखंड)। उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला लगातार जारी है। बीती रात करीब एक बजे चमोली के थराली कस्बे में बादल फटने की भीषण घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र में तबाही मचा दी। मूसलाधार बारिश के बाद आए भारी मलबे ने थराली तहसील परिसर, एसडीएम आवास और आसपास की बस्तियों को अपनी चपेट में ले लिया। करीब दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक 20 वर्षीय युवती की मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। एक व्यक्ति अभी भी लापता है, जिसकी खोजबीन युद्धस्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और लापता व्यक्ति की सुरक्षित वापसी की कामना की।

उन्होंने आपदा राहत और बचाव कार्यों की स्वयं निगरानी शुरू कर दी है और लगातार अधिकारियों से अपडेट ले रहे हैं। मुख्य सचिव आनंद वर्धन आपदा कंट्रोल रूम पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं जबकि सचिव आपदा प्रबंधन ... शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

इंटर ऑपरेशनल क्रिमिनल जस्टिस पर चल रहा काम

लंबित मामलों को कम करने और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने की है योजना : सीएम योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की ओर से न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किए गए प्रयासों का विस्तार से उल्लेख किया।

सीएम ने डिजिटल बुनियादी ढांचे और आधुनिक तकनीक को न्यायिक व्यवस्था में शामिल करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट, ई-पुलिसिंग, ई-प्रिजन, ई-प्रॉसीक्यूशन और ई-फोरेंसिक के एकीकरण के लिए इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पर काम चल रहा है। डेटा-बेस्ड विश्लेषण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से लंबित मामलों को कम करने और न्याय प्रक्रिया को तेज करने की योजना है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने उच्च न्यायालय के लिए आवासीय और अन्य सुविधाओं के लिए व्यापक धनराशि स्वीकृत की है। इसमें प्रयागराज में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों के आवास के लिए निर्माण 62.41 करोड़ रुपये, लखनऊ बेंच के लिए 117 करोड़ रुपये। उच्च न्यायालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए: 99 करोड़ रुपये।

- इंटीग्रेटेड कोर्ट परिसर की स्थापना के लिए 1,645 करोड़ रुपये स्वीकृत

प्रयागराज में 896 आवासीय इकाइयों के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति। वाणिज्यिक खंड के निर्माण के लिए 112.06 करोड़ रुपये। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हेरिटेज भवन के रखरखाव के लिए: 44.91 करोड़ रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रमुख हैं।

इसके अलावा, सरकार ने 10 जनपदों में इंटीग्रेटेड कोर्ट परिसर की स्थापना के लिए 1,645 करोड़ रुपये स्वीकृत किए, जिनमें से 6 जनपदों में कार्य शुरू हो चुका है। ये परिसर जनपद न्यायालयों, मोटर दुर्घटना दावों, परिवार न्यायालयों और वाणिज्यिक अदालतों को एकीकृत सुविधा प्रदान करेंगे।

महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों पर सख्ती

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि 381 पॉक्सो और फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार के सहयोग से कोर्ट रूम और आवासीय निर्माण के लिए 2023-24 में 148 करोड़, 2024-25 में 239 करोड़ और 2025-26 में 75 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की गई है।

न्यायिक अधिकारियों के लिए सुविधाएं और कल्याण के लिए कई घोषणाएं : ुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक अधिकारियों की सुविधाओं और कल्याण के लिए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग को उत्तर प्रदेश ने पूर्ण रूप से लागू किया है, और इसके लिए 1,092.37 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा, लखनऊ में न्यायिक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान में 400 बेडेड हॉस्टल (54.28 करोड़ रुपये), स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (14.22 करोड़ रुपये), लेक्चर हॉल, प्रशासनिक भवन और ऑडिटोरियम के लिए 8.77 करोड़ और 2.36 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज के निर्माण के लिए भी 387 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध करवाई गई है जिस पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा प्रदेश में 110 ग्राम न्यायालय क्रियाशील किया जा चुके हैं और अन्य जगह जहां से हमें प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। सीएम ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड देने की घोषणा की, जो 2018 में शुरू किए गए 10 करोड़ रुपये के फंड को और मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण के लिए डिस्पोजीशन क्लर्क की नियुक्ति के लिए आउटसोर्सिंग पर सैद्धांतिक सहमति दी गई है।

न्यायिक अधिकारियों के चैंबर को आधुनिक बनाने पर जोर : सीएम ने कहा कि गर्मी में न्यायिक अधिकारियों को बेहतर कार्य वातावरण देने के लिए सभी जनपद न्यायाधीशों के चैंबर में एयर कंडीशनर लगाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया है। इसके अलावा, सभी जनपद न्यायालयों में सीसीटीवी, फायर फाइटिंग उपकरण और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए 20 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति राजन राय, न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के रणधीर सिंह, सभी जनपदों के न्यायाधीश समेत अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति गण व कई न्यायिक अधिकारी गण मौजूद रहे।

विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे सीएम योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार समाज के हाशिए पर रहे विमुक्त जाति समुदाय को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 31 अगस्त को लखनऊ के गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में विमुक्त जाति दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से विमुक्त जाति समुदाय के लोग हिस्सा लेंगे, जो सामाजिक समावेश और सशक्तीकरण का प्रतीक होगा। ह्वविमुक्त जाति दिवसह्ल का ऐतिहासिक महत्व है। 31 अगस्त 1952 को भारत सरकार ने अंग्रेजों द्वारा थोपे गए काले कानून ह्वक्रिमिनल ट्राइब्स एक्टह्ल को समाप्त किया था, जिसने कई समुदायों को अपराधी घोषित कर उनके अधिकार छीन लिए थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार इस दिन को ह्वविमुक्त जाति दिवसह्ल के रूप में मनाकर इन समुदायों को सम्मान और नई पहचान दे रही है। योगी सरकार विमुक्त जातियों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित कर रही है। इसके तहत विमुक्त जाति के लोगों को पट्टे पर भूमि आवंटन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने विमुक्त जातियों के लिए समावेशी विकास को प्राथमिकता दी है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं इन समुदायों को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आवासीय योजनाओं के माध्यम से इनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि विमुक्त जाति के लोग समाज की मुख्यधारा में शामिल हों और उनके बच्चे उच्च शिक्षा और प्रशासनिक सेवाओं में अपनी जगह बनाएं। यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगा, बल्कि विमुक्त जातियों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा। योगी सरकार की यह पहल विमुक्त जाति समुदाय के लिए नई आशा और अवसरों का प्रतीक है, जो उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यूपी में बने रिकॉर्ड 39 कल्याण मंडपम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने आम और कमजोर वर्ग के परिवारों को बड़ी राहत दी है। अब महंगे मैरिज हॉल या बैंक्वेट हॉल की बुकिंग का भारी भरकम बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। सरकार ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत प्रदेश के नवसृजित एवं सीमा विस्तारित नगरीय क्षेत्रों में कल्याण मंडपम के निर्माण की बड़ी पहल की है। प्रदेश में अब तक 66 कल्याण मंडपम परियोजनाओं को 260 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इनमें से रिकॉर्ड 39 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 27 निमार्णाधीन हैं, जिन्हें जल्द ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मानबेला और राप्तीनगर विस्तार योजना में निर्मित कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। इसके निर्माण के लिए सीएम योगी ने अपनी विधायक निधि से धनराशि दी है। बुकिंग प्रक्रिया में सुगमता और पारदर्शिता लाने के लिए एक विशेष ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल भी विकसित किया गया है।

यहां बन चुके हैं कल्याण मंडपम

जिन क्षेत्रों में कल्याण मंडपम का निर्माण हो चुका है उनमें अलीगढ़ (मद्रक), अम्बेडकरनगर (राजे सुल्तानपुर, जहांगीरगंज), अमरोहा, अयोध्या (नगर तथा मां कामाख्या), आजमगढ़ (जहानगंज बाजार), बस्ती (कप्तानगंज), फरुर्खाबाद (नवाबगंज), फतेहपुर (असोधार), फिरोजाबाद (मक्खनपुर) गोरखपुर (नगर), कानपुर देहात (कंपेसी, रनिया), कौशाम्बी (दारानगर), लखनऊ (नगर तथा बंथरा), महाराजगंज (बृजमनगंज) मऊ (मऊनाथ भंजन) मुजफ्फरनगर (खतौली, नौगावां), प्रतापगढ़ (रामगंज), सोनभद्र (ओबरा, अनपरा), सुल्तानपुर (लंभुआ), उन्नाव (अचलगंज) आदि प्रमुख हैं।

इन जगहों पर कल्याण मंडपम निर्माणाधीन

प्रदेश में जिन जगहों पर कल्याण मंडपम निमार्णाधीन हैं उनमें आगरा (नगर), अलीगढ़ (नगर तथा जवा सिकंदरपुर), भदोही, बहराइच (नगर, कैसरगंज, रुपईडीहा), बलिया (रत्सर कलां), बाराबंकी (नवाबगंज, रामसनेही घाट), बस्ती (गणेशपुर), बिजनौर, बुलंदशहर (अनूपशहर), चित्रकूट (चित्रकूट धाम), देवरिया, एटा (मिरहची), गोरखपुर (कैंपियरगंज), हाथरस, जालौन, जौनपुर (गौरा बादशाहपुर), कौशाम्बी (मंझनपुर, चरवा), पडरौना, लखीमपुर खीरी (निघासन), मथुरा, प्रतापगढ़ (बेल्हा प्रतापगढ़, कोहडौर), प्रयागराज, रामपुर (दढ़ियाल, सैफनी), संत कबीर नगर (खलीलाबाद, बखिरा) शाहजहांपुर, सिद्धार्थ नगर (नगर, बढ़नी चाफा व कपिलवस्तु) सोनभद्र (नगर), वाराणसी (नगर) आदि प्रमुख हैं।

500 से अधिक इंटरनेशनल बायर्स देखेंगे ह्वमेड इन यूपी की ताकत

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा संस्करण सरकार के विजन को देगा वैश्विक उड़ान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की समृद्ध परंपरा, उद्यमिता और कारीगरों का हुनर अब वैश्विक मंच पर और अधिक चमकने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है।

यह मेगा शो न केवल प्रदेश की औद्योगिक शक्ति और सांस्कृतिक पहचान का परिचय देगा बल्कि दुनिया भर के निवेशकों और खरीदारों को मेड इन यूपी की ताकत भी दिखाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में करीब 80 देशों से 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद है।

इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी से वृद्धि की संभावना है। इस तरह यूपीआईटीएस प्रदेश के उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोलने वाला साबित होगा।

- 80 देशों के बायर्स बनेंगे साक्षी, अब तक 75 देशों के 340 से अधिक बायर्स ने दी सहमति
- ग्रेटर नोएडा में 25-29 सितंबर को जुटेंगे दुनिया भर के खरीदार, यूपी के हुनर को मिलेगा वैश्विक बाजार

ओडीओपी और कारीगरों को मिलेगा वैश्विक मंच : योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना पहले ही प्रदेश को अलग पहचान दिला चुकी है।

यूपीआईटीएस में इन उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा, बल्कि निर्यात और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर आयोजित यह शो उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

इसका उद्देश्य प्रदेश को निर्यात के मामले में शीर्ष पायदान पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना है। सरकार चाहती है कि यूपी के हर जिले का हुनर वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे।

9 रीजंस से आएंगे इंटरनेशनल बायर्स : दुनिया के 9 प्रमुख रीजंस से इंटरनेशनल बायर्स का आगमन इस आयोजन को और खास बना रहा है।

यूरोप और सीआईएस रीजंस से कुल 110 बायर्स के आने की संभावना है, जिनमें से 88 बायर्स (18 यूरोपीय और 6 सीआईएस देशों से) ने पहले ही सहमति दे दी है। वेस्ट एशिया (WANA) से 100 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 12 देशों के 76 बायर्स अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर चुके हैं। इसी तरह साउथ ईस्ट एशिया (SEA) से 80 बायर्स की उम्मीद है, जिनमें से 5 देशों के 10 बायर्स अब तक पुष्टि कर चुके हैं। साउथ एशिया (SA) रीजंस से 50 में से 30 बायर्स (3 देशों से) आने वाले हैं।

वहीं, लैटिन अमेरिकी देशों से 50 बायर्स की संभावना है, जिनमें से 6 देशों के 27 बायर्स ने सहमति दी है। ओशनिया से 30 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 2 देशों के 3 बायर्स ने अपनी पुष्टि कर दी है। नॉर्थ अमेरिका से 30 बायर्स की उम्मीद है और इनमें से 3 देशों के 9 बायर्स आने को तैयार हैं।

अफ्रीका रीजंस से 50 बायर्स का लक्ष्य है, जिनमें 11 देशों के 38 बायर्स पहले ही सहमति दे चुके हैं। इसके अलावा, नाफ्टा रीजंस के 3 देशों से 11 बायर्स और ईस्ट अफ्रीका के 8 देशों से 50 बायर्स ने भी यूपीआईटीएस में भागीदारी के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई है।

इस तरह यह आयोजन लगभग पूरी दुनिया की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला साबित हो रहा है। इस मेगा इंटरनेशनल शो को खास बनाने के लिए 17 प्रमुख सेक्टर्स के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन सेक्टर्स में उत्तर प्रदेश की विशेष पहचान बनाने वाले उत्पाद और ओडीओपी विशेष रूप से प्रदर्शित होंगे।

कांग्रेस हर जिले में करेगी अधिवक्ताओं की रैपिड एक्शन टीम का गठन

उप्र कांग्रेस कमेटी विधि विभाग ने की एक दिवसीय विधि विभाग प्रतिनिधि चिंतन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय विधि विभाग प्रतिनिधि चिंतन कार्यशाला का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधि, मानवाधिकार एवं सूचना का अधिकार (आरटीआई) विभाग के सचिव एडवोकेट मो. अली खान भी मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यशाला का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता, लखनऊ बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एड. प्रदीप सिंह ने किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश ने हमेशा से ही देश का नेतृत्व किया है। अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश के संसदीय और विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है और सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में संगठन सृजन, न्याय और नेतृत्व है। उत्तर प्रदेश के साथी जो न्याय योद्धा हैं, जो कानून की सही व्याख्या करके लोगों को न्याय दिलाने का काम करते हैं आज यहां एकत्रित हैं। उन्होंने कहा आज के राजनैतिक माहौल में विधि विभाग कांग्रेस के सभी फ्रंटल, विभाग/प्रकोष्ठों को मजबूती प्रदान करता है। हमें जिन ताकतों के खिलाफ संघर्ष करना है उसे सही दिशा विधि विभाग ही दे सकता है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन के तहत 5 स्तर प्रदेश, जिला, ब्लाक, मण्डल एवं बूथ स्तर तक संगठन का निर्माण करना है। जिसके शुरूआती चरण में 30 दिनों में जिला और ब्लाक तक का संगठन बनाना है। 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक प्रदेश के प्रत्येक जिले में पांच अधिवक्ताओं की रैपिड एक्शन टीम का गठन किया जायेगा। पूरे प्रदेश में गरीब, विशेष समुदाय को लक्ष्य बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है उन्हें न्याय दिलाने का काम विधि विभाग का रैपिड एक्शन फोर्स (अधिवक्ताओं की टीम) करेगी। वोटर लिस्ट देखरेख भी यही टीम करेगी। कार्यकर्ताओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ, वोट चोरी रोकने, न्याय दिलाने के लिए खड़े रहना है। उन्होंने कहा कि नवम्बर और दिसबंर माह में निःशुल्क न्याय सेवा शिविर का आयोजन प्रत्येक बार एसोसिएशन के माध्यम से तहसील स्तर तक किया जायेगा। 6 जोन के लिए 6 टीमों का गठन करना है। विधि विभाग के पदाधिकारी हर जिले में जायेंगे इसका भी चयन होना है। 28 सितंबर से पूर्व इसकी रिपोर्ट तैयार करके एआईसीसी को प्रेषित करनी है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में पूरे प्रदेश में प्रतिनिधि सम्मेलन, चिंतन, मंथन और रणनीति बनाने के लिए बैठकें होंगी।

उपभोक्ता का फटा शर्ट, अधीक्षण अभियंता पिटे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ... हमारे गांव में तीन दिन से बिजली नही आ रही है। अपना पैसा लगाकर किसी तरह तार को सुधारते है। आप अधीक्षण अभियंता होकर कोई कार्रवाई नही करते है। तभी अधीक्षण अभियंता ने कहा ज्यादा नेतागिरी नही करो शान्ति से बैठो तुम्हारे कार्य के लिए हम नहीं बैठे हैं। इतने में ही बात बढ़ गयी और अधीक्षण अभियंता ने उपभोक्ता को धक्का दे दिया। धक्का देने पर मारपीट इतना बढ़ गया कि अधीक्षण अभियंता ने उपभोक्ता के शर्ट फाड़ दिया। तो उपभोक्ता ने भी अधीक्षण अभियंता को पीट दिया। बलिया में शनिवार को बिजली विभाग के दफ्तर में उपभोक्ता और अधीक्षण अभियंता लाल जी सिंह के बीच में मारपीट हो गयी। जिसका वीडियों वायरल हो गया। मारपीट होते ही दफ्तर में अफरातफरी मच गई। भाजपा नेता के साथ आए लोगों और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर लोगों को शांत कराया गया। अधीक्षण अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा नेता मुन्ना बहादुर सिंह के खिलाफ नामजद और अन्य के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुन्ना बहादुर सिंह भाजपा के मंडल महामंत्री रहे हैं। वह पार्टी के समर्थन से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना शहर के सिविल लाइन साऊथ पावर हाऊस का है जहां से साऊथबापबार गांव में तीन दिन से बिजली नही आ रही थी। गांव के कई लोग पैसा मिलाकर बिजली व्यवस्था ठीक कराया था शनिवार को फिर से तार में खराबी आने के कारण बिजली गुल थी इसी बात को लेकर गांव के लोग अधिकारी के घर पहुंचे जहां पर मारपीट हो गयी। अधीक्षण अभियंता लाल सिंह अपने कार्यालय में बैठे थे। इसी बीच कुछ लोग पहुंचे और बिजली की समस्या को लेकर बातचीत होने लगी। तेज आवाज में बातचीत के दौरान ही अधीक्षण अभियंता से धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी बीच, उपभोक्ता ने अपना जूता उतारा और अधीक्षण अभियंता के सिर पर मारना शुरू कर दिया। इससे कार्यालय में अफरातफरी मच गयी। मौजूद कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया। भाजपा नेता के साथ आए लोगों ने भी उनको मुन्ना भैया, मुन्ना भैया कहकर रोकने की कोशिश की और किसी तरह अधीक्षण अभियंता को उनके गुस्से से बचाया। मामले की जानकारी तत्काल जिले के अधिकारियों को दी गई। अधीक्षण अभियंता की इस तरह कार्यालय में घुसकर जूता से पिटाई की सूचना मिलते ही खलबली मच गई। नगर कोतवाली पहुंचे अधीक्षण अभियंता ने एक नामजद और 20-25 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को पुलिस ने भी संज्ञान में लिया है। सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में सीसीटीवी लगाने का उद्देश्य सुरक्षा है।

क्या बोले अधीक्षण अभियंता

अधीक्षण अभियंता के अनुसार वह अपने कार्यालय में बैठे थे। तभी जहां पर बिजली गुल थी वहां के लोग पहुंचे। इनमें से सागरपाली निवासी मुन्ना बहादुर सिंह ने समस्या बताए इसके बाद गाली-गलौज करते हमला कर दिया।

उपभोक्ता ने कहा

साऊथ गांव के रहने वाले मुन्ना बहादुर सिंह का आरोप है कि कई दिनों से बिजली आपूर्ति की समस्या थी। इस सम्बंध में 10-12 लोग पत्रक देने गये थे। इस दौरान एसई ने गाली-गलौज करने के साथ ही कर्मचारियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। इस बारे में एएसपी (दक्षिणी) कृपाशंकर ने बताया कि एसई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई है।

भाजपा लूट का गैंग है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये पीडीए समाज के 65 से अधिक कार्यकर्ताओं ने शनिवार को लखनऊ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में मुलाकात की। सभी नेताओं ने एक स्वर में उत्तर प्रदेश में पीडीए सरकार बनाने के लिए 2027 के विधानसभा चुनाव में बिना शर्त समाजवादी पार्टी को समर्थन देने की घोषणा की। सपा के प्रवक्ता राजकुमार भाटी और अपनी जिन्दगी अपना दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरजीत सिंह खण्डसाल के नेतृत्व में आये सभी नेता अलग-अलग जिलों में अपने संगठन चलाते है। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर आए हुए सभी नेताओं का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लूट का गैंग हैं। इसने संस्थानों और संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। भाजपा के झूठ की सीमा नही है। यह सबसे झूठी पार्टी है। लोगों के साथ अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा है। इस सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा लोगों के अधिकार छीन रही है। वोट की चोरी की। चुनावी प्रक्रिया पर डकैती डाला है। जनता के वोट की लूट की। आने वाला चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। यह फिर एक बार आजादी का चुनाव है। संविधान और अधिकार बचाने का चुनाव है। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा की सरकार में सभी की भागीदारी रहेगी। सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा। प्रदेश में अवरूद्ध हुए विकास के कार्य फिर से शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकार ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। केन्द्र सरकार ने अर्थव्यवस्था बर्बाद कर दिया। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। विदेश नीति फेल हो गयी है। भाजपा सरकार बड़े-बड़े दावे करती थी कि दुनिया में डंका बज रहा है लेकिन जब जरूरत पड़ी तो कोई देश भारत के साथ नहीं खड़ा हुआ। आपरेशन सिन्दूर के दौरान हमारी सेना मजबूती से लड़ाई लड़ी। सेना पीओके ले लेती लेकिन केंद्र सरकार ने चूक कर दी। उन्होंने कहा कि चीन हमारे देश की सीमा के लिए खतरा है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण चीन ने हमारी सीमा पर घुसपैठ किया। बाजार पर कब्जा कर रहा है। चीन भारत में अपने सामान बेच रहा है लेकिन खाद बनाने के लिए कच्चा माल नहीं दे रहा है। प्रदेश में खाद का संकट है। किसान खाद के लिए लाइनों में लगा है। धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर है। किसानों को खाद के बदले पुलिस की लाठियां मिल रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को अपना बाजार मजबूत करना चाहिए। भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गयी है।

- सपा अध्यक्ष के समक्ष पीडीए समाज के लोगों ने ली सदस्यता

इत्र की खुशबू और आध्यात्मिक सर्किट से महका उत्तर प्रदेश पर्यटन

पुरी में आईएटीओ सम्मेलन में उत्तर प्रदेश बना आकर्षण का केंद्र, विगत साढ़े 8 वर्षों में योगी सरकार ने पर्यटन को दिया नया आयाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/पुरी (ओडिशा)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। ओडिशा के पुरी में चल रहे भारतीय पर्यटन ऑपरेटर संघ (आईएटीओ) के 40वें वार्षिक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश चर्चा का मुख्य केंद्र रहा। 22 से 25 अगस्त तक आयोजित इस सम्मेलन का विषय ह्लरीजुवेनेट इनबाउंड @2030ह्व है और इसमें लगभग 1000 प्रतिनिधि (टूर ऑपरेटर, ट्रैवल मीडिया, होटल उद्योग और नीति निमार्ता) शामिल हुए हैं। सम्मेलन के पहले ही दिन उत्तर प्रदेश पर्यटन का स्टॉल सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बना, जहां कन्नौज की सैकड़ों साल पुरानी इत्र बनाने की परंपरा, काशी-अयोध्या-प्रयागराज का आध्यात्मिक त्रिकोण और दीपोत्सव व रंगोत्सव जैसे भव्य सांस्कृतिक आयोजनों की झलक प्रस्तुत की गई। विशेष रूप से कन्नौज के इत्र और परफ्यूम टूरिज्म ने प्रतिनिधियों का मन मोह लिया।

- कन्नौज के इत्र और अयोध्या के दीपोत्सव ने सम्मेलन में बटोरीं सुर्खियां
- 2030 तक यूपी को भारत का सबसे विविध पर्यटन गंतव्य बनाने का लक्ष्य

स्टॉल का उद्घाटन ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रावती परिदा ने किया। सम्मेलन में भाग लेते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आईएटीओ सम्मेलन हमारे लिए बड़ा अवसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे विविधतापूर्ण पर्यटन गंतव्य बनाया जा रहा है। कन्नौज का इत्र, दीपोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजन और धार्मिक धरोहर हमारे पर्यटन की खास पहचान हैं। हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक यहां आने वाला हर पर्यटक यूपी की संस्कृति और आध्यात्मिकता से गहरा जुड़ाव महसूस करे। पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल अपनी धरोहर और स्मारकों को दिखाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां नई पर्यटन सुविधाएं, निजी निवेश और नए अनुभवों पर भी तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि नदी पर्यटन, वेलनेस, एग्रो टूरिज्म और परफ्यूम टूरिज्म जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे प्रदेश आने वाले पर्यटकों को एक संपूर्ण अनुभव मिलेगा। सम्मेलन के पहले दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नेटवर्किंग सत्रों में रामायण सर्किट, वाराणसी के रिवरफ्रंट और दुधवा-बुंदेलखंड के इको-टूरिज्म पर विशेष चर्चा हुई। इन चचाओं ने यह साफ किया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन केवल धार्मिक धरोहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक और सतत पर्यटन मॉडल की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने बीते वर्षों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। काशी विश्वनाथ धाम का भव्य पुनर्निर्माण, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, प्रयागराज में कुंभ का सफल आयोजन, मथुरा-वृंदावन में विकास कार्य, नए हवाईअड्डों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स ने प्रदेश को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है। आज यूपी में आने वाला हर पर्यटक यहां की आस्था, संस्कृति और आधुनिकता का संगम देखता है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आईएटीओ सम्मेलन हमें उत्तर प्रदेश को भारत के सबसे बहुमुखी पर्यटन स्थल के रूप में प्रस्तुत करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

कन्नौज में इत्र पर्यटन से लेकर दीपोत्सव जैसे विश्वस्तरीय सांस्कृतिक उत्सवों तक, हम ऐसे अनुभव निर्मित कर रहे हैं जो विरासत को नवीनता के साथ जोड़ते हैं। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि वर्ष 2030 तक, उत्तर प्रदेश आने वाला प्रत्येक पर्यटक न केवल यादें, बल्कि हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से जुड़ाव की भावना भी लेकर जाए। अगले दो दिनों तक उत्तर प्रदेश पर्यटन सम्मेलन में अपने कार्यक्रम जारी रखेगा और निवेशकों व साझेदारों को प्रदेश में पर्यटन की नई संभावनाएं दिखाएगा।

दिवाली से हर वार्ड में लगेंगी 50 स्ट्रीट लाइटें, सिनेमा घरों में शो हुआ महंगा

दाखिल खारिज की दरें हुईं कम, नगर निगम फिर शुरू करेगा पार्किंग, मेयर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक में लिए गये कई अहम फैसले

लखनऊ। नगर निगम कार्यकारिणी ने नामांतरण(संपत्तियों का दाखिल खारिज) की शुल्क की दरों में कमी कर दी हैं हालांकि कार्यकारिणी ने सिर्फ पारिवारिक व रक्त संबंधी प्रकरणों में ही दरों को कम किया है। लेकिन उपविधि को लागू होने में अभी पांच महीने का समय लगेगा। जबकि नगर निगम कार्यकारिणी ने शहर में पार्किंग शुल्क की दरों में बढ़ोत्तरी कर दी है। शासन से जारी पार्किंग नियमावली को कार्यकारिणी ने मंजूरी दे दी है। सदन से पास होने के बाद नगर निगम फिर पार्किंग शुरू करेगा। शुक्रवार को महापौर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति ने इससे सम्बंधित प्रस्ताव को पास कर दिया है। 29 को सदन से पास होने के बाद इसे लागू किया जाएगा। हर वार्ड में 50 नई स्ट्रीट लाइट दिवाली से पहले लगाई जाएंगी, ताकि शहर और भी जगमग और सुरक्षित बने। इसके साथ ही अक्टूबर महीने तक लखनऊ की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। मल्टी स्क्रीन वाले सिनेमा घरों में प्रति स्क्रीन शो 300 रुपये और सिंगल स्क्रीन वाले सिनेमा घरों में प्रति शो 100 रुपये शुल्क लिया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष चरणजीत गांधी और कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा, भृगुनाथ शुक्ला, श्रीमती गौरी साँवरिया, कृष्ण नारायण सिंह, कु. सबा अहसन मंसूरी, अरुण कुमार राय, पिंकी रावत, राजेश सिंह, राम नरेश चौरसिया एवं संदीप शर्मा मौजूद रहे।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कार्यकारिणी में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया प्रदेशभर के नगरीय निकायों में नामांतरण शुल्क के नाम पर चल रही मनमानी वसूली पर शासन ने नगर निगम (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन) मानक उपविधि 2025 लागू की है। इसी के आधार पर लखनऊ नगर निगम ने संशोधित उपविधि तैयार की है। पहले वसीयत या फिर बंटवारे पर दाखिल खारिज कराने पर लोगों को पांच हजार रुपये शुल्क देना पड़ता था। अब 1000 वर्गफुट तक का मकान होने पर केवल एक हजार, 2000 वर्ग फुट तक 2000 रुपये, 3000 वर्ग फुट तक 3000 रुपये तथा 3000 वर्गफुट का मकान होने पर केवल 5000 रुपये ही दाखिल खारिज शुल्क चुकाना होगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया शासन से आदेश जारी होने के बाद अब नगर निगम ने उपविधि तैयार कर ली है। इसे सदन से पास होने के बाद शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद नागरिकों से आपत्ति व सुझाव मांगे जाएंगे। इसके बाद नियमावली को गजट कराने व सदन से मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा। इसमे निम्न व सामान्य वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं बैनामा के मामले में पूर्व की दरें ही लागू होंगी।

दाखिल खारिज में देरी पड़ेगी भारी, विलंब शुल्क वसूलेगा नगर निगम

नगर निगम में नामांतरण(संपत्तियों का दाखिल खारिज) में देरी होने पर विलंब शुल्क देना होगा। यह शुल्क नामांतरण के लिए आवेदन करने में हुई देरी के आधार पर लगाया जाएगा। प्रस्ताव के पास होने पर बैनामा कराने के तीन महीने तक नामांतरण न कराना महंगा पड़ सकता है। नगर निगम आवेदकों से करीब 200 रुपये प्रति माह के हिसाब से विलंब शुल्क वसूलेगा। शासन ने निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन मानक उपविधि, 2025 में विलंब शुल्क भी लिए जाने का प्राविधान किया है। इसी के चलते नगर निगम आवेदन में देरी करने पर विलंब शुल्क भी लगाने पर विचार करेगा।

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर सड़क का नामकरण

लखनऊ के निवासी और देश के गौरव अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर एक प्रमुख सड़क का नामकरण करने का प्रस्ताव पास किया गया। मेयर सुषमा खर्कवाल ने बताया अभी त्रिवेणीनगर वार्ड में शुभांशु के घर की सड़क का नाम अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल मार्ग किया गया है। इसके अलावा शहर की एक बड़ी सड़क व पार्क का नाम भी शुभांशु के नाम किया जाएगा। इससे शहर के बच्चों औश्र युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में प्रेरणा देगा और शुभांशु शुक्ला के योगदान को सम्मानित करेगा।

सिनेमा हॉल पर नया टैक्स

नगर निगम ने सिनेमा हॉलों पर शो टैक्स बढ़ाने का भी निर्णय लिया। अब मल्टीप्लेक्स में चलने वाली प्रत्येक स्क्रीन पर 300 रुपये प्रति शो और सिंगल स्क्रीन हॉल पर 100 रुपये प्रति शो टैक्स लिया जाएगा। यह प्रावधान नगर निगम की आय बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

जलकल की 04 फर्म के विरुद्ध होगी कार्रवाई

■ कार्यकारिणी ने जलकल विभाग की 04 फर्म के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई है। इसको लेकर अब जलकल विभाग जांच कर कार्रवाई करेगा। इनमें मेसर्स किसान मजदूर श्रम संविदा सहकारी समिति लि., मेसर्स के एम बी इलेक्ट्रिकल्स, मेसर्स प्रतीक्षा एसोसिएट, मेसर्स अभिषेक इन्टरप्राइजेज के कामों को लेकर आपत्ति दर्ज की गई। इसके साथ ही कठौता झील वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का पुनः टेंडर किया जाए एवं पुरानी फर्म का टेंडर समाप्त कर उसे ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि सीवर सफाई के लिए सुएज कंपनी के कार्यों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है, जिससे कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में सुएज के पेटी ठेकेदार को काम दिए जाने पर पार्षदों ने आपत्ति की। इस पर जलकल के अफसरों से सवाल जवाब भी किया गया। मेयर ने कहा आरोपों की जांच के लिए जीएम जलकल व अपर नगर आयुक्त की कमेटी बनाई गई है।

इन सड़कों व चौराहों का नामकरण

सरोजनीनगर वार्ड की कई सड़कों का नामकरण भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मार्ग के रूप में किया गया। हुसैनगंज चौराहे से मवैया तिराहा तक (स्टेशन रोड) को सीएमएस के संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी मार्ग के रूप में जाना जाएगा। गोमतीनगर मिठाई वाला चौराहा से स्टेशन रोड तक के मार्ग का नाम महामना मालवीय मार्ग किया जाएगा। विद्यावती द्वितीय वार्ड के चौराहे का नाम भगवान श्री बालाजी चौराहा रखा जाएगा। इसी क्षेत्र की ग्रीन बेल्ट का नाम मां तारा उपवन तथा भगवान श्री बालाजी उपवन होगा। चिनहट द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत विजयन्त खण्ड में मकान सं0-2/75 के सम्मुख स्थित पार्क का सुंदरीकरण होगा।

यहां स्थापित होंगी प्रतिमाएं

रायबरेली रोड स्थित डेण्टल हास्पिटल के समीप स्थित पार्क में सम्राट विक्रमादियत्य की प्रतिमा स्थापित होगी। सीतापुर रोड योजना सेक्टर सी में डॉ. वार्ष्णेय क्लीनिक के सामने स्थित पार्क में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, निराला नगर में बोगन बेलिया पार्क में दानवीर भामाशाह व अयोध्यादास प्रथम वार्ड के मंशाराम मंदिर परिसर में निषादराज गुह की प्रतिमा लगेगी। बाल्मीकि वाटिका प्रेरणा स्थल गोमती तट पर भगवान बाल्मीकि की मूर्ति स्थापित होगी।

दुबग्गा की रोड पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर

कन्हैया माधोपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत बसंत विहार कालोनी, लालाबाग, रमना, दुबग्गा मार्ग के नवीनीकरण एवं मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित किए जाने को लेकर एनओसी को मंजूरी दी गई।

हर जोन में रखे जायेंगे 2-2 उद्यान कर्मी

नगर निगम के उद्यान विभाग के तहत औद्योगिक कार्यों के लिए प्रत्येक जोन में 2 श्रमिक तैनात किए जाएंगे। मेयर ने बताया मार्ग की हरियाली व्यवस्था, स्वच्छ, मार्गों की सुंदरताा के लिए हरियाली बढ़ाने का काम होता है। जबकि अगले साल तक 20 माली रिटायर्ड हो रहे हैं।

पशुचिकित्सकों का मासिक पारिश्रमिक बढ़ा

कान्हा उपवन गौशाला में बने सिद्धार्थ चिकित्सालय में कार्यदायी संस्था के माध्यम से रखे गए 04 पशुचिकित्सकों के मासिक पारिश्रमिक को बढ़ा दिया गया है। कार्यकारिणी ने पारिश्रमिक को 40,000 रुपये से बढ़ाकर 56,000 रुपये कर दिया है।

पार्किंग में गाड़ी करना होगा महंगा

नगर निगमों में अब शहर में गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था को स्मार्ट बनाया जाएगा। इसके लिए फ्लेक्सी फेयर पार्किंग सिस्टम लागू करने के निर्देश हुए हैं। पार्किंग के लिए वाहन स्वामियों को अब पीक, नॉन पीक, वीकडेज, वीकेंड, क्षेत्र की सघनता और वाणिज्यिक क्रियाकलाप के हिसाब से अलग-अलग शुल्क देना होगा। अब 12 मीटर चौड़ी सड़क और गली पर भी पार्किंग की अनुमति मिल सकेगी। इसके साथ ही फ्लाईओवर के नीचे के स्थल को भी पार्किंग के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकेगा। चार पहिया वाहनों के लिए सार्वजनिक सड़कों और स्थलों पर रात में पार्किंग की अनुमति मिलेगी। साथ ही फास्टैग से पार्किंग का भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध होगी। नगर विकास विभाग से नगर निगम (पार्किंग मानकीकरण, अनुरक्षण एवं संचालन) नियमावली 2025 के जारी होने के बाद नगर निगम कार्यकारिणी ने इसे मंजूरी दे दी है। नगर निगम की भूमिगत पार्किंग को स्मार्ट बनाने के अतिरिक्त कई अन्य जगह पर पार्किंग को चिन्हित करके वहां पर शहरवासियों की गाड़ियों को लगवाया जाएगा। इसके बदले में शहरवासियों से अलग-अलग दरों से पैसा लिया जाएगा। निर्धारित स्थान से अतिरिक्त पार्किंग नहीं होगी। शहर में पार्किंग व्यवस्था लागू करने के लिए नगर आयुक्त की अध्यक्षता में पार्किंग प्रबंध समिति का गठन होगा। सचिव एलडीए समेत 12 अफसरों को सदस्य बनाया गया है। वहीं टेंडर प्रक्रिया के लिए अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनेगी। इसमे मुख्य अभियंता व अन्य होंगे। यह कमेटी सर्वे करके पार्किंग स्थल को चयनित करेगी। नगर निगम चाहे तो चार पहिया वाहनों के लिए सार्वजनिक सड़कों व स्थलों पर रात्रिकालीन पार्किंग की अनुमति मिलेगी। पार्कों के नीचे भी भूमिगत पार्किंग हो सकेगी।

इससे कम नहीं होगी दरें

समय	दो पहिया	चार पहिया
1 घंटा	7 रुपये	15 रुपये
2 घंटा	15 रुपये	30 रुपये
24 घंटे	57 रुपये	120 रुपये
मासिक पास	855 रुपये	1800 रुपये

पार्किंग कार्ड बनेगा फास्टैग से भुगतान : नई नियमावली में पार्किंग के लिए क्लोज सर्किट कैमरे के साथ ही स्वचलित टिकट डिस्पेंसर और हैंड हेल्ड मशीन लगाना अनिवार्य किया गया है। लोगों की पार्किंग के लिए स्मार्ट पार्किंग कार्ड से पार्किंग शुल्क वसूलने की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश हैं। फास्टैग के जरिए ऑनलाइन भुगतान भी लिया जा सकेगा। इसके लिए नगर निगम की ओर से राष्ट्रीय भुगतान निगम के साथ करार किया जा सकेगा। नियमावली के अनुसार एक घंटे के पार्किंग शुल्क के साथ दो घंटे और 24 घंटे के लिए न्यूनतम एकमुश्त दरें भी तय की गई है। इसमें 10 लाख से अधिक आबादी वाले नगर निगम क्षेत्र में दो पहिया के लिए दो घंटे का 15 रुपये और 24 घंटे का 57 रुपये तथा चार पहिया के लिए दो घंटे का 30 रुपये और 24 घंटे के लिए 120 रुपये शुल्क होगा। वहीं 10 लाख से कम आबादी वाले नगर निगम क्षेत्र में दो पहिया के लिए दो घंटे का 10 रुपये और 24 घंटे का 40 रुपये तथा चार पहिया के लिए दो घंटे का 20 रुपये और 24 घंटे के लिए 80 रुपये न्यूनतम शुल्क होगा।

यह प्रस्ताव भी हुए पास

- बिल्लियों को पालने के लिए अब 500 रुपये वार्षिक शुल्क का लाइसेंस लेना होगा।
- नगर निगम की भूमि से भारतेन्दु नाट्य अकादमी की नई शाखा स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।
- सरोजनीनगर क्षेत्र की बंजर भूमि पर छठ पूजा स्थल विकसित करने की अनुमति दी गई।
- विद्यावती वार्ड में स्थित ग्रीन बेल्ट को धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के अनुसार नाम दिए गए।
- जरहरा इन्दिरा नगर स्थित पशुचिकित्सालय में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेन्टर पर श्वानों के बन्ध्याकरण के लिए चयनित संस्था का लम्बित भुगतान को अनुमति प्रदान की गई।
- नगर निगम के कैटिल कैचिंग विभाग का नाम अब पशु कल्याण विभाग कर दिया गया।
- अकेन्द्रीयत सेवा की नियुक्ति/पदोन्नति चुनाव करने वाली समिति के सदस्य के रूप में अशोक सिंह. मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को सदस्य नामित किया गया।
- नगर निगम के स्कूलों में 1-1 स्मार्ट स्क्रीन लगाने का निर्णय लिया गया।
- फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड में ग्राम घैला में तीन तथा मध्य व कैंट विधानसभा में एक-एक सामुदायिक केंद्र बनेंगे।
- अहमामऊ में दिव्यांजन सशक्तीकरण निदेशालय के भवन निर्माण के लिए 1000 वर्गमीटर भूमि दी गई।
- जेहटा में 39 एमएलडी एसटीपी के लिए भूमि दी गई।
- कल्ली पश्चिम में महिला छात्रावास निर्माण के लिए भूमि

इन चौराहों के नाम बदले : जानकीपुरम विस्तार के चार चौराहों का नाम बदला गया है। भवानी बाजार चौराहे का नाम रामजानकी चौराहा प्रतीक चिन्ह धनुष बाण, भिठौली क्रासिंग को नारायण चौराहा प्रतीक चिन्ह चक्र, एलयू गेट पर हनुमान चौराहा गदा व चंद्रिका टावर के सामने शंख चौराहा होगा।

आवास विकास परिषद को फिर मिला सेवोत्तम सर्टिफिकेट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने एक बार फिर उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है। परिषद को भारतीय मानक ब्यूरो इक्र द्वारा क्र 15700:2018 सेवोत्तम प्रमाणपत्र का नवीनीकरण प्रदान किया गया है। यह प्रमाणपत्र ग्राहक सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठता का प्रतीक माना जाता है। परिषद को यह प्रतिष्ठित मान्यता लगातार पांचवीं बार प्राप्त हुई है, जिससे वह देश की एकमात्र ऐसी संस्था बन गई है, जिसने 2013 से अब तक यह मानक निरंतर बनाए रखा है।

सेवोत्तम प्रमाणपत्र के नवीनीकरण के लिए भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से 13 अगस्त से 22 अगस्त 2025 तक परिषद के विभिन्न कार्यालयों का चरणबद्ध ऑडिट किया गया। समापन बैठक 22 अगस्त को परिषद मुख्यालय में संपन्न हुई, जहां ऑडिट टीम ने नवीनीकरण की संस्तुति की। तीन प्रमुख घटकों पर सेवोत्तम व्यवस्था टिकी होती है। यह प्रमाणपत्र आईएसओ 9001 मानक पर आधारित है तथा तीन प्रमुख घटकों को ध्यान में रखते हुए दिया जाता है। गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, नागरिक चार्टर एवं शिकायत निवारण व्यवस्था व सार्वजनिक सेवा डिलीवरी के लिए क्षमता निर्माण। प्रमाणपत्र की वैधता तीन वर्षों की होती है, लेकिन हर वर्ष भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा सघन सर्विलांस ऑडिट किया जाता है। परिषद ने हर बार इन सभी मानकों पर खरा उतरते हुए यह प्रमाणपत्र लगातार प्राप्त किया है। परिषद के अधिकारियों का कहना है कि यह उपलब्धि उनकी टीम की निरंतर मेहनत, पारदर्शिता और नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। परिषद अब और भी बेहतर ग्राहक सेवा देने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

गली मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में डेंगू व वेक्टर बोर्न डिजिजेस (संक्रामक बीमारियों) से बचाव के लिए बैठक हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारीगणों को निर्देश देते हुए कहा कि डेंगू, मलेरिया एवं वायरल फीवर आदि जनहित रोगों के रोकथाम के लिए नगर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर अपर निदेशक स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि गली मोहल्ले में नियमित रूप से फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराते रहे। फ्रिज, कूलर, टायर व गमलों आदि विभिन्न स्थानों पर पानी

एकत्रित व जमा रहने के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ता है। उन्होंने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग (मलेरिया) की संयुक्त टीम बनाकर नियमित्र रूप से गली-मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाते रहे।

नाले-नालो की सफाई के दौरान ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव अवश्य करें। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वाटर लॉगिग वाले एरिया में ड्रैनेज को चिन्हित करके तत्काल साफ-सफाई कराये। उन्होंने कहा कि जलभराव एरिया में युद्ध स्तर पर नाले-नालियों की साफ-सफाई करते हुए फागिंग/एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाए। घर-घर जाकर पम्पलेट बाटने के साथ ही लाउडस्पीकर से अलॉसमेन्ट करते हुए लोगो को जागरूक कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। जागरूकता अभियान में आशा और ऐनम की सहभागिता भी सुनिश्चित कराते रहे। मंडलायुक्त ने डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि चिकित्सालय परिसर एवं उसके आस-पास आवासीय भवनों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न होने दें साथ ही चिकित्सालयों में 10 बेड का मच्छरदानी युक्त आइसोलेन वार्ड डेंगू रोगियों के लिए आरक्षित रखें एवं वार्ड के दरवाजों एवं खिड़कियों में जाली लगवाने की व्यवस्था भी की जाय। चिकित्सालय में स्थापित फीवर हेल्प डेस्क पर उपलब्ध कर्मी को निर्देशित किया जाये कि वह बुखार से पीड़ित रोगियों को सहायता उपलब्ध कराते हुए रोगी और उसके तीमारदारों को बचाव एवं नियंत्रण के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

संचारी रोगों पर रोकथाम के लिए नगर निगम का अभियान जारी

लखनऊ। बरसात के मौसम में फैलने वाले डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए नगर निगम की ओर से विभिन्न वार्डों में वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था और जल निकासी तंत्र का गहन निरीक्षण किया। इस मौके पर अधिकारियों ने नालियों की सफाई, सीवर लाइन की स्थिति, कूड़ा उठान की नियमितता और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही गली-मोहल्लों और पार्कों में फैली गंदगी तथा जलभराव की समस्याओं को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। सुबह से शुरू हुए इस निरीक्षण में गली-कूचों, बाजार क्षेत्रों और आवासीय इलाकों में विशेष रूप से नालियों और सीवर लाइन की सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया। जहां-जहां जलभराव और कूड़े के ढेर पाए गए, वहां तत्काल सफाई कर्मियों को लगाकर कार्यवाही की गई। नगर निगम का यह विशेष अभियान 30 अगस्त तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत शहर के सभी 110 वार्डों में रोज अलग-अलग अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में भेजा जा रहा है।

स्थापना दिवस से पहले मनाया गर्वोत्सव व्यापारी रत्न सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने अपने 21वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी के व्यापारियों के साथ जे सी गेस्ट हाउस निराला नगर में गर्वोत्सव एवं व्यापारी रत्न सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में व्यापारियों की सेवा एवं सहायता करने वाले तथा संगठन में उत्कृष्ट कार्य करते हुए मुख्य भूमिका निभाने वाले 55 पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारी रत्न सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान 21 वर्ष पूरे होने पर 21 किलो लड्डू का केक संगठन पदाधिकारियों ने काटा। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी पदाधिकारियो एवं व्यापारियों को संगठन के गौरवपूर्ण 21 वर्ष पूरे होने एवं स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा इन 21 वर्षों में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने मूल्यों और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। इस बात का हमें गर्व है। उन्होंने कहा आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारियों की हर छोटी बड़ी समस्या की जानकारी पाकर उसके समाधान के लिए हर स्तर पर लगातार संघर्ष किया और समाधान कराया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश के व्यापारियों की आस्था एवं विश्वास का केन्द्र बन गया है। संजय गुप्ता ने कहा संगठन के पदाधिकारियों के लिए आदर्श शब्द मात्र शब्द नहीं है, आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की जीवन शैली है जो इस संगठन को गौरवान्वित करने वाली और उसकी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा व्यापारियों की हर समस्या का निदान करने की उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की नैतिक जिम्मेदारी है और जब हम बड़े होते हैं तो हमारी जिम्मेदारी और बड़ी हो जाती है। बीते एक वर्ष में पूरे प्रदेश से 20000 नए व्यापारियों को संगठन के सदस्य के रूप में जोड़ने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी तथा इस वर्ष प्रदेश में 50000 नए व्यापारियों को सदस्य के रूप में जोड़ने का लक्ष्य दिया।

डॉ. एमएमए फरीदी को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट एवार्ड

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने प्रदेश सरकार नवजात शिशुओं की मृत्युदर में कमी लाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं, डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की कड़ी मेहनत से शिशु मृत्युदर में कमी आई है। इसे और कम किए जाने की जरूरत है। वह भारतीय बाल अकादमी (आईएपी) के नियोनेटोलॉजी स्पेशिलिटी (नियोकॉन) चैप्टर के 16 वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर डिप्टी सीएम ने एराज मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के डीन डॉ. एमएमए फरीदी को लाइफ टाइम अचीवमेंट से नवाजा गया। देश में हर साल एक डॉक्टर को यह अवार्ड दिया जाता है। सेन्ट्रम होटल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में शनिवार को डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में शिशुओं के इलाज की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इस कड़ी में अस्पतालों में सिक न्यूबार्न केयर यूनिट, एनआईसीयू जैसे वार्ड बनाए जा रहे हैं। ताकि गंभीर अवस्था में आने वाले शिशुओं को बेहतर इलाज मिल सके। यही नहीं गर्भवती महिलाएं स्वस्थ्य शिशु को जन्म दे सकें इसके लिए प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर से करार हुआ है। इनमें गर्भवती महिलाओं की डॉक्टर की सलाह पर मुफ्त जांच की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

लोहिया संस्थान में रिश्तेदार बताने पर नही मिलेगा टोकन

लखनऊ। लोहिया संस्थान में अब संविदा कर्मचारी अपने परिचित मरीजों को डॉक्टर की सलाह के लिए ओपीडी टोकन नहीं दिला सकेंगे। इस पर पाबंदी लगा दी है। संविदा कर्मचारी अपने माता-पिता, पति-पत्नी, भाई-बहन व बच्चों के लिए ही ओपीडी टोकन जारी करा सकेंगे। 22 अगस्त को जारी पत्र में कहा है कि संविदा कर्मचारी गलत ढंग व मनमाने तरीके से टोकन ले रहे हैं। इससे अव्यवस्था फैल रही है। इस पर रोक लगाई जाती है। सिर्फ संविदा कर्मचारी के परिवारीजनों के लिए ही टोकन जारी किया जाएगा। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद सिंह ने स्टाफ काउंटर से ओपीडी टोकन लेने के नियमों में सख्ती बरतने का फैसला किया है। इससे इतर किसी को भी स्टाफ काउंटर से ओपीडी टोकन जारी नहीं किया जाएगा। अधीक्षक के आदेश से संविदा कर्मचारियों में खासी नाराजगी है। संविदा कर्मचारियों का कहना है कि ओपीडी टोकन जारी करने से पहले रजिस्टर पर जरूरी जानकारी दर्ज कराई जाती हैं। इसमें टोकन लेने वाले संविदा कर्मचारी का नाम, पता, पद, मोबाइल नम्बर आदि शामिल है। तीन चार टोकन एक दिन में जारी होने पर संविदा कर्मचारी को जवाब भी देना पड़ता है। इसके अलावा सभी काउंटर से लेकर दूसरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इतनी निगरानी के बावजूद संविदा कर्मचारियों की निष्ठा पर शक किया जा रहा है। जबकि अधिकारियों प्रतिदिन काफी टोकन निकलवाते हैं। जिस पर कोई रोक टोक नहीं है।

अयोध्या के लिए चलेगी राम रथ बस

लखनऊ। सिटी बस हो या साधारण सभी बसों पर राम रथ लिखा जायेगा। जिससे यात्री आसानी से पहचान सके कि यह बस अयोध्या जा रही है या धार्मिक जगहों पर जा रही है। लखनऊ परिवहन निगम के क्षेत्रिय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि ऐसी बसे ज्यादातर जिलो में चलेगी। इसके लिए नई बस भी ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगी। उन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली सहित अन्य जिलो में ट्रायल के तौर पर चलायी जा रही है। ट्रायल में मांग के अनुसार गाड़ियो की संख्या बढ़ायी जायेगी।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

रोडवेज बस ने बाइक में मारी टक्कर, युवती की मौत

बाइक सवार भाभी-भाई गंभीर रूप से घायल, चालक बस छोड़कर मौके से फरार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर गोसाईंगंज इलाके में कोडरा गांव के पास तेज रफ़्तार रोडवेज बस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा सीएचसी गोसाईंगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बहन को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक सवार भाई और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें इलाजके लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां भाई की हालत नाजुक बनी हुई है।

इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक नगराम थाना क्षेत्र के करसडा गांव निवासी हंसराज मजदूरी करके जीवन यापन करता है। शनिवार की सुबह अपनी बहन ज्योति के साथ अपनी पत्नी कामनी की दवा लेने गोसाईगंज आया था। जहां से वो दवा लेने के बाद एक ही बाइक पर सवार होकर तीनों वापस घर जा रहे थे। तभी लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर कोडरा गांव के पास तेज रफ़्तार रोडवेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने ज्योति(28) को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके भाई और भाभी को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया। वही बस चालक बस को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक की भाभी गर्भवती है, जिसके अस्पताल में दिखाने ने लिए पहले भाभी के पास पहुंची फिर भाई के साथ दोनों अस्पताल आई थी। वापसी के दौरान हादसा हो गया। मृतक के परिवार में पति अतुल मजदूरी करता है एक बेटी लक्ष्मी (14) और सात वर्षीय बेटा यश है।

वैन ने स्कूटी सवार मां-बेटे को मारी टक्कर

- दोनों जख्मी, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में एक तेज रफ्तार वैन की टक्कर से स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और उसपर सवार मां-बेटे गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित मानसनगर निवासी शशि प्रताप सिंह के अनुसार बीते 21 अगस्त को वह कृष्णानगर थाना क्षेत्र स्थित बल्दीखेड़ा से गुजर रहा था।

आरोप है कि उस दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही वैन यूपी32टीएन-6171 के चालक ने उनकी स्कूटी यूपी32डीएफ-2311 में टक्कर मार फरार हो गया। वहीं पीड़ित का कहना था कि उक्त वैन की टक्कर से उसकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई वह और उसकी मां स्कूटी से गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गई। जिसके बाद उसने राहगीरों की मदद से नजदीकी निजी अस्पताल में अपना और अपनी मां का इलाज कराने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में आरोपित वैन चालक के खिलाफ गाड़ी नंबर के आधार पर लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अधेड़ का कमरे में फंदे से लटकता मिला

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र के गंगा विहार कॉलोनी में 54 वर्षीय एक अधेड़ का शव मिला। उसका शव कमरे में लटक रहा था। शव मिलने की सूचना होते ही इलाके में हड़कम्प मच गया। मामले की जानकारी तब हुई जब कमरे से बंदबू फैली। फिलहाल सूचना पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि शनिवार को डायल-112 के जरिए सूचना मिली कि चिनहट क्षेत्र स्थित गंगा विहार कॉलोनी में एक बंद मकान से बदबू आ रही है। इस सूचना पर इंस्पेक्टर चिनहट दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन कर स्थानीय लोगों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़वाकर देखा तो एक अधेड़ का शव फंदे से लटक रहा था और काफी बदबू आ रही थी। इंस्पेक्टर के मुताबिक मामले की छानबीन के बाद मृतक की पहचान पीएस भारती के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे उनके भाई अनुराग ने पुलिस को बताया कि पीएस भारती उनके भाई हैं और वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे, जिसके चलते वह डिप्रेशन में रहते थे। भाई अनुराग ने बताया कि पीएस भारती की पत्नी रूपम वाचिल नागालैंड यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत हैं और उनके पति पीएस भारती यहां अकेले रहते थे। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी और इसकी सूचना मृतक की पत्नी रूपम वाचिल को दे दी गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

पैसे के लेन-देन को लेकर असलहे से कार पर झोंका फायर

- कार का शीशा तोड पीड़ित के कनपटी से छूते निकली गोली
- जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग बस अड्डे के निकट शुक्रवार देर रात्रि होटल व्यवसाई पार्टनरों ने पैसे के लेन-देन के विवाद में असलहे से कार पर फायरिंग कर दी। वहीं इस फायरिंग के दौरान कार का शीशा तोड़कर एक गोली कार में बैठे युवक के कनपटी को छूते हुए निकल गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कंट्रोल नंबर की सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने चोटिल युवक को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल भेजा। जहां उपचार कराने के बाद पीड़ित युवक की नामजद शिकायत पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि मूल रूप से कुंडेसर थाना मुहम्दाबाद गाजीपुर के रहने वाले प्रशांत राय पुत्र प्रमोद राय के अनुसार वह रात्रि करीब 1:45 बजे अपने मित्र यथार्थ सिंह के होटल से अपने साथी विशाल यादव पुत्र रामाश्रय सिंह निवासी मदारपुर थाना जंगीपुर के साथ आलमबाग बस अड्डे कार से जा रहे थे। तभी स्विफ्ट कार पर सवार पांच व्यक्तियों संग उत्कर्ष सिंह पुत्र कृष्ण कुमार सिंह निवासी बक्सुपुर थाना कोतवाली गाजीपुर, गाजीपुर व संदीप यादव बसनिया थाना भाँवरकोल गाजीपुर, कृष्णा यादव निवासी सुन्नुलाल चौराहा थाना कोतवाली गाजीपुर ने अपने- अपने असलहों से ताबडतोड़ उनकी कार पर फायरिंग करने लगे। जिसमें से एक गोली कार का शीशा तोड़ते हुए पीड़ित के कनपटी को छूती हुई निकल गयी। पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचा वहां से जान बचाकर भागा। जिसके बाद उसने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी। उसने अपने साथी की मदद से एक निजी अस्पताल पहुंचा और अपना उपचार कराया। पुलिस के अनुसार आरोपित हमलावर तीन होटलों में पार्टनर रहे। जिसमें पैसों के लेन-देन को लेकर इन लोगों में आपसी विवाद हो गया। जिसे लेकर रंजिश चल रही थी। पीड़ित की शिकायत पर आरोपित हमलावरों के खिलाफ प्राणघाती हमले की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपित हमलावरों की तलाश की जा रही है।

एसटीएफ ने एक लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया

वर्ष 2011 व 2024 में सिर काट कर की थी हत्या

- आजमगढ़ में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे थे अपराधी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी के आजमगढ़ में वर्ष 2024 में लूट के दौरान एक शख्स का सिर काट लेने वाले कुख्यात अपराधी शंकर कनौजिया को एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। वह घटना के बाद से एक लाख का इनाम घोषित था।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एसटीएफ की वाराणसी इकाई को जानकारी हुई कि शंकर कन्नौजिया पुत्र लालचंद कन्नौजिया निवासी हाजीपुर, थाना रौनापार, आजमगढ, जो वर्ष 2011 में मऊ के थाना दोहरीघाट क्षेत्र में विन्ध्यांचल पांडेय एवं वर्ष 2024 में आजमगढ के थाना जीयनपुर क्षेत्र में शैलेन्द्र सिंह के साथ लूट के दौरान जघन्य तरीके से सिर काट कर हत्या कर दिया था। इसके ऊपर जनपद आजमगढ से एक लाख का पुरस्कार घोषित किया गया है। वह शंकर

कन्नौजिया सिंहपुर के रास्ते चक्रपानपुर होते हुये आजमगढ शहर में किसी बडी वारदात को अंजाम देने के लिये अपने साथी के साथ भारी आर्म्स पॉवर के साथ जाने वाला है। सटीक जानकारी होते ही एसटीएफ टीम ने थाना जहानागंज क्षेत्रान्तर्गत नरेहथा पुलिया के पास घेराबंदी की कि तभी बाइक सवार दो लोग आते दिखायी दिये। जिन्हे रोकने के दौरान फायरिंग शुरू हो गयी। इसी दौरान गोली लगने से शंकर घायल हो गया जबकि उसका साथी भाग खड़ा हुआ। पुलिस टीम घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले गयी। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदमाश की पहचान शंकर कन्नौजिया के रूप में हुई। मौके से एक कारबाइन (09 एमएम) मय 01 अदद मैगजीन, एक देशी पिस्टल 09 एमएम मय एक मैगजीन, एक खुखरी (धारदार हथियार), आठ जिन्दा कारतूस 09 एमएम और चार खोखा कारतूस 09 एमएम बरामद हुआ। वर्ष 2011 में शंकर कन्नौजिया ने अपने साथी अनिरूद्ध सोनकर व अरविन्द कुमार यादव के साथ मिलकर विन्ध्याचल पाण्डेय का सिर काट कर हत्या की थी। इसके अलावा एक जुलाई 2024 को शंकर कन्नौजिया ने पिकप ड्राइवर शैलेन्द्र सिंह अपने दो साथियों के साथ मिलकर सिर काट कर हत्या की थी। शव के धड़ को मकान के पीछे हाते में गड्ढा करके नमक डालकर गाड़ दिया तथा सर को शंकर कन्नौजिया बाइक से अपने साथ लेकर दूसरी जगह फेंक दिया। वांछित शंकर कन्नौजिया पर 13 सितंबर 2024 को एडीजी वाराणसी जोन, वाराणसी ने एक लाख का इनाम घोषित किया था।

यूरिया की किल्लत से किसान परेशान

लखनऊ। माल में यूरिया की किल्लत से किसानों में कोहराम मचा हुआ है। जिसके चलते बीते तीन दिनों से कृषि विभाग के अधिकारी क्षेत्र बी-पैक्स और निजी खाद विक्रेताओं पर निगरानी रख रहे हैं।

शनिवार को लखनऊ मंडल के संयुक्त निदेशक कृषि ने जिला कृषिरक्षा अधिकारी ने टीम के साथ निरीक्षण किया। सरकारी आंकड़ों में बताया जाता है कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है और विकास खंड माल में एक दो सहकारी समितियों के अलावा सभी समितियों में यूरिया का टोटा है। यही कारण है कि किसनों को समितियों और निजी खाद विक्रेताओं के चक्कर काटना पड़ा रहा है। लखनऊ मंडल के संयुक्त निदेशक कृषि अजय कृष्ण ने जिला कृषि रक्षा अधिकारी महेश चंद्र ने शुक्रवार को नवी टांडा एवं आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र बक्खा खेड़ा नवीपनाह में यूरिया उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं आवश्यक व्यवस्था संबंधी निरीक्षण किया। दोनों वितरण केंद्रों पर उर्वरक का स्टॉक सही पाया गया। संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित किसानों से संवाद भी किया गया। साथ ही आश्वस्त किया कि प्रत्येक किसान को निर्धारित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। वर्तमान में जनपद लखनऊ समेत मंडल में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है। अधिकारियों ने किसानों से अनुरोध किया कि शांति व्यवस्था बनाए रखें। टोकन के आधार पर सभी किसान भाईयों को खाद उपलब्ध करा दी जाएगी।

शादी से मना करने पर युवक ने भेजा धमकी भरा मैसेज

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाली युवती ने एक युवक पर शादी से इंकार करने पर उसे फोन पर मैसेज भेज जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित न्यूइन्द्रपुरी भोलाखेड़ा निवासी रोहिनी अवस्थी के अनुसार एक वर्ष पूर्व उसका विवाह ग्राम ठाकुरपुर बाराबंकी के रहने वाले युवक रविशंकर त्रिवेदी से तय हुआ था। उसने आपसी मतभेद के कारण शादी करने से इंकार कर दिया था। आरोप है कि उसके बावजूद भी रविशंकर उसे पिछले एक साल से लगातार फोन काल मैसेज करने के साथ जान से मारने की घमकी दे रहा है। वहीं पीड़ित युवती का कहना था कि आरोपित के इन हरकतों की जानकारी उसने उसके परिवार के लोगों को देते हुए छह माह पूर्व कृष्णा नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी।

मकान के बंटवारे को लेकर दो सगी बहनों के बीच हुई मारपीट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित बीती रात दरोगा खेड़ा चंद्रशेखर आजाद नगर कॉलोनी में एक मकान के बंटवारे को लेकर दो सगी बहनों के बीच जमकर विवाद हुआ। उनके बीच गाली-गलौज के साथ मारपीट हो गई। जिसमें छोटी बहन ने अपने साथ के करीब चार-पांच युवकों को बुलाकर घर के अंदर घुसकर मां और बड़ी बहन से गाली गलौज कर मारपीट करने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को पकड़कर थाने ले आयी। जहां किसान यूनियन के पदाधिकारी थाने पर पहुंचकर हंगामा किया।

बताया जा रहा है कि मारपीट की सूचना पर छोटी बहन ने 112 पर दी, सूचना पाते ही मौके पर 112 पीआरबी घटना स्थल पर पहुंची और विवाद कर रहे दोनों पक्षों को बहुत समझाया बुझाया, परन्तु शांत न होने पर पीआरवी पुलिस ने मजबूर होकर स्थानीय थाना सरोजनीनगर पुलिस को तत्काल सूचना देकर अवगत कराया। सूचना पाते ही स्कूटर इंडिया चौकी प्रभारी अपने पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पर दोनों परिजन आपस में लड़ झगड़ रहे थे। जब दोनों पक्षों समझाने पर नहीं माने तो दोनों पक्षों को चलने को कहा, तभी दो अज्ञात लड़के मौके से भाग खड़े हुए। बाकी अन्य को पुलिस ने अपने हिरासत में लेकर थाने लें आई। कानूनी कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। उसी समय छोटी बहन द्वारा बुलाए गए युवकों में से किसान यूनियन का कार्यकर्ता था, जिसने किसान यूनियन के नेताओं को सूचना दी कि हमारे किसान यूनियन के कार्यकताओं को सरोजनी नगर पुलिस ने थाने में बंद कर दिया है। जिसकी सूचना मिलते ही रात में ही सरोजनी नगर थाने में आकर हंगामा काटना शुरू कर दिया और कार्यकर्ताओं को छोड़ने का दबाव बनाने को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

शीशे का बंडल गिरने से चालक लहूलुहान

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके स्थित खजाना मार्केट निकट एक निमार्णाधीन मॉल में शनिवार को शीशे की सप्लाई देने पहुंचे चालक पर शीशा उतारते समय शीशे का बंडल गिर पड़ा। जिससे कांच के टुकड़े चालक के अंगों और चेहरे पर जा धंसे और चालक खून लथपथ हो गया। जिसे वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दे घायलावस्था में इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रिफर कर दिया है। जहां उसका अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूलरूप से तेजापुर जनपद बाराबंकी का रहने वाला 27 वर्षीय राम सिंह पुत्र रामफेर छोटा हाथी चालक है। शनिवार दोपहर वह प्रयागराज से पांच टन शीशा डीसीएम पर लाद आशियाना क्षेत्र के खजाना मार्केट निकट एक निमार्णाधीन मॉल पर देने के लिए पहुंचा था। वहीं डीसीएम से कांच उतारते समय कांच का पूरा बंडल उसके ऊपर ही गिर पड़ा।

ज्वैलरी कारोबारी का लॉकर तोड़कर चोरी

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक ज्वैलर्स कारोबारी के घर में घुस चोरों ने अलमारी का लाकर तोड कीमती जेवरात सहित हजारों की नकदी पार कर दिया। वहीं परिचित आरोपित की करतूतें पीड़ित के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर-ई डी-1 में रहने वाली प्रतिभा अवस्थी पत्नी आकाश अवस्थी के अनुसार उनकी पराग डेरी रोड पर एक ज्वैलर्स की दुकान संचालित है।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.-1232545471, उत्तीर्ण वर्ष 2022-23 वास्तव में कहीं खो गया है। शनी शर्मा पुत्र शैलेन्द्र कुमार निवासी-खजुरी, तहसील सदर, थाना कोतवाली देहात, जनपद-मीरजापुर

वेतन न मिलने से नाराज पेट्रोल पम्प कर्मचारियों ने किया हंगामा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना में शारदानगर योजना रतनखंड में संचालित भारत पेट्रोलियम सरकारी पेट्रोल पंप पर वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने जमकर हंगामा काटा। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले दो माह से वेतन नही मिल रहा है, जिससे सभी कर्मचारी भुखमरी के कगार पर है। वहीं कर्मचारियों ने बताया कि वेतन मांगने पर मैनेजर नौकरी से निकाल देने की धमकी देते है। जिसके चलते उन लोगों ने शनिवार सुबह अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कार्य ठप्प करने के साथ विरोध जता स्थानीय आशियाना थाने पर पहुंचे। जहां पुलिस से संयुक्त रूप में सभी पंप कर्मचारियों ने पंप मैनेजर और पेट्रोल पंप मालिक के खिलाफ लिखित शिकायत की है। आरोप है कि कार्य ठप्प होने पर मैनेजर दूसरे स्टेशन से कर्मचारी बुलाकर उक्त पंप पर कार्य करवा रहा है, उन्हें नौकरी से निकाल देने की धमकी दे रहा है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पेट्रोल पंप कर्मियों की शिकायत पर मामले में जांच की जा रही है कि आखिर कंपनी द्वारा कार्य कराने के बावजूद वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा है जांच बाद विधिक कार्रवाई किया जाएगा।

मॉल के बाहर खड़ी बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में संचालित एमराल्ड माल के बाहर खड़ी युवक की बाइक चोरों ने बीते एक सप्ताह पूर्व पार कर दिया। वहीं आलमबाग पुलिस ने पीड़ित की ऑनलाइन शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि आशियाना थाना इलाके स्थित रूचिखंड शारदा नगर निवासी अंशु मौर्या पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि वह बीते 14 अगस्त को की दोपहर एमराल्ड माल निजी काम से गया था। उस दौरान उसने अपनी बाइक यूपी32एनए-7420 माल के बाहर खड़ी कर माल के भीतर चला गया और कुछ देर बाद वापस लौटने पर उसकी बाइक अपने स्थान पर मौजूद नहीं थी। जिसकी खोजबीन करने के बाद उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत करने के साथ ऑनलाइन लिखित शिकायत की थी। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, महोली, सीतापुर

पत्रांकः बी.आर.सी./विज्ञप्ति प्रकाशन/515-18/2025-26 दिनांक : 21/08/2015

द्वितीय नीलामी विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषदीय प्रा./ उच्च प्रा./कम्पो. विद्यालयों, विकास खण्ड महोली के जर्जर भवन/कक्षों की नीलामी की जानी है। अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांकः बी.आर.सी./विज्ञप्ति प्रकाशन/367-70/2025-26 दिनांक 24.07.2025 के द्वारा दिनांक 31.07.2025 को नीलामी की प्रक्रिया की जा चुकी है उक्त नीलामी प्रक्रिया में अवशेष जर्जर भवन/ कक्षों की नीलामी प्रक्रिया पुनः की जानी है। अतः नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर निर्धारित स्थल (ब्लाक संसाधन केन्द्र महोली सभागार) पर उपस्थित होकर समिति द्वारा निर्धारित धरोहर धनराशि जमा करने के पश्चात ही नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है। जर्जर भवन/कक्षों की नीलामी/ वस्तीकरण वाले विद्यालयों की सरकारी बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारम्भ होगी। नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि का 25 प्रतिशत उक्त दिवस में सम्बन्धित विद्यालय के एस.एम.सी. खाते में जमा करनी होगी एवं शेष धनराशि को 03 कार्य दिवस में जमा करके मलबा स्वयं के खर्चे पर एक सप्ताह के अन्दर हटाकर समतल कराना होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की समस्त जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी वाले भवन का स्थलीय निरीक्षण नीलामी तिथि से पूर्व अवश्य कर लें। जर्जर भवन बाले विद्यालयों का विवरण निम्न्वत है।

क्र. सं.	विकास खण्ड का नाम	विद्यालय का नाम	य-डायस कोड	न्यूनतम मूल्याकिंत धनराशि (रू.)	नीलामी तिथि	समय	नीलामी
1	महोली	प्रा.वि. मस्जिद	09241102301	20000.00	29.08.2025	11. 00 AM	BRC सभागार
2	महोली	प्रा.वि. गंगागंज भूड़	09241107501	34000.00	29.08.2025	11.00 AM	BRC सभागार
3	महोली	प्रा.वि. चतुरैया	09241106501	24000.00	29.08.2025	11. 00 AM	BRC सभागार
4	महोली	प्रा.वि. गंगापुर	09241105004	59000.00	29.08.2025	11.00 AM	BRC सभागार
5	महोली	प्रा.वि. पिपरझला	09241108301	27000.00	29.08.2025	11.00 AM	BRC सभागार
6	महोली	कम्पो.वि. सेमरावाँ	09241105102	57000.00	29.08.2025	11.00 AM	BRC सभागार
7	महोली	प्रा.वि. भेलावा	09241106401	73000.00	29.08.2025	11.00 AM	BRC सभागार
8	महोली	प्रा.वि. हाजीपुर	09241102602	50000.00	29.08.2025	11.00 AM	BRC सभागार

(वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
वि.क्षे. महोली, सीतापुर

गणेश उत्सव : बप्पा के स्वागत के लिए इको फ्रेंडली मूर्तियों की मांग ज्यादा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गणेशोत्सव को लेकर राजधानी लखनऊ में बप्पा की मनमोहक मूर्तियों से बाजार पूरी तरह से सजने लगे हैं। जगह-जगह छोटी-बड़ी दुकानें लगाई गयी हैं, जहां तरह-तरह के गणेश जी की मूर्तियां बिकने के लिए आयी हैं। शहर में कई जगह अस्थाई दुकानें सज गई हैं।

गणपति बप्पा की मूर्ति के लिए मूर्ति विक्रेताओं एवं निमार्ताओं को आर्डर भी मिल रहे हैं। इस बार गणेश उत्सव 27 अगस्त से शुरू हो रहा है, जिसको लेकर बाजारों में भी अभी से खरीदारी के लिए खासी भीड़ उमड़ रही है। मूर्तिकार और कारीगर गणेश प्रतिमा को बनाने के काम में जुट गए हैं। छोटी मूर्तियों की सजावट का काम भी जोर शोर से चल रहा है। इस बार महंगाई का असर भगवान गणेश की मूर्तियों पर भी देखने को मिलेगा। मूर्तिकारों ने बताया कि लगभग 20 से 25 फीसदी तक मूर्तियां महंगी हो जाएगी। मूर्तिकार अलग अलग डिजाइन और पैटर्न में गणेश प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। बाजार में 8 इंच से लेकर 14 फीट तक की गणेश प्रतिमाएं बाजार में देखने को मिलेंगी।

गणपति पूजा पर दिखेगा महंगाई का असर: इस बार गणपति पूजा पर महंगाई का असर दिखेगा। मूर्ति बना रहे कारीगर अमरीश ने कहा है कि हर साल की तरह इस साल भी भगवान गणेश जी की मूर्ति को बनाने का काम 2 महीने पहले शुरू किया गया था। गणेश की छोटी मूर्तियों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। अब बड़ी मूर्तियों के सजावट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस साल मूर्तियों को बनाने में लगने वाले कच्चे सामान जैसे मिट्टी, लकड़ी, बांस, और पैरा के दाम बढ़ने के कारण मूर्ति के भी दाम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, साथ ही इस बार कोरोना का असर कम होने के कारण बाजार में लगभग 14 फीट तक की गणेश प्रतिमाएं देखने को मिलेंगी। दुकानदार राजू ने बताया कि इस बार मूर्तियों की कीमत लगभग 15.20 प्रतिशत बढ़ गयी है, जिसकी सीधी वजह है अखबार का महंगा होना। जो अखबार पिछले साल तक 10 रुपये किलो मिलता था, इस बार वही अखबार की कीमत 30 रुपये किलो तक पहुँच गयी है। बड़ी मूर्तियों को बनाने के लिए काफी अखबार की जरूरत पड़ती है। इसलिए जो मूर्ति पिछले साल तक 2000 की मिलती थी वो अब 2500 तक की हो गयी है।

शुभ हैं ये अवतार: इन्द्रेश ने बताया कि वह मूर्तिकार हैं, हमेशा से ही मूर्तियां तैयार कर रहे हैं, लेकिन लखनऊ के लोगों की ओर से इस तरह का खास आदेश पहली बार आया है जब लोगों ने कहा कि उन्हें गजानन की मूर्ति डमरू, शिवलिंग, मोर और सिंहासन के साथ ही गाय के साथ चाहिए। इसी के साथ ही उनका मूषक भी लोगों को चाहिए था इसीलिए लोगों के आदेश के अनुसार मूर्तियां तैयार कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि गणेश भगवान को गाय, डमरू और मोर के साथ ही सिंहासन या शिवलिंग के साथ रखना घर में शुभ माना जाता है।

जगन्नाथपुरी मंदिर में इस बार विराजेंगे पेपर मिल के बप्पा: पेपर मिल कॉलोनी, निशातगंज में आयोजित गणेश उत्सव में इस बार भक्तों को जगन्ननाथपुरी मंडप के भव्य दर्शन होंगे। इसी जगन्नाथपुरी मंदिर के आकार में सजे भव्य पंडाल में पेपर मिल के बप्पा भक्तों को दर्शन देंगे। यहां गणेश उत्सव 27 अगस्त से 7 सितम्बर तक आयोजित होगा। यह जानकारी अक्षय समिति के महासचिव ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 14 वर्षों से पेपर मिल कॉलोनी में अक्षय समिति द्वारा भव्य गणेश चतुर्थी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसे पेपर मिल के बप्पा के नाम से जाना जाता है। गणेश उत्सव के दौरान हर रोज शाम को सामूहिक आरती होगी। इसमें सभी भक्त जनों को आरती का मौका मिलता है। फिर गंगा आरती होती है। इसके बाद प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। भजन संध्या, नृत्य और नाटिका प्रस्तुत की जाएगी।

भगवान गणेश जी की मूर्ति को आकर्षक रूप देने का काम तेज

लखनऊ। छोटी और आकर्षक गणेश प्रतिमा का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसका सजावट करने वाली महिला सुरेखा ने बताया कि इन छोटी, बड़ी और आकर्षक मूर्तियों को सजाने में भी काफी समय लगता है। घर के काम से समय निकालकर भगवान गणेश की इन प्रतिमाओं को सजाने के लिए गणेश जी को पगड़ी पहनाना, लेस स्टोन जैसी चीजें सजावट करके इन मूर्तियों को आकर्षक रूप दिया जा रहा है।

कई पैटर्न और डिजाइन में तैयार की गयी गणेश प्रतिमा: मूर्तिकार अमित सेन ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी गणेश प्रतिमा का निर्माण कार्य पिछले 2 महीने से किया जा रहा है। 8 इंच से लेकर लगभग 14 फीट तक की गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। मूर्ति की कीमत लगभग 1500 रुपए से लेकर 11 हजार रुपये तक होंगी। मूर्तिकार को उम्मीद है कि इस बार ग्राहकी और बाजार भी अच्छा रहेगा।

इको फ्रेंडली हैं मूर्तियां: उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने उन्हें मूर्ति तैयार करने का ऑर्डर दिया था उनकी मूर्तियां तैयार हो चुकी हैं, जबकि कई लोग एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी पर सभी मूर्तियां इको फ्रेंडली बनाई गई हैं। इन मूर्तियों को कच्ची मिट्टी से बनाया गया है, यानी विसर्जन के वक्त नदी में बहते ही सिर्फ पांच मिनट के अंदर ही यह पूरी मिट्टी की तरह पानी में घुल जाएंगी, जिससे नदी को नुकसान नहीं होगा।

भक्तों को भा रहे कोलकाता और बॉम्बे वाले गणपति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गणेश चतुर्थी नजदीक आते ही लखनऊ के बाजारों में बप्पा की धूम है। निरालानगर समेत शहर के तमाम इलाकों में दुकानों पर सजी रंग-बिरंगी गणपति मूर्तियां भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मिट्टी, गोबर, और प्राकृतिक रंगों से बनी ये मूर्तियां न केवल देखने में आकर्षक हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रही हैं। इस बार भक्तों के बीच सबसे ज्यादा चर्चा में हैं कोलकाता वाले गणपति, बॉम्बे वाले गणपति और डब्ल्यू आकर के गणपति। निरालानगर में दुकान लगाने वाले रामकुमार गौरव ने बताया कि गणेश चतुर्थी का बेसब्री से इंतजार रहता है। यह त्योहार ढेर सारी खुशियां लेकर आता है। पिछले कई सालों से वह मूर्तियां का कारोबार कर रहे हैं। महाराष्ट्र से लेकर कोलकाता जैसे शहरों से मूर्तियां मंगाते हैं। इस बार कई तरह की मूर्तियां आई हैं। इनमें कोलकाता और बॉम्बे वाले गणपति बप्पा की मूर्ति भक्तों की पहली पसंद बनी हुई है। दूसरे दुकानदार ने बताया कि 5,00 लेकर 35,000 तक की गणेशजी की मूर्तियां उनके यहां हैं। भक्तों को डब्ल्यू गणपति जी काफी पसंद आ रहे हैं। इनकी सूड़ पूरी तरह से टेढ़ी है। इस वजह से मूर्ति का नाम डब्ल्यू गणपति पड़ा है। आकार और सजावट के हिसाब से इनकी कीमत अलग-अलग है।

कोलकाता वाले गणपति सादगी की मिसाल: कोलकाता से आई गणपति मूर्तियां विशेष मिट्टी से तैयार की जाती हैं। इन्हें प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है और गहनों या भारी सजावट से नहीं सजाया जाता। इको-फ्रेंडली मूर्तियां होने की वजह से ये भक्तों की पहली पसंद बन चुकी हैं। शुद्धता और सादगी का ये अनूठा मेल शहर के पर्यावरण-प्रेमी भक्तों को खासा भा रहा है।

बॉम्बे वाले गणपति का शाही अंदाज: अगर किसी मूर्ति की शाही सजावट देखकर मन खुश हो जाता है, तो वह है बॉम्बे वाले गणपति। इन मूर्तियों की खूबसूरत नक्काशी, चमकदार रंग और बारीक डिजाइन भक्तों को मोहित कर रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक, सबसे ज्यादा बुकिंग इन्हीं मूर्तियों की हो रही है। जिन घरों में धूमधाम से बप्पा का स्वागत होता है, वहां बॉम्बे वाले गणपति की डिमांड सबसे अधिक है।

अक्षरधाम पंडाल में विराजेंगे गणपति

लखनऊ। गोमती तट स्थित झूलेलाल घाट पर आयोजित होने वाली शहर के सबसे बड़ी गणेश पूजा में इस बार गणपति बप्पा अक्षरधाम मंदिर की थीम पर सजे पंडाल में विराजेंगे। पूरा पंडाल वाटरप्रूफ और वातानुकूलित बनाया जाएगा। गणेश उत्सव 27 अगस्त से छह सितम्बर तक मनाया जाएगा। गणेश उत्सव को लेकर पंडाल निर्माण की तैयारी जोरों पर है। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता व अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि इस बार पंडाल अक्षरधाम मन्दिर की थीम पर तैयार हो रहा है। पंडाल 100 फुट चौड़ा और 150 फीट लंबा बनाया जाएगा। वहीं इसकी ऊंचाई करीब 75 से 80 फिट रहेगी। पंडाल बनाने के लिए कोलकाता के करीब 21 कारीगर लगे हैं। संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि महोत्सव में इस बार बच्चों के लिए नए-नए झूले आ रहे हैं। फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट व महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सामग्री के स्टॉल लगाए जाएंगे।

मोर, डमरू और सिंहासन पर सवार होंगे गजानन : शहर के सबसे पुराने लकड़मंडी बाजार में कई सालों से गणपति बप्पा गौरी पुत्र गणेश जी की मूर्तियां तैयार कर रहे राजकुमार ने बताया कि जिस तरह से गणेश भगवान के नाम हैं जैसे सुमुख, एकदंत, कपिल, गजकर्णक, लंबोदर, विकट, विघ्न-नाश, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचंद्र और गजानन उसी के अनुसार मूर्तियां तैयार की जाती हैं। इस साल लोगों ने उन्हें खास आदेश दिया था कि गजानन की मूर्तियां मोर, डमरू, सिंहासन, गाय और शिवलिंग के साथ ही होनी चाहिए इसीलिए इस बार ज्यादातर मूर्तियों को यही रूप देकर तैयार किया गया है। छोटी मूर्तियों की कीमत जहां 1000 रूपए से लेकर 3000 रूपए तक है तो वहीं बड़ी मूर्तियां कीमत 7000 रूपए से लेकर 20,000 रूपए तक है।

लखनऊ में शूट हुआ म्यूजिक एलबम 'प्यार में हैं हम' रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भोजपुरी सिनेमा और संगीत की दुनिया के पावर स्टार पवन सिंह का दबदबा अब बॉलीवुड में भी लगातार बढ़ रहा है। 'स्त्री 2' में उनके गाने 'काटी रात मैंने खेतों में तू आई नहीं' ने एक साल पहले जो गदर काटा, वह आज भी लोगों की जुबान पर है।

वह सनी लियोनी के साथ म्यूजिक वीडियो ला चुके हैं, वहीं अब जरीन खान के साथ उनका नया रोमांटिक गाना 'प्यार में हैं हम' रिलीज हुआ है। खास बात यह है कि ये म्यूजिक वीडियो लखनऊ में शूट किया गया है, इसने रिलीज के तीन घंटे के भीतर 5.40 लाख व्यूज बटोर लिए हैं। फैंस इसके दीवाने हुए जा रहे हैं। पवन सिंह और जरीन खान का यह रोमांटिक गाना लगातार ट्रेंड हो रहा है। यूट्यूब पर गाने को 1.20 लाख से अधकि लाइक्स मिल चुके हैं, जबकि 25 हजार से अधकि कॉमेंट्स भी आ गए हैं। 'प्यार में हैं हम' के म्यूजिक वीडियो में पवन सिंह और जरीन खान मोहब्बत की बारिश में भीगते हुए दिख रहे हैं। इसका प्लॉट एक फिल्म के सेट का है, जहां दोनों शूट भी कर रहे हैं और एक-दूसरे की आंखों में डूब भी रहे हैं। गाने को पवन सिंह के साथ पायल देव ने गाया है। टी-सीरीज के बैनर तले रिलीज इस रोमांटिक सॉन्ग को पायल देव ने ही कम्पोज किया है। जबकि म्यूजिक अरेंजर का क्रेडिट आदित्य देव को मिला है। गीत के बोल कुणाल वर्मा ने लिखे हैं। डायरेक्टर दिलशेर सिंह और कुलशपाल सिंह हैं। जबकि कोरियोग्राफी शुभम की है। गाने के बोल कुछ इस तरह हैं- आज पहली दफा मुस्कुराया है दिल, तुम मिले जो मुझे हमदम... आज से प्यार में हैं हम। क्या कहूं ना कहूं तेरी तारीफ में, लफ्ज सारे लगे हैं कम... आज से प्यार में हैं हम। हां, तेरे प्यार में हैं हम। एक फैन ने गाने पर कॉमेंट करते हुए लिखा है, 'ये सिंगिंग का किंग। भाई ऑल टाइम इसके जैसा कोई नहीं गा सकता भाई माइंड ब्लोइंग आवाज।' एक दूसरे फैन ने लिखा है, 'ऐसे गाने आज कल साल में एक बार बनते हैं। हम ऐसे गाने के लिए एक साल नहीं बल्कि सदियों का इंतजार कर सकते हैं।' एक अन्य ने लिखा है, 'सब रहे पेंडिंग में, पावर स्टार रहे ट्रेंडिंग में।' जबकि एक ने पवन और जरीन की केमिस्ट्री की तारीफ करते हुए लिखा है, 'आग लगा दिया भाई दोनों के रोमांस ने।

मुद्राएं इतिहास, कला, संस्कृति और आर्थिक स्थिति का दर्पण होती हैं : डा. अमित कुमार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शनिवार को पुरातत्त्व अभिरुचि पाठ्यक्रम के चौथे दिन दो सत्रों में व्याख्यान आयोजित किए गए। दोनों सत्रों में डॉ. अमित कुमार उपाध्याय, प्रोफेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने भारतीय मौद्रिक विकास की यात्राः प्रारंभ से गुप्त काल तक और गुप्तोत्तर काल से 12वीं शताब्दी ई. तक विषयों पर पीपीटी के माध्यम से व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ. उपाध्याय ने अपने व्याख्यान में बताया कि मुद्राएँ केवल विनिमय का माध्यम ही नहीं, बल्कि इतिहास, कला, संस्कृति और आर्थिक स्थिति का दर्पण होती हैं। उन्होंने पंचमार्क सिक्कों से लेकर गुप्तकालीन स्वर्ण मुद्राओं तक की ऐतिहासिक यात्रा, सिक्कों पर अंकित प्रतीकों, लिपियों एवं कलात्मक आकृतियों की पुरातात्त्विक महत्ता और निर्माण तकनीकों के विकास पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, सिक्कों के संरक्षण, नकली सिक्कों की समस्या, धातुओं की पहचान एवं कैटलॉगिंग, और नवीन तकनीकों जैसे डिजिटल इमेजिंग, 3डी स्कैनिंग और धातु विश्लेषण की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में श्रीमती रेनू द्विवेदी, निदेशक, उ.प्र. राज्य पुरातत्त्व विभाग ने डॉ. अमित उपाध्याय का पौधा एवं स्मृति-चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बलिहारी सेठ, प्रकाशन सहायक द्वारा किया गया।

ज्ञानदान पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है : उमानन्द शर्मा

446वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत अर्णव आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड सीएनएस हॉस्पीटल, सतरिख, बाराबंकी, उप्र के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 446वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री श्रीमती सरोज श्रीवास्तव ने अपने परिवार के उज्ज्वल भविष्य के लिए भेंट किया तथा उपस्थित संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर गायत्री परिवार की डॉ. नीलम गुप्ता एवं श्रीमती सरोज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के वाइस प्रिंसिपल डॉ. प्रभूनाथ दास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव एवं संस्थान की चेयरमैन डॉ. प्रतिभा सचान, वाइस प्रिंसिपल डॉ. प्रभूनाथ दास और असोसिएट प्रोफेसर अरविन्द त्रिपाठी एवं डॉ. मैथिव जोसेफ सहित संस्थान के चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

हरतालिका तीज के दिन राशि अनुसार करें दान, होगा शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सनातन पंचांग के अनुसार, 18 सितंबर को हरितालिका तीज है। यह पर्व हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत उपवास रखा जाता है। विवाहित और अविवाहित महिलाएं हरितालिका तीज करती हैं। इस व्रत के पुण्य प्रताप से विवाहित महिलाओं को सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही उनके पति की आयु लंबी होती है। वहीं, अविवाहित युवतियों की शीघ्र शादी हो जाती है। हरतालिका तीज के दिन दान करने का भी विधान है। अगर आप भी देवों के देव महादेव का आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो हरतालिका तीज के दिन राशि अनुसार इन चीजों का दान करें।

राशि अनुसार करें दान: मेष राशि के जातक हरतालिका तीज पर मसूर दाल और लाल मिर्च का दान करें। इस उपाय को करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

वृषभ राशि के जातक भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए हरतालिका तीज के दिन दूध, दही और चावल का दान करें।

मिथुन राशि के जातक भगवान शिव और पार्वती की कृपा-दृष्टि पाने के लिए हरी चूड़ियों का दान करें।

कर्क राशि के जातक भगवान शिव और माता पार्वती को प्रसन्न करने के लिए हरतालिका तीज पर चांदी की पायल का दान करें। आप विवाहित स्त्री (रिश्तेदार) को चांदी की पायल उपहार में भी दे सकते हैं।

सिंह राशि के जातक हरतालिका तीज पर गुड़ और गेहूं का दान करें। जरूरतमंदों को आप धन का भी दान कर सकते हैं।

कन्या राशि के जातक हरतालिका तीज पर विवाहित महिलाओं को हरे रंग की साड़ी या हरे रंग की चूड़ियों का दान कर सकते हैं। इस उपाय को करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं।

तुला राशि के जातक माता पार्वती संग भगवान शिव का आशीर्वाद पाने हेतु हरतालिका तीज पर दूध, दही, खीर और सफेद मिठाई का दान करें।

वृश्चिक राशि के जातक हरतालिका तीज पर अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार गरीबों के मध्य धन का दान करें। इसके अलावा, लाल रंग के कपड़े का भी दान कर सकते हैं।

धनु राशि के जातक हरतालिका तीज पर बेसन, चने की दाल और पीले रंग के वस्त्र का दान करें।

मकर राशि के जातक के राशि आराध्य भगवान शिव हैं। अतः सच्ची श्रद्धा से जरूरतमंदों की सहायता करें। आप चाहे तो अर्थ का भी दान कर सकते हैं।

कुंभ राशि के जातक हरतालिका तीज पर भगवान शिव को प्रसन्न करने हेतु गरीबों के मध्य अन्न का दान करें। साथ ही दवा हेतु अर्थ का भी दान कर सकते हैं।

मीन राशि के जातक भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा-दृष्टि पाने के लिए हरतालिका तीज पर केले, मौसमी फल और पीले रंग के कपड़े का दान करें।

100 साल बाद पितृ पक्ष में पड़ेंगे चंद्र और सूर्य ग्रहण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। आपको बता दें कि श्राद्ध पक्ष हर साल 15 दिनों के लिए आता है और इन दिनों अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध और तर्पण करने का विधान है। आपको बता दें कि भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि से शुरू होने वाले पितृ पक्ष अश्विन मास की अमावस्या पर खत्म होते हैं। इस साल यह समय सितंबर में 7 तारीख से लेकर 21 तारीख तक रहेगा। वहीं पितृ पक्ष में इस साल सूर्य और चंद्र ग्रहण पड़ने जा रहे हैं। चंद्र ग्रहण 7 सितंबर तो वहीं सूर्य ग्रहण 21 सितंबर को पड़ेगा। ऐसे में इन ग्रहण के पड़ने से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन लोगों की आय.में वृद्धि और नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

मकर राशि : आप लोगों के लिए चंद्र और सूर्य ग्रहण लाभप्रद सिद्ध हो सकते हैं। इस दौरान आपको समय- सयम पर आक्समिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही इस अवधि में आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी। वहीं यह समय आपके लिए सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का है। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और संचार कौशल में सुधार होगा। लेखन, मीडिया या मार्केटिंग से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। वहीं इस समय आप धन की सेविंग करने में सफल रहेंगे।

मिथुन राशि : चंद्र और सूर्य ग्रहण मिथुन राशि के जातकों को सकारात्मक साबित हो सकता है। इस दौरान आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। वहीं इस समय नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है। इस दौरान नई परियोजनाएं शुरू करने या निवेश करने के लिए समय अनुकूल रहेगा। प्रेम संबंधों में भी मधुरता आएगी और अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। वहीं इस समय आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी।

धनु राशि : आप लोगों के लिए चंद्र और सूर्य ग्रहण शुभ फलदायी सिद्ध हो सकते हैं। इस समय आपकी आय. में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही आप कई सोर्स से धन कमाने में सफल होंगे। वहीं आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। पारिवारिक जीवन में सुख और सामंजस्य बढ़ेगा। यह समय संपत्ति खरीदने या वाहन लेने के लिए भी शुभ है। जॉब करने वाले लोगों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। वहीं इस दौरान आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। साथ ही प्रतियोगी छात्रों को किसी परीक्षा में सफलता मिल सकती है।

सोहराई कला : प्रकृति और संस्कृति का संगम है

पांच दिवसीय पारंपरिक आदिवासी सोहराई कला कार्यशाला का कलाकृतियों की प्रदर्शनी के साथ जीवंत समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत की आदिवासी कलाओं में सोहराई कला एक विशिष्ट और जीवंत परंपरा है, जिसका उद्गम झारखंड, बिहार, ओडिशा और बंगाल के आदिवासी समुदायों में हुआ। यह मात्र सजावटी भित्ति चित्र नहीं, बल्कि जीवन, प्रकृति, कृषि और पशुधन के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। सोहराई नाम उस पर्व से जुड़ा है, जो फसल कटाई और पशुधन पूजा से संबंधित है। सोहराई कला केवल एक चित्रकला परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का संगम है। यह आदिवासी जीवन की आत्मा को प्रकट करती है—जहाँ मिट्टी, पशु, पौधे और मनुष्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। आधुनिक दौर में जब प्रकृति और पारिस्थितिकी पर संकट बढ़ रहा है, सोहराई कला हमें सहजीवन और पारिस्थितिक संतुलन का अनूठा संदेश देती है। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस, ए-ब्लॉक राजाजीपुरम में सौंदर्यबोध एवं सांस्कृतिक विकास कार्यक्रम (2025-26) के अंतर्गत शनिवार को पांच दिवसीय पारंपरिक आदिवासी सोहराई कला कार्यशाला का जीवंत समापन समारोह और छात्र कलाकृतियों की प्रदर्शनी के साथ हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान, लखनऊ की सदस्य डॉ. कुमुद सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों के रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की पहल युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना का पोषण करती है और साथ ही स्वदेशी परंपराओं को जीवित रखती है। प्रधानाचार्या श्रीमती भारती गोसाईं ने छात्रों और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की और कहा कि कलाकृतियों में प्रयुक्त सोहराई कला रूपांकनों और प्राकृतिक रंगों ने कलात्मक कौशल और सांस्कृतिक गहराई दोनों को प्रतिबिंबित किया। उन्होंने शैक्षणिक और सांस्कृतिक एवं सौंदर्यबोध शिक्षा को मिलाकर समग्र शिक्षा प्रदान करने के विद्यालय के दृष्टिकोण को दोहराया।

फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की संस्थापक निदेशक श्रीमती नेहा सिंह ने सोहराई कला से गहराई से जुड़ने के लिए छात्रों की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोक विरासत और समकालीन शिक्षा के बीच एक सांस्कृतिक सेतु का निर्माण करते हैं। क्यूरेटर एवं कला समीक्षक भूपेंद्र अस्थाना ने छात्रों की कलाकृतियों की विविधता पर प्रकाश डाला, जिसमें पशु-पक्षियों और वृक्षों के पारंपरिक रूपांकनों से लेकर उर्वरता और फसल के प्रतीकों की कल्पनाशील व्याख्याएँ शामिल थीं। सोहराई कला की जड़ें प्राचीन शैलाश्रय चित्रों तक जाती हैं, विशेषकर हजारीबाग और सतपहाड़ क्षेत्र में पाई जाने वाली प्रागैतिहासिक गुफा-चित्रकला से। माना जाता है कि इन शैलचित्रों की रूप-भाषा और प्रतीक ही धीरे-धीरे गांवों की मिट्टी की दीवारों पर उतर आए। समय के साथ यह कला स्त्रियों की घरेलू सृजनशीलता बन गई और त्योहारों पर उसका सामुदायिक रूप सामने आया। सोहराई कला की प्रमुख विशेषता इसकी भित्तिचित्रकला तकनीक है। घर की दीवारों को पहले गेरुए या काली मिट्टी से लेपित किया जाता है। उसके ऊपर खड़िया (सफेद), पीली मिट्टी, लाल गेरुआ, काला मैंगनीज, और हरे रंग के लिए पत्तियों का प्रयोग कर रचना की जाती है। उँगलियाँ, नाखून, लकड़ी की टहनियाँ, टूटी कंघी और कपड़े के टुकड़े ही ब्रश का स्थान लेते हैं। कभी-कभी कंघी-खरोंच तकनीक से नीचे की परत को खुरचकर पैटर्न बनाए जाते हैं। सोहराई कला मुख्यतः फसल और पशुधन पूजा से जुड़ी होती है, जिसमें पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, खेत और प्राकृतिक जीवन के दृश्य अंकित किए जाते हैं। खोवर कला विवाह अवसर पर वधू-कक्ष को सजाने के लिए बनाई जाती है, जिसमें अधिकतर काला-सफेद संयोजन और पैटर्न आधारित आकृतियाँ होती हैं। सोहराई कला स्त्रियों की सामूहिक सृजनशीलता का प्रतीक है। यह न केवल घर को सजाती है, बल्कि समाज के आर्थिक और पारिस्थितिक जीवन को भी दर्शाती है। आज सोहराई कला केवल गाँव की दीवारों तक सीमित नहीं है। इसे कैनवास, कागज, वस्त्र और शहरी भवनों पर भी चित्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के कला विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री राजेश कुमार ने कक्षा 5 से 12 तक के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की और कला संकाय के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की (पुष्पा देशवाल और श्रीमती सविता विश्वकर्मा द्वारा संचालित कार्यशाला का समापन 50 से अधिक कलाकृतियों के प्रदर्शन के साथ हुआ। समापन सत्र में युवा कलाकारों की रचनात्मक यात्रा का जश्न मनाते हुए भागीदारी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समापन समारोह भारत की लोक परंपराओं के संरक्षण और अपने छात्रों की सौंदर्य संवेदनाओं को पोषित करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण था, यह सुनिश्चित करते हुए कि सांस्कृतिक जड़ें भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहें। कार्यक्रम की जीवंतता को और बढ़ाते हुए, प्रतिभागी छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित थे। उनकी सक्रिय उपस्थिति और प्रोत्साहन ने बच्चों के सांस्कृतिक विकास में परिवारों को शामिल करने के संस्थान के व्यापक उद्देश्य को प्रतिबिंबित किया। स्कूल ने इस बात पर जोर दिया कि जब अभिभावक ऐसी पहलों को देखते हैं और उनका समर्थन करते हैं, तो इससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और भारत की सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति उनका सम्मान बढ़ता है।

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ में आयकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में 'एडवांस टैक्स एवं फर्जी डिडक्शन' विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि उपायुक्त आयकर, सर्किल 3 लखनऊ अरविन्द चौहान और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ राहुल यादव के निर्देशन में इस कार्यशाला में 200 से अधिक रेल कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री चौहान ने अपने व्याख्यान में एडवांस टैक्स एवं फर्जी डिडक्शन संबंधी बेहतर अनुपालन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कई करदाता धोखाधड़ी से धारा 80जीजीसी के तहत कटौती का दावा करते हैं। आयकर विभाग ने प्रामाणिक डेटा विश्लेषण के आधार पर ऐसी धोखाधड़ीपूर्ण कटौतियों की पहचान की है और आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कार्रवाई शुरू की है। रिटर्न की गहन जांच के साथ, गलत कटौतियों पर ब्याज सहित कर निर्धारण, 60% तक जुर्माना और धारा 276C के तहत अभियोजन की कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने सलाह दी कि रिटर्न दाखिल करने से पहले दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित करें और आयकर सलाहकार से परामर्श लें। राहुल यादव ने अपने संबोधन में आयकर नियमों के पालन और सटीक रिटर्न दाखिल करने के महत्व पर जोर दिया।

50 महिलाओं को मिलेगा प्रतिष्ठित महिला उपलब्धि पुरस्कार

लखनऊ। पुरस्कार विजेता फिल्म निर्देशक विपिन अग्निहोत्री समाज में अपना योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करेंगे। आगामी 10 सितम्बर को राजधानी के हिल्टन होटल में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय प्रतिष्ठित महिला उपलब्धि पुरस्कार से प्रेरणादायी महिलाओं का सम्मान किया जायेगा। महिला सशक्तीकरण में अग्रणी महिलाओं को सम्मानित करने के लिए प्रदेश की कई राजनीतिक व सामाजिक और फिल्मी व टीवी जगत की हस्तियां मौजूद रहेंगी। परिवर्तन की आवाजे, विषय पर दिये जाने वाले पुरस्कारों का मकसद उन महिलाओं को उजागर करना है जिन्होंने मानदंडों को नया रूप दिया है, बाधाओं को तोड़ा है और विभिन्न क्षेत्रों में प्रभाव डाला है। सम्मान पाने वाली महिलाओं में सामाजिक कार्य, व्यवसाय, शिक्षा, कला व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सक्रिय पचास महिलाओं नाम शामिल हैं। क्रियेटिव स्कूल की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में संस्थापक अभिषेक गुरुमाधव, बिग बॉस फेम हेमा शर्मा और सारा अरफीन खान व अभिनेत्री पूनम झावर भी शामिल रहेंगी।

ऐतिहासिक इमारतों को बचाने के लिए बैठक आज

लखनऊ। ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) लखनऊ के अध्यक्ष एम अली 'मदहोश' एडवोकेट की अध्यक्षता में ऐतिहासिक इमारतों व धर्म स्थलों को बचाने व उनका संरक्षण करने के लिए संस्था के पदाधिकारियों एंव हिन्द सेवकों की बैठक संस्था के शाखा कार्यालय ठाकुरगंज चौराहा ठाकुरगंज लखनऊ में 24 को प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होगी। विदित हो कि संस्था द्वारा प्राचीन ऐतिहासिक मन्दिरों के संरक्षण के लिए सन 2005 से आन्दोलन चलाया जा रहा है। इस बार छोटे इमामबाड़ा हुसैनाबाद लखनऊ 'के ऐतिहासिक जर्जर हो चुके दरवाजों के तत्काल निर्माण करने, नौबतखाना का स्वरूप बदलने से रोकने, अवैध कब्जों को रोकने, हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने और छोटे इमामबाडे के सामने से आवगमन तुरन्त रोके जाने की मांग को लेकर माननीय राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री व उ.प्र. के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर जिम्मेदार अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की जायेगी। संस्था के अध्यक्ष एम अली मदहोश ने कहा है कि छोटा ईमामबाडा टूरिस्ट स्थल नही है बलकि एक धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर है। जिस तरह संस्था द्वारा लगभग बीस वर्ष से प्राचीन मंन्दिरों के संरक्षण के लिए आन्दोलन चलाया गया है वैसे ही छोटा इमामबाडा के तत्काल संरक्षण हेतु आन्दोलन चलाया जायेगा। अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। संस्था द्वारा कार्यवाही नहीं होने पर शंतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल की जायेगी।

रेलवे कॉलोनियों और स्टेशनो पर चला सफाई अभियान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा देश की आजादी का जश्न स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है। भारतीय रेल पर 16 अगस्त से 31 अक्टूबल तक द्वितीय चरण में आयोजित स्वच्छता अभियान के आठवे दिन पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर स्टेशनों, ट्रेनों, आवासीय कॉलोनियों, डिपो एवं कारखानों में स्वच्छता सम्बन्धी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में, शनिवार को लखनऊ मंडल के गोंडा, गोरखपुर, लखनऊ, बस्ती, खलीलाबाद, ऐशबाग, और बादशाहनगर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा रेलकर्मियों एवं स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई और स्वच्छता जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। इस अभियान के दौरान लखनऊ जं. रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा रेलकर्मी, यात्री एवं वेण्डरों द्वारा ह्यस्वच्छ रेल, स्वच्छ भारतह्य के स्लोगन के साथ स्वच्छता रैली निकाली गई। गोरखपुर स्टेशन पर स्वच्छता कर्मियों, रेलकर्मचारियों और यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा स्टेशन परिसर में स्वच्छता रैली निकाली गई। खलीलाबाद स्टेशन पर कूड़ा-कचरे को एकत्र कर कम्पोस्ट किया गया।

वाराणसी मंडल के आजमगढ़, बलिया, बनारस, वाराणसी सिटी, गाजीपुर सिटी, भटनी जं., छपरा, सीवान, देवरिया सदर, मऊ तथा प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर स्वच्छता सम्बन्धी नारों, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से सार्वजनिक जागरूकता रैली निकाली गई एवं आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन का प्रावधान किया गया तथा टेज्नों, शौचालयों आदि की गहन सफाई की गई। स्टेशनों से सटे रेल पटरियों के किनारों पर कचरे की सफाई की गई तथा गाड़ियों में लिनेन का निरीक्षण किया गया। स्टेशनों और टेज्नों में रेलकर्मियों द्वारा उद्घोषणा प्रणाली द्वारा यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशनों को स्वच्छ रखने तथा प्लास्टिक का उपयोग न करने का आग्रह किया गया। यात्रियों को नाटकों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस तरह का आयोजन वाराणसी मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर किया गया।

इज्जतनगर मंडल के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर अलग-अलग प्रकार के कचरे हेतु अलग-अलग डस्टबिन का प्रावधान किया गया, स्टेशनों एवं कॉलोनियों में अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था कर कचरे के पृथक्करण हेतु जागरूक किया गया। ट्रेनों के शौचालयों तथा कोच के अंदर और बाहर की गहन सफाई की गई। ट्रेनों में लिनेन का निरीक्षण किया गया एवं स्वच्छता मानकों को परखा गया। रेलवे ट्रैक की सफाई स्थानीय शहरी निकायों के सहयोग से कराई गई तथा रेलवे कॉलोनियों एवं अन्य संस्थानों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों को स्वच्छ बनाये रखने हेतु यात्रियों को उद्घोषणा प्रणाली द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

शुभांशु शुक्ला के नाम पर हो नक्षत्रशाला व आंचलिक साइंस सिटी का नामकरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अंकुर सक्सेना ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला और आंचलिक विज्ञान नगरी का नाम अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला (अंतरिक्ष यात्री) के नाम पर रखे जाने का अनुरोध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किया है।

राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अंकुर सक्सेना का कहना है कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने देशवासियों को गौरवान्वित किया हैं और प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जुड़े होने के कारण यहां के लोग विशेष रूप से गौरवान्वित हैं। वर्तमान समय में युवा ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अपना आदर्श मानते हैं। शुभांशु शुक्ला के लखनऊ से होने के कारण इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला और लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी का नामकरण उनके नाम पर किये जाने पर प्रदेशवासियों की ओर से अपने आदर्श का एक अभूतपूर्व सम्मान होगा, जिसके लिए प्रदेशवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।

लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला और आंचलिक विज्ञान नगरी का नामकरण शुभांशु शुक्ला के नाम पर करने से बच्चों का विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर आकर्षण बढ़ेगा, जो आगे चलकर हमारे भारत को पूरी दुनिया में एक सच्ची और प्रचंड अंतरिक्ष शक्ति बनाएगा और अमेरिका व रूस जैसे विकसित देशों और 'अंतरिक्ष शक्तियों' को भी पीछे छोड़ देगा।

दिनेश गुप्ता को मिला डॉ. तारा सिंह विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान

लखनऊ। हिन्दी साहित्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के मुख्यालय में कार्यरत उपसंपादक (हिन्दी) दिनेश कुमार गुप्ता को डॉ. तारा सिंह विशिष्ट राष्ट्रीय सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान स्वर्ग विभा परिवार, मुम्बई की ओर से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वर्ग विभा परिवार वर्षों से हिन्दी साहित्यकारों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कर उनके योगदान को नई पहचान दे रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष दिनेश कुमार गुप्ता का चयन उनके निरंतर लेखन, संपादन और हिन्दी साहित्य संवर्द्धन में सक्रिय भूमिका को देखते हुए किया गया है।

लविवि में हुआ मेगा ब्लड डोनेशन कैंपेन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के ओएनजीसी बिल्डिंग में मेगा ब्लड डोनेशन कैंपेन का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर, हैप्पी थिंकिंग लैब और काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंपेन का शुभारंभ लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना ने रक्तदान के साथ किया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा, ओएनजीसी बिल्डिंग के डायरेक्टर प्रो. राजीव मनोहर, हैप्पी थिंकिंग लैब की डायरेक्टर प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शनी एवं काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की डायरेक्टर प्रो. वैशाली सक्सेना, प्रो. कुसुम यादव, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. नीरज कुमार मिश्रा आदि ने रक्तदान कर इस कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने भी रक्तदान किया।

युवाओं में अंतरिक्ष दृष्टि जगाने की आवश्यकता पर दिया बल

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन, देशभर के वैज्ञानिक और विद्वान हुए सम्मिलित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर, उत्तर प्रदेश तथा इंडियन सोसाइटी ऑफ जियोमैटिक्स, लखनऊ चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस - 2025 का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मेलन भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों एवं अंतरिक्ष प्रेमियों ने भाग लिया और भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों को स्मरण करते हुए भावी पीढ़ी को प्रेरित करने का संकल्प लिया। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. थिपेन्द्र पी. सिंह, कुलपति, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, उन्नाव कैम्पस के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय विकास, शिक्षा और सस्ती नवाचार प्रणाली में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं में अंतरिक्ष दृष्टि जगाने की आवश्यकता पर बल दिया और भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ह्यूमनॉइड रोबोट्स की संभावनाओं का उल्लेख किया। वैज्ञानिक सत्र में आयोजन में तीन प्रमुख व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। डॉ. केसी भट्टाचार्य, पूर्व वैज्ञानिक, इसरो ने उपग्रहों, प्रक्षेपण यानों तथा प्रक्षेपण स्थलों के विकास का क्रमबद्ध विवरण प्रस्तुत किया। उनका व्याख्यान छात्रों के लिए सरल एवं प्रेरणादायी रहा। डॉ. डीके मिश्रा, वैज्ञानिक, आईएसटीआरएसीझ्रइसरो ने भारत के नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसके प्रयोगों को कृषि, आपदा प्रबंधन और परिवहन में महत्वपूर्ण बताया। अमृतांशु वाजपेयी एवं होजैफा शकील (एसकेवाई फाउंडेशन) ने एस्ट्रो-फोटोग्राफी विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने खगोल छायांकन की मूल बातें, सिटिजन साइंस की अवधारणा, रोबोटिक टेलीस्कोप का उपयोग तथा जनसामान्य को खगोल विज्ञान से जोड़ने के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

प्रतियोगिताएं एवं परिणाम में कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता परिणाम में प्रथम पुरस्कार चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार आईटी कॉलेज, तृतीय पुरस्कार अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज और सांत्वना पुरस्कार झ्र बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) रहा। वहीं क्विज प्रतियोगिता परिणाम में प्रथम पुरस्कार चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार आईटी कॉलेज, तृतीय पुरस्कार अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज और सांत्वना पुरस्कार बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) रहा।

31 को मनाया जायेगा विमुक्त जाति दिवस योगी होंगे मुख्य अतिथि

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग द्वारा 31 अगस्त को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में विमुक्त जाति दिवस मनाया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश भर से इस समुदाय के लोग हिस्सा लेंगे।

अंग्रेजों द्वारा बनाये गए काले कानून क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट को सरकार ने 31 अगस्त 1952 को समाप्त किया था। डबल इंजन की सरकार इस दिन को विमुक्त जाति दिवस के रूप में मनाती है। प्रदेश सरकार विमुक्त जातियों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। इनके शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। विमुक्त जाति के अंतर्गत आने वाले लोगों को सरकार पट्टे पर भूमि भी आवंटित कर रही है ताकि उनको मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

बाबूराम बने प्रदेश प्रभारी, व्यास मुनि को मिली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी : डॉ. संजय निषाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। निषाद पार्टी के अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश प्रदेश कमेटी की बैठक की। यह बैठक हाल ही में दिल्ली में संपन्न राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रदेश कमेटी में हुए बदलावों के बाद प्रदेश स्तर पर आयोजित पहली बैठक थी।

बैठक में डॉ. निषाद जी ने महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लेते हुए प्रदेश नेतृत्व में बड़े बदलाव किए। उन्होंने अपने सुपुत्र एवं चौरीचौरा विधायक ई. सरवन निषाद को प्रदेश प्रभारी पद से हटाकर बाबूराम निषाद को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया। साथ ही पिछड़ा वर्ग आयोग, उप्र के सदस्य रविन्द्र मणि निषाद को राष्ट्रीय कमेटी में पदोन्नत किया गया तथा प्रदेश अध्यक्ष पद से रविन्द्र मणि निषाद को हटाकर व्यास मुनि निषाद को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। डॉ. संजय निषाद ने कहा कि संगठन में बदलाव समय की आवश्यकता है। नई टीम के साथ नई ऊर्जा का संचार होगा और पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश में पार्टी को आज जिस मुकाम तक पहुंचाने में ई सरवन निषाद और रविन्द्र मणि निषाद का योगदान रहा है, वह सराहनीय है लेकिन अब समय है कि नई पीढ़ी को जिम्मेदारी दी जाए।

उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग मुझे परिवारवाद का आरोपी बताते थे, उन्हें आज यह देखना चाहिए कि निषाद पार्टी ने उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक कदम उठाया है। मैंने सत्ता में रहते हुए अपने ही पुत्र को पद से मुक्त किया है। शायद ही किसी पार्टी ने ऐसा बड़ा निर्णय लिया होगा। मेरे लिए समाज और संगठन सबसे ऊपर है, परिवार नहीं। डॉ. निषाद ने कहा कि उनका परिवार हमेशा संघर्षों और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा है।

राजा का बेटा ही राजा बने की नीति पर सवाल उठाने वालों के लिए यह निर्णय बड़ा संदेश है। अब अपेक्षा है कि अन्य दल भी इसी प्रकार का साहस दिखाकर समाज में सकारात्मक संदेश दें। बैठक में प्रदेश कमेटी द्वारा विधानसभा एवं त्रिस्तरीय चुनाव की रूपरेखा, आरक्षण के मुद्दे पर सामाजिक आंदोलन, नई जिला स्तरीय कमेटियों के गठन एवं पार्टी विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गयी।

आईआईएलएम एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग ने मनाया दीक्षांत समारोह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आईआईएलएम एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग ने शनिवार को अपना 20वां दीक्षांत समारोह मनाया। इस अवसर पर पीजीडीएम और पीजीडीएम (वित्तीय प्रबंधन) बैच 2023-25 के स्नातक बैचों को डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आईआईएलएम, लखनऊ की डीन-अकादमिक डॉ. सुचिता विश्वकर्मा ने दीक्षांत समारोह की आधिकारिक घोषणा की।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय निदेशक अश्विनी कुमार शुक्ला, विशिष्ट अतिथि के रूप में पारले के क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक वरुण भल्ला और आईआईएलएम विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में आईआईएलएम, लखनऊ के निदेशक डॉ. वीवी गोपाल ने अतिथियों, पुरस्कार विजेताओं, अभिभावकों, मीडिया प्रतिनिधियों और छात्रों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने आईआईएलएम द्वारा छात्रों के शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास में किए गए अनेक मूल्यवर्धनों पर प्रकाश डाला, जिसके परिणामस्वरूप स्नातक बैच को 100 प्रतिशत अनुकरणीय प्लेसमेंट प्राप्त हुआ।

आईआईएलएम, लखनऊ की डीन अकादमिक डॉ. सुचिता विश्वकर्मा ने भी 2025 की कक्षा के लिए शैक्षणिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार शुक्ला और अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से स्नातकों को एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किये। अपने संबोधन में अश्विनी शुक्ला ने छात्रों को बधाई दी और उनसे आग्रह किया कि वे वक्ता, मार्गदर्शक और इंटर्नशिप प्रदाता के रूप में अपने संस्थान में वापस आकर, स्नातकों और आईआईएलएम के बीच के बंधन को मजबूत करते हुए, अपना योगदान दें। मुख्य अतिथि वरुण भल्ला ने भी एक प्रेरक दीक्षांत भाषण दिया और नेतृत्व एवं निष्ठा को व्यावसायिक सफलता के प्रमुख घटक बताते हुए छात्रों को उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व के लिए प्रेरित किया। अजय कुमार सिंह ने गतिशील व्यावसायिक परिदृश्य में निरंतर सीखने, अनुकूलनशीलता और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के महत्व पर बल दिया। पीजीडीएम बैच 2023-25 के 86 छात्रों ने अपने स्नातक प्रमाणपत्र और पदक प्राप्त किए, जो उनकी उपलब्धि की भावना को दर्शाता हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पीजीडीएम (कोर) 2023-2025 के लिए स्वर्ण आकर्षदीप, रजत प्रज्ञा मिश्रा और कांस्य रजत मोहम्मद वली को मिला।

वहीं, पीजीडीएम (एफएम) 2023-2025 के लिए स्वर्ण आर्या त्रिपाठी, रजत तंजिला अंसार और कांस्य काजल शिवहरे को दिया गया। इसके अतिरिक्त, विशेष पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ एसआईपी पुरस्कार खुशी अग्रवाल (पीजीडीएम 2023-25), सर्वश्रेष्ठ एसआईपी पुरस्कार आर्या त्रिपाठी (पीजीडीएम-वित्तीय प्रबंधन 2023-25) को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ तौसीफ इरफान और डॉ फवाद अली खान के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने समग्र संकाय समन्वयक के रूप में कार्य किया।

संक्षेप

निदेशक कोषागार ने कोषागार का किया निरीक्षण

अयोध्या। निदेशक कोषागार उत्तर प्रदेश द्वारा कोषागार अयोध्या का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पेंशन पत्रावलियों की जांच पड़ताल की गई तथा पेंशनरों को समय-समय पर मिलने वाले पेंशन सम्बन्धी लाभों, पेंशनर कक्ष, स्वच्छ पेयजल, रैंप व्यवस्था, एवं डबल लॉक में रखी हुई बहुमूल्य वस्तुओं, स्टैंप आदि का अवलोकन किया गया एवं कोषागार अयोध्या में हो रहे निर्माण संबंधी कार्यों का विधिवत निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई की व्यवस्था भी निदेशक महोदय द्वारा देखी गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. अंत में मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह द्वारा निदेशक को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

इस दौरान कोषागार अध्यक्ष एवं मंत्री द्वारा निदेशक के समक्ष अपने संवर्ग से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु विचार विमर्श किया गया।

थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जिला संवाददाता

देवरिया। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर के

101 में से 30 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण

निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओं को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 101 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 30 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सौंपी जायेगी जिम्मेदारीः पंकज सिंह

देवरिया। जनसत्ता पार्टी लोकतांत्रिक की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में शहर के डाक-बंगले में हुई। जिसमें पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम एलसी अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनसत्ता पार्टी अकेले मैदान में उतरेगी और उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की जरूरत है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत से जुट जाने की अपील की। मीडिया से बात करते हुए अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हम अपने सीनियर नेताओं के साथ यहां समीक्षा बैठक करने आए हैं। इस बार हम लोगों ने प्रदेश भर में समीक्षा बैठकों का आयोजन किया है। 2 महीने बाद फिर समीक्षा बैठक करके आकलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हम अकेले लड़ेंगे। हमारी पार्टी तीसरे नंबर की पार्टी है। ऐसे में इस बार हम पहले नंबर पर जाने की लड़ाई लड़ेंगे। हम गठबंधन पर विश्वास नहीं करते हैं। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि देवरिया जिले में पार्टी का संगठन लगभग तैयार कर लिया गया है। तहसील से लेकर ब्लॉक न्याय पंचायत और गांव की बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सीख रही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया काफी दौड़ा देवरिया जिले में होगा। इस दौरान किशन शाही जी युवा जिला उपाध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष दीपक पटेल, युवा जिला महासचिव अभिनाश वर्मा, युवा जिला महासचिव रघु गौतम, युवा जिला सचिव आदि मौजूद रहे इसके पूर्व पार्टी के जिलाध्यक्ष और युवा जिलाध्यक्ष लोकेश पांडेय सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथियों को विशाल माल्यार्पण करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

धूमधाम से मनाया गया कुलगुरु गणिनाथ जी का जन्मोत्सव

बरहज, देवरिया। बरहज में बेचू साह पोखरा पर व नगर पंचायत भलुवनी स्थित गायत्री माता मंदिर परिसर में मद्धेशिया वैश्य समाज के द्वारा कुलगुरू संत गणिनाथ जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गायत्री माता मंदिर के पुजारी ने मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से पूजा अर्चना करा कर पुजा संपन्न कराया।

मध्यदेशीय वैश्य महासभा के नगर अध्यक्ष डा. एस. पी. मद्धेशिया ने कहा कि बाबा गणिनाथ जी ने अपने दिव्य प्रकाश से समग्र समाज को आलोकित कर समाज की दिशा और दशा बदल दिया। संरक्षक विनोद मद्धेशिया ने संगठन को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। दुर्गेश कान्दु ने कहा कि हम सबको गुरू के जीवन आदर्शो को जीवन मे उतारना होगा। दिनेश गुप्ता ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद से वैश्य समाज आगे बढ रहा है। इस दौरान डां योगेश गुप्ता, भगवान दास, मनोज कुमार मद्धेशिया, बृजमोहन कन्हैया, नितिन, स्वतंत्र गुप्ता, मुन्नालाल, रामप्रवेश गुप्ता, सहित दर्जनो मद्धेशिया समाज के लोग व महिलाये मौजूद रही। बरहज में संत गणिनाथ जी की प्रतिमा पर पूजन अर्चन कर नमन किया गया। इस दौरान अमरेंद्र गुप्त, अशोक मद्धेशिया, शंभू मद्धेशिया, पीयूष चावला मौजूद रहे।

रोजगार मेला 28 को

देवरिया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) देवरिया में 28 अगस्त को रोजगार मेला आयोजित होगा। संस्थान के प्रधानाचार्य के.के. राम ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन विजन इंडिया सर्विस प्रा. लि. द्वारा किया जा रहा है। इसके माध्यम से सुजुकी मोटर, अहमदाबाद (गुजरात) में भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया 28 अगस्त को प्रातः 10 बजे से आईटीआई परिसर में शुरू होगी। इसमें मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, वायरमैन, शीट मेटल और इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक व्यवसाय से उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 26 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। प्रधानाचार्य ने बताया कि चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सभी शैक्षिक अंकपत्रों व प्रमाण पत्रों की मूल प्रति व छायाप्रति, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा चार पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

निर्मल और स्वच्छ होगी बौद्धों की गंगा हिरण्यवती

कुशीनगर। ऐतिहासिक नदी, बौद्धों की गंगा हिरण्यवती नदी के साफ-सफाई के निर्देश नगर पालिका कुशीनगर अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने अपने कर्मियों को दिए हैं। निर्देश पाते ही नदी की सफाई शुरू हो गई। सफाई हो जाने से नदी का जल स्वच्छ और निर्मल हो जाएगा। बता दें कि बौद्ध जातक कथाओं और श्रुतियों में हिरण्यवती नदी को गंगा की तरह पवित्र बताया गया है। भगवान बुद्ध अपने अंतिम समय में जब कुशीनारा आए तो नदी का जल ग्रहण किया और शाम होने की वजह से नदी किनारे के मनोरम शाल वन की छांव में विश्राम किया। सुबह नदी पार किया और अंतिम उपदेश देने के पश्चात महा निर्वाण को प्राप्त हुए।

देश -विदेश के बौद्ध धर्म के मानने वाले पवित्र नदी का दर्शन पूजन करने कुशीनगर आते हैं तथा पहले जल में अपने परिजनों की अस्थियां विसर्जित करते थे लेकिन बाद में संरक्षण के अभाव में नदी सिमटती चली गई। हाल के वर्षों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुद्ध वन पार्क खेल पार्क, उपवन, पाथ वे आदि विकसित होने के साथ रीवर फ्रंट का कार्य चल रहा है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने बुद्धा घाट और नदी का निरीक्षण किया। जलकुंभी से पटी हिरण्यवती नदी के सफाई के निर्देश दिए और तत्काल सफाई के लिए नगर के कर्मचारी जुट गए। श्री जायसवाल ने कहा कि हिरण्वयव नदी पवित्र नदी है और इस नदी को संरक्षित किया जाएगा। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ सुंदर परिवेश विकसित होगा और देश विदेश के पर्यटक और श्रद्धालु मनोरम छटा का अवलोकन कर सकेंगे। इस दौरान सभासद प्रभुनाथ सिंह, सभासद राजेश मद्धेशिया, सभासद मुन्ना शर्मा, सभासद प्रतिनिधि शमसुल हक, भीमबली सिंह, राहुल सोनी आदि मौजूद रहे।

श्रीअन्न व मक्का योजनाएं बदलेंगी किसानों की किस्मतः विधायक

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर विकास खंड के सभागार में शुक्रवार को श्रीअन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराकर खेती को लाभकारी बनाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ।

विधायक श्री कुशवाहा ने कहा कि श्रीअन्न (मोटे अनाज) के पुनरोद्धार से किसानों को एक नई दिशा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मक्का विकास कार्यक्रम के माध्यम से बेहतर बीज, उन्नत तकनीक और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खेत तक पहुंचा रही है। उन्होंने किसानों का

आह्वान करते हुए कहा कि वे पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ नई तकनीकों को अपनाएं, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो और वे अधिक लाभ अर्जित कर सकें।

कृषि वैज्ञानिक डा. शमशेर सिंह ने किसानों को श्रीअन्न की खेती के महत्व, मक्का की उन्नत किस्मों, रोग एवं कीट प्रबंधन, सिंचाई विधियों तथा विभिन्न सरकारी सब्सिडी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बीडीओ फाजिलनगर सुभाष चंद, पशुधन प्रसार अधिकारी विजय कुमार सिंह, डा. केशव पाल, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा और रामबृक्ष गिरी ने भी संबोधित किया।

संचालन एडीओ कृषि संजीव कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर फूलचंद सरोज, एडीओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह, विवेक जायसवाल, मिथलेश कुमार चौरसिया, राजू प्रसाद, एडीओ आईएसबी चिंतामणि सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

हरितालिका तीज महोत्सव व मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित

भटनी(देवरिया)। बहादुर यादव महाविद्यालय नगर पंचायत भटनी में हरितालिका तीज के पर्व पर हुआ मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन जिसमे छात्राओं ने बढ चढ कर भाग लिया मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन प्रवक्ता तारा ठाकुर व प्रतिभा पटेल के निर्देशन मे सम्पन्न हुआ इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएं कालेज की छात्राओ ने एक दुसरे को मेंहदीं लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाले प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्राओं को प्रबन्धक अजय कुमार यादव ने पुरस्कृत करते हुए कहा कि मेंहदी प्रतियोगिता से छात्राओं की कृयाशिलता सृजानात्मक व एकाग्र रहकर कार्य मिलकर कार्य करने की क्षमता मे विकास होता है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शालिनी पाण्डेय स्वाति राय विशिष्ट अतिथि राजेश यादव प्रधानाचार्य प्रेमशंकर यादव ने भी मेंहदी प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले छात्राओं के हुनर को सराहा प्रबन्धक अजय कुमार यादव ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम को उपचार्य आर एन यादव डॉ अनुप कुमार डॉ कंचन मिश्र विरेन्द्र प्रताप विश्वकर्मा राजीव शर्मा ने भी सम्बोधित किया दिवाकर यादव अली सरवर कविलाश आर्य शिवशंकर मौर्या दुर्गेश कुमार यादव राहुल यादव मार्कण्डेय यादव राजेश यादव इंद्रजीत संदीप यादव सहित महिलाएं सहित छात्राएं प्रमुख रुप मे उपस्थित रही।

कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

रूदौली-अयोध्या। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने शनिवार को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मिलकर खाद्य सामग्री वितरित की। श्री शुक्ला बाढ़ प्रभावित गांव मंहगू का पुरवा, सल्लाहपुर, सैंडरी पसैया, सराय नासिर, कैथी, नूरपुर आदि गांवों का भ्रमण किया। राम हरक, समई, शिवम, मेवालाल, आशाराम, राजित राम, राम तिलक, राम प्रकाश आदि बाढ़ प्रभावित लोगों ने कांग्रेस नेता को बताया कि हर बार सरकार द्वारा बाढ़ आने पर राहत सामग्री में खाद्य पदार्थ पीड़ितों को मिलता था। परन्तु इस बार लगभग एक हजार परिवारों में लगभग सौ परिवारों को किट भूसा, चारा आदि दिया गया बाकी नौ सौ परिवार राहत सामग्री व चारा भूसा से वंचित रह गए। कांग्रेस नेता ने सरकार से मांग कि जिनकी बाढ़ से जमीन या फसल की क्षति हुई है तत्काल ऐसे पीड़ितों को मुआवजा दिया जाय। दयानन्द शुक्ला ने बताया कि प्रशासन द्वारा जो बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री दी है वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।

युवाओं में अंतरिक्ष के प्रति रुचि बढ़ाना मकसदः सांसद

जिला संवाददाता

देवरिया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर सदर सांसद ने बड़ी पहल करते हुए युवाओं और छात्र छात्राओं में अंतरिक्ष के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए सांसद अंतरिक्ष छात्र प्रतियोगिता का आयोजन किया है। त्रिपाठी ने बताया कि देवरिया लोकसभा में अंतरिक्ष के प्रति युवाओं में जागरुकता बढ़ाने के लिए क्रफ्ट, क्ठ-रडअउए, एस्ट्रोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया (अरक) के वैज्ञानिकों के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता के आयोजन में क्ठ-रडअउए के डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार जी ने मुझसे संपर्क किया। सांसद अंतरिक्ष छात्र प्रतियोगिता में दो प्रकार के कंपटीशन होंगे।

जिसमें 'आर्ट इन स्पेस कंपटीशन' जिसमें कक्षा 5 से 8 तक के छात्र भाग ले सकते हैं। वहीं 'स्पेस क्विज कंपटीशन' में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र आम लेंगे। इस प्रतियोगिता में हजारों छात्र भाग लेंगे। जिसमें टॉप 20 छात्रों को 28, 29, 30 अक्टूबर को तमकुहीराज में होने वाले मॉडल रॉकेट्री/उअउरअळ इंडिया स्टूडेंड कंप्टीशन 2024-25' के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। 'सांसद अंतरिक्ष छात्र प्रतियोगिता' की तिथि और महीना शीघ्र ही साझा किया जाएगा। प्रश्नों के जवाब में सांसद मणि ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता देवरिया-कुशीनगर के साथ पूर्वांचल के छात्रों में अंतरिक्ष तकनीकी के प्रति एक विश्वास जाएगा। ताकि हमारे छात्र भी अपना भविष्य स्पेस के क्षेत्र में सुरक्षित कर सकें। वहीं उन्होंने बताया कि जैसा कि आप जानते हैं आगामी 28, 29, 30 अक्टूबर-2025 को तमकुहीराज के नारायणी तट पर भव्य 'क्ठ-रडअउए मॉडल रॉकेट्री/उअउरअळ इंडिया स्टूडेंड कंप्टीशन 2024-25' का आयोजन होने जा रहा है।

जिसमें देश भर के लगभग 600 युवा वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। क्ठ-रडअउए, एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (अरक) और क्रफ्ट के सहयोग से इस कंप्टीशन का आयोजन होने जा रहा है। देश के साथ पूर्वांचल के छात्रों में रॉकेट्री के प्रति जागरुकता के लिए 8 महीने पहले क्ठ-रडअउए के डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार और संबंधित संस्थानों से संपर्क किया और 2024-25 में होने वाली प्रतियोगिता को देवरिया लोकसभा में कराने के लिए अनुरोध किया। मेरे आग्रह को स्वीकार करते हुए क्ठ-रडअउए, अरक और क्रफ्ट के सदस्यों ने कुशीनगर का दौरा कर नारायणी तट को प्रतियोगिता के लिए चुना।

उन्होंने बताया कि इससे पहले बीते 14-15 जून-2025 को नारायणी तट के पिपराघाट पर क्ठ-रडअउए, अरक, क्रफ्ट टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और क्रफ्ट की टीम के मार्गदर्शन में दो मॉडल रॉकेट का ट्रायल लॉन्च किया गया जो सफल रहा।

इस ट्रायल लॉन्च से स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला था। वार्ता में बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

एनसीसी बी ग्रेड में प्रवेश के लिए हुई लिखित परीक्षा

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में एनसीसी प्रथम वर्ष बी ग्रेड की लिखित परीक्षा का आयोजन 23 अगस्त को सरदार पटेल अध्ययन केंद्र में आयोजित की गई।

इसमें 75 छात्र छात्राओं ऑब्जेक्टिव पैटर्न की परीक्षा में प्रतिभाग किया।

30 सीटों के लिए विश्वविद्यालय के एनसीसी विंग ने इस परीक्षा का आयोजन किया। प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इसमें से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शारीरिक दक्षता की परीक्षा पास करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए एनसीसी बी ग्रेड का प्रमाण पत्र काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

इस कारण छात्र इसमें विशेष रूचि लेते हैं। परीक्षा की सफलतापूर्ण आयोजन में सेना अधिकारी के रूप में सूबेदार संदीप चैहान उपस्थित रहे।

मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित नेहा गुप्ता रही अव्वल

देवरिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कारखाना देवरिया में आज देवरहा बाबा सभागार में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की नोडल सीमा कुमारी प्रवक्ता द्वारा कार्यक्रम के प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। संचालन गोविन्दजी गुप्ता (प्रवक्ता) द्वारा किया गया, प्रतिभागी के रूप में डी०एल०एड बैच 2023, एव 2024 बैच के प्रशिक्षु संयुक्त रूप से रहे। प्रतियोगिता में बालिकाओं के साथ साथ बालक वर्ग के प्रशिक्षुओं ने भी बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। अन्त मे प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में प्राचार्य अनिल कुमार सिंह- डॉ० परशुराम, डॉ. दिलीप कुमार गोड, एवं अखिलेश कुमार राव द्वारा नेहा गुप्ता प्रथम, काजल गोड द्वितीय व तृतीय स्थान पर सोनकगमा सना रही। प्रमाण पत्र पाने वाले प्रतिभागियों का चयन किया गया। तथा उन्हें मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया मेंहदी में स्थानीय डिजाइन के साथ राजस्थानी, अरेबिक एवं गुजराती तथा अन्य कलात्मक संयोजनों के डिजाइन और पैटर्नो से सुंदर मेंहदी सजाओ कलाकृतियो से सुसज्जित कर प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में प्रवक्ता श्री राकेश कुमार सिंह, सतीश कुमार, अफताब अहमद द्वारा सहयोग किया गया एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

ट्रक की टक्कर से एसएसबी जवान की मौत

देवरिया। जिले में एक ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी पुलिस के अनुसार, बलिया जिले के नगरा क्षेत्र निवासी एसएसबी जवान सतेंद्र कुमार यादव (30) शुक्रवार शाम को अवकाश लेकर गोरखपुर से बाइक पर अपने गांव जा रहे थे हैदपुर जा रहे थे कि तभी मईल चौराहे के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में एसएसबी जवान सतेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई मईल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जवान की पहचान उसके पास से मिले पहचान पत्र से हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

नपा में भ्रष्टाचार की एक और पोल खुली, जांच का आदेश

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर में ईओ अंकिता शुक्ला के भ्रष्टाचार का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि आचार संहिता में सोलर बैक्ट्री खरीदारी करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर सरकारी खजाने का बंदरबांट किये जाने मामला चर्चा में है। चर्चा कि वजह है भाजपा सोशल मीडिया के संयोजक शुभम दीक्षित, जिन्होंने इस मामले का खुलासा किया। इनके शिकायत पर अपर जिलाधिकारी

● भाजपा सोशल मीडिया के संयोजक शुभम दीक्षित के शिकायत पर एडीएम ने जांच का दिया आदेश

● आचार संहिता में टेंडर निकाल कर की गयी सोलर बैक्ट्री की खरीदारी

ने कसया एसडीएम को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अपर जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी कसया को जारी पत्र संख्या 407/एलबीसी/25-26 दिनांक- 12 अगस्त- 2025 में भाजपा सोशल मीडिया के जिला संयोजक शुभम दीक्षित के शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कर शीघ्र आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

क्या है शिकायत

भाजपा सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष शुभम दीक्षित द्वारा नगर पालिका परिषद कुशीनगर के जिम्मेदारो के खिलाफ अपर जिलाधिकारी कुशीनगर को दिये गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 चुनाव के दरम्यान आदर्श आचार संहिता की धज्जियाँ उडाते हुए, जैम पोर्टल पर टेण्डर का प्रकाशन किये बैगर समाचार पत्रों में गोपनीय टेण्डर निकालकर 70 सोलर बैक्ट्री की खरीदारी की गयी है।

सूत्र बताते है कि यह कार्य नगर पालिका परिषद कुशीनगर के तत्कालीन अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र व अध्यक्ष के मिलीभगत से किया गया।

हालांकि शिकायत पत्र में शुभम ने सिर्फ तत्कालीन ईओ को ही जिम्मेदार ठहराया है लेकिन जानकारों का कहना है कि टेण्डर निकालने से लेकर ठेका देने और भुगतान तक की सभी प्रक्रिया मे अध्यक्ष और ईओ की भूमिका बराबर की होती है। शिकायतकर्ता शुभम दीक्षित ने अपने शिकायत मे यह भी कहा है कि आदर्श आचार संहिता मे प्रादेशिक समाचारपत्रों में टेण्डर निकाल कर खरीदारी करके न सिर्फ आदर्श आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गयी बल्कि टेण्डर को जेम पोर्टल पर अपलोड न करना भ्रष्टाचार का घोतक है। इसके पीछे अपने चेहतो से खरीदारी कराकर सरकारी धन का बंदरबांट करने की मंशा साफ झलक रही है, जबकि कि नगर पालिका व नगर पंचायतों में किसी भी टेण्डर को निकालने से पहले जनपद में सर्वाधिक प्रसार वाले स्थानीय समाचार पत्र, सर्वाधिक प्रसार वाले प्रादेशिक अखबार व एक अंग्रेजी समाचार पत्र में टेण्डर प्रकाशित के साथ जेम पोर्टल पर निविदा सूचना को अपलोड करना अनिवार्य है।

किन्तु नगर पालिका कुशीनगर द्वारा अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की गरज से जिम्मेदारो ने गाइडलाइन को ताक पर रखकर सरकारी खजाने को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ा है।

कैसे होगी कार्रवाई

कहना ना होगा कि नगर पालिका परिषद कुशीनगर में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार के खुलासा के बावजूद जिम्मेदार बेखौफ है। वजह यह है कि नपाध्यक्ष किरन जायसवाल के पति सत्तादल के नेता है।

सूत्रो का कहना है कि अध्यक्ष पति इस बात से बेफिक्र है कि उनकी सरकार में कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता है अब देखना दिलचस्प है कि भाजपा सोशल मीडिया के संयोजक शुभम दीक्षित की शिकायत पर क्या कार्यवाही की जाती है।

स्मार्ट क्लास का किया शुभारम्भ

सोहावल-अयोध्या। परिषदीय शिक्षा में शुरू किए गए स्मार्ट क्लास बच्चों का ज्ञान बढ़ाने में मददगार होंगे। सरकार की यह नई शिक्षा व्यवस्था शिक्षा के उन्नयन में मील का पत्थर बनेगी। इस तरह की व्यवस्था पहले के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आने पाएगी इसके लिए, सरकार संकल्पित है।

यह विश्वास शनिवार को प्राथमिक विद्यालय तहसीनपुर में स्थापित किए गए स्मार्ट क्लास के मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

यशवर्धन राय की पुण्यतिथि पर हुआ पौधरोपण, शिक्षण सामग्री वितरित

कुशीनगर। यशवर्धन राय मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वाधान में शनिवार को स्वर्गीय यशवर्धन राय की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर फाजिलनगर विकास खंड के सोविलियन विद्यालय, गौरखोर में शिक्षण सामग्री वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को कॉपी, कलम, पेंसिल, रबर, कटर आदि शिक्षण सामग्री वितरित की गई तथा उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यावती देवी महाविद्यालय, तमकुहीराज के शिक्षक राणा प्रताप मिश्र ने कहा कि पुण्यतिथि पर शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े इस प्रकार के आयोजन सराहनीय हैं। नैतिक और संस्कारिक शिक्षा से राष्ट्र और परिवार का उत्थान होगा। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे चलकर देश व समाज का नाम रोशन करने की अपील की। संचालन फाउंडेशन के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी द्वारा किया गया, जबकि आभार ज्ञापन शिक्षिका मधुलिका ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इंद्र कुमार मिश्र, नयनतारा सिंह, प्रीति पांडेय, नयनपति देवी, निर्मला देवी, गौरी मिश्रा, द्रौपदी देवी, शकुंतला देवी, मनीषा देवी, घुरऊ उपस्थित रहे।

डोल मेला समितियों के साथ एसडीएम ने किया बैठक

तमकुहीराज, कुशीनगर। स्थानीय थाना परिसर में एसडीएम तमकुहीराज की अध्यक्षता में तमकुहीराज में आगामी 26 एवं 27 तारीख को, समउर बाजार में 31अगस्त व 1 सितंबर को आयोजित होने वाले डोल मेला के निमित्त पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मेला आयोजकों से डोल मेला सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुझाव लेकर तमाम बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद उन्हें आवश्यक निर्देश दिया गया।

शुक्रवार को तमकुहीराज थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम आकांक्षा मिश्र ने कहा कि परंपरागत डोल मेला सकुशल संपन्न होना चाहिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित व्यापारियों एवं मेला आयोजकों से तमाम बिंदुओं पर चर्चा कर उनका सुझाव लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि डोल मेला सकुशल संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित नहीं हो, इसकी व्यापक तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों की पहचान कर पुलिस टीम उन पर पैनी नजर बनाए हुए है। किसी भी दशा में शांति व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी। थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला ने मेला आयोजकों से उनके कमेटी एवं वालेंटियर के नामो की सूची अविलंब जमा करने की अपील किया। उन्होंने मेला आयोजकों एवं व्यापारियों से परम्परागत ऐतिहासिक डोल मेला को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग की अपील किया। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी वेदप्रकाश सिंह, चौकी प्रभारी डिबनी अवनीश सिंह, चौकी प्रभारी समउर, राजकुमार गुप्ता, दीनानाथ यादव, मृत्युंजय सिंह, महेश मिश्र, अजीत कुमार, मोहित उपाध्याय, असलान अहमद आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कलां अंतर्गत सरैया राजा साहब में बीती शुक्रवार की देर रात एक बीस वर्षीय युवक को सोते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरैंया राजा साहब निवासी अमन गुप्ता पुत्र स्व रामनरेश गुप्ता शनिवार को हर दिन की तरह चाट का ठेला घर पर खड़ा कर खाना खाकर कमरे में तख्त पर सो गया। जिसे सोते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया मगर परिजन जान नहीं सके और हालत गंभीर होती देख परिजनों द्वारा तत्काल उसे सीएचसी पहला लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मगर वहां भी हालत ठीक न होने के कारण परिजन उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले गये। मगर वहां वह भर्ती नहीं हो पाया। जिससे प्राइवेट अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। उसके मरने की खबर पाकर परिवार में कोहराम मच गया। गौरतलब हो कुछ समय पूर्व उसके पिता का तथा उसके बड़े भाई का निधन हो गया था। जिससे पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। सूचना पाकर देखने वालों का तांता लग गया तथा सभी हाय हाय कर रहे थे।

पत्नी से प्रताड़ित युवक ने दी जान

सीतापुर। जिले के तम्बौर इलाके में पत्नी और अपने ससुराल वालों से प्रताड़ित एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार ग्राम दरियाना निवासी अमित पुत्र तेजी ने गांव के बाहर एक पेड़े से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने बताया कि अमित का वैवाहिक जीवन करीब 6 साल पहले शुरू हुआ था। उसके उपरान्त तनावपूर्ण रहा। परिवार का आरोप है कि पत्नी शीलू और उसके परिजन अक्सर उससे विवाद करते थे। उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। लगातार हो रही प्रताड़ना के चलते अमित अवसादग्रस्त हो गया था। वह घर-परिवार से अलग-थलग रहने लगा था। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के परिजनों ने तहरीर देकर पत्नी शीलू और ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि इन्हीं दबावों और मानसिक यातना के कारण अमित ने आत्महत्या की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

चोरों ने पार किया लाखों का माल

सीतापुर। जिले के तम्बौर इलाके में अज्ञात चोरों ने एक घर को अपना शिकार बना लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। मोहल्ला अहमदाबाद पूर्वी में आफाक के घर में बीती रात चोरी की वारदात हुई। चोर घर के पीछे से सेंध लगाकर अंदर घुसे। चोरों ने अलमारी और संदूक को तोड़कर 10 हजार रुपये की नगदी, सोने-चांदी के जेवरात और फूल के बर्तन चुरा लिए। चोरी का सामान करीब 4 लाख रुपये का है। खटपट की आवाज सुनकर परिवार की नींद खुली। लेकिन तब तक चोर सामान लेकर फरार हो चुके थे। सुबह होते ही मोहल्ले में घटना की जानकारी फैल गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मोहल्लेवासियों का कहना है कि इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पीड़ित आफाक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मौका मुआयना किया और जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

पिकअप की टक्कर से महिला घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से अपने घर के सहन में बैठी महिला गंभीर घायल हो गयी। जिसे राहगीरों ने सी एच सी में भर्ती कराया। जहा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के पति ने तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओसिया के मजरा भटिनिया गांव निवासी अमृतलाल ने शनिवार को थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी रोशनी बुधवार शाम को घर के सहन में बैठी थी। तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रोशनी गंभीर घायल हो गई। जिसे सी एच सी सफीपुर में भर्ती कराया। जहा गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसके गंभीर चोटे आई है।

बाघ ने युवक को बनाया निवाला

- वन विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश
- जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच कर परिजनों को बधाया ढांढ़स

महोली(सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले एक गांव के युवक को बाघ ने निवाला बना लिया। मौके पर पहुँच कर ग्रामीणों ने क्षत-विक्षत शव को देख वन विभाग व पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के नरनी गांव निवासी सौरभ पुत्र गुड्डू उम्र 24 वर्ष अपना गन्ने का खेत देखने शुक्रवार शाम खेतों की तरफ गया था। जहां पर पहले से घात लगाए बैठे जंगली जानवर बाघ ने उस पर हमला कर दिया और उसे अपना निवाला बना लिया। शाम तक सौरभ घर नही पहुँचा तो परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी।परिजनों द्वारा कई बार उसके मोबाईल नम्बर पर फोन किया लेकिन उसका फोन नही उठा। जिसके बाद परिजन व ग्रामीण उसको खोजते हुए गांव के बाहर खेतो की तरफ पहुँचे। जहा पर देखा सौरभ की साईकिल खड़ी हैं। ग्रामीण एकत्रित होकर गन्ने के खेत में उसकी तलाश शुरू कर दी। सौरभ का शव क्षत-विक्षत अवस्था मे गन्ने के खेत के बीच मे पड़ा मिला। ग्रामीणों के मुताबिक शव को बाघ लगभग एक घण्टे तक अपना शिकार बनाता रहा। सौरभ का पैर 100 मीटर दूर मिला है। ग्रामीणों द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर वन विभाग टीम व पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार मौके पर पहुँचे।ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए वन विभाग की टीम मौके से भाग गयी। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। ग्रामीणों में वन विभाग के जिम्मरदारो के प्रति रौष व्याप्त हैं। लगातार कई वर्षों से बाघ का खौफ महोली क्षेत्र में व्याप्त हैं लेकिन वन विभाग केवल कागजी खानापूर्ति करते हुए हीला हवाली कर रहा हैं। जिसके चलते आज एक नवयुवक की निर्मम तरीके से मौत हो गई।शनिवार को शौरभ का शव नरनी गांव पहुचा तो हजारों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर वन विभाग की लापरवाही को क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी के सामने अपना दर्द बयां करने लगे जिसके बाद विधायक द्वारा वन विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द बाघ पकड़ने का निर्देश दिया गया। मौके पर पहुँच कर विधायक व वन अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पहुँचे डीएफओ नवीन खंडेलवाल ,ब्रजेश पांडेय एसडीओ व दुधवा से आई डॉक्टर दया अपनी टीम के साथ ड्रोन उड़ाकर बाघ को खोजने की कोशिश की लेकिन अभी तक बाघ की लोकेशन नही मिल सकी। वही घटनास्थल पर पहुँचे पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि एक वर्ष पूर्व मैने व सांसद धौरहरा आनन्द भदौरिया ने एक पत्र जिलाधिकारी सीतापुर को बाघ को पकड़वाने के सम्बंध में दिया गया था लेकिन वन अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नही की गयी जिसके बाद आज नरनी गांव में दुःखद घटना कारित हो गयी।भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने कहा कि मैं दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी हूँ सरकार के द्वारा जो भी मदद हो सकती हैं वो दिलाई जाएगी।वही क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि परिवार को सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिलाया जाएगा वही परिवार के एक सदस्य को वन विभाग में नौकरी दी जाएगी।वही वन विभाग की टीम जब तक बाघ नही पकड़ा जा रहा हैं तब तक इलाके में काम्बिंग करेगी।

बरौना न्यामतपुर में सेंधमारी जेवरात व नगदी पार

हसनगंज, उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरौना न्यामतपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से कीमती जेवरात, करीब 11 हजार रुपये नगदी, झुमकी, बाला, कमर पेटी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना का पता चलने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना पाकर हसनगंज पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थेल का मुआयना कर पीड़ित परिवार से जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही वारदात का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। गांव में लगातार घट रही चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। चोरी की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जब कि पुलिस जांच में जुटी है।

पालिका प्रशासन के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता(vol)

लहरपुर (सीतापुर)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत संस्था के तत्वाधान में तहसील इकाई लहरपुर के एक प्रतिनिधि मंडल ने तहसील अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू के नेतृत्व में नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश शासन राकेश राठौर गुरु से मिलकर लहरपुर के मुख्य बाजार में नाला निर्माण कार्य में ठेकेदारों व नगर पालिका प्रशासन के द्वारा पक्षपाती रवैया अपनाये जाने को लेकर एक ज्ञापन सौपा है।

दिए गए ज्ञापन के माध्यम से व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर के दरी मंडी से गुरखेत बाजार पुलिया तक नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है। नाला निर्माण में दुकानदारों के साथ पक्षपाती रवैया अपनाते हुए 28 से 29 फीट पर निशान देही की जा रही है। जबकि रोड की दूसरी तरफ 23 फीट पर नाला निर्माण कार्य कराया गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एक स्वर में नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश शासन राकेश राठौर गुरु को उक्त समस्या से अवगत कराते हुए न्याय संगत व्यवहार करते हुए समान दूरी पर नाला निर्माण करवाने के लिए पालिका प्रशासन को निर्देशित करने की मांग की है। जिस पर तत्काल नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु के द्वारा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अनूप राय को निष्पक्ष व न्याय संगत व्यवहार के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भगवती गुप्ता, नगर अध्यक्ष सीतापुर ब्रजेश रस्तोगी, नगर अध्यक्ष लहरपुर रियाज अहमद बबलू, उपाध्यक्ष, सियाराम जायसवाल व हाशिम अंसारी उपस्थित रहे।

खाद की भारी किल्लत पर आप का प्रदर्शन

उन्नाव। प्रदेश में खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की घोर नाकामी और किसानों के साथ किया जा रहा अन्याय है। इसी गंभीर मुद्दे पर जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव व जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नगर मजिस्ट्रेट को राज्यपाल संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि योगी सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। कुलदीप यादव ने कहा कि यह शर्मनाक है कि किसान अपनी ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है। इस मौके पर मुख्य रूप से यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष ललित वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष दीपक राजपूत, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अधिवक्ता प्रदीप यादव, यूथ विंग जिलाध्यक्ष दीपू कुमार यूथविंग जिला महासचिव भानू प्रकाश, जिला सचिव अंकित यादव, रईस अहमद, रमेश यादव, पप्पू खान, छात्र सभा प्रदेश सचिव अमन सोनी, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष अरविंद यादव, अनुज प्रजापति सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पटना देवकली गांव में मारपीट और पथराव, छह लोग घायल

शाहजहांपुर /शाहजहांपुर के कलान में नहर की पटरी काटने को लेकर पटना देवकली गांव में दो पक्षों में विवाद बढ़ गया। दोनों ओर से लाठी-डंडों और पथराव में दंपती समेत छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन की व्यवस्था पहुंचायी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय के अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित ग्रामो लालखेडा मिश्रणखेडा चहलहा मंझा धरमपुर आदि स्थानो मे उपजिलाधिकारी बीघापुर उन्नाव रणबीर सिंह व तहसीलदार महोदय बीघापुर गणेश सिंह के कुशल नेतृत्व में तहसील प्रशासन द्वारा बाढ पीड़ित परिवारो को भोजन की व्यवस्था की गयी है। लोगो को सुबह शाम खाना दिया जा रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल संजीव पांडेय गौरव मिश्रा व आनंद सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी के मार्गदर्शन में बाढ पीड़ित परिवारो को खाना खिलवाने व अन्य किसी परेशानी के निदान हेतु सहयोग कर रहे है। उपजिलाधिकारी बीघापुर द्वारा बाढ पीड़ितो की मदद हेतु हर समय तत्पर रहना अपने कार्य कुशलता का व मानवीय संवेदनशीलता का ज्वलंत उदाहरण है।

आप का प्रदर्शन, खाद के लिए भटक रहे किसान

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। प्रदेश में खाद की भारी कमी से परेशान किसानों के समर्थन में आम आदमी पार्टी शनिवार को सड़कों पर उतर आई। पार्टी ने प्रदेश भर के सभी तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया।

सीतापुर में जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में कार्यकताओं और किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताया। अवधेश मौर्य ने कहा कि खेती का सीजन चल रहा है और किसानों को खाद तक नहीं मिल रही। किसान लाइन में खड़े हैं, फिर भी खाली हाथ लौट रहे हैं। यह सरकार की नाकामी का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद वितरण में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। जिससे कालाबाजारी बढ़ रही है। आप की मांग है कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाये। वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, और किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित किया जाए। जिलाध्यक्ष ने सरकार पर उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार अन्नदाताओं को प्राथमिकता देने में विफल रही है। इस दौरान आप जिलाध्यक्ष मोहम्मद दिलशाद, किशोरी लाल कोरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

घाघरा कटान को लेकर बिसवां तहसील में सपाइयों ने किया जोरदार धरना प्रदर्शन

बिसवां नगर (सीतापुर)। जनपद में इस समय किसानों को खाद न मिलने तथा तहसील क्षेत्र में घाघरा नदी की कटान और छुट्टा जानवरों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व छात्रसभा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव की अगुवाई में सपाइयों ने तहसील बिसवां परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया और महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा गया।

मिली जानकारी अनुसार सपाइयों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की कि सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी और एनपीके उपलब्ध कराई जाए। प्राइवेट दुकानों पर भी खाद उपलब्ध कराई जाए ताकि इनका वितरण अधिक से अधिक हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की बड़ी मात्रा में कालाबाजारी हो रही है। जिस पर तत्काल रोक लगाकर उचित कार्यवाही की जाए। तहसील क्षेत्रांतर्गत घाघरा नदी में बढ़े हुए जलस्तर के कारण कई गांवों में भूमि कटान हुआ है। जिससे वहां रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है उन्हें जरूरी साधन उपलब्ध कराए जाएं। छुट्टा जानवर जो खुलेआम सड़कों पर घूम रहे हैं। जिनसे राजगीर हादसों का शिकार हो रहे है तथा फसलों को भी भारी मात्रा में नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे किसानों को काफी हानि हो रही है। इन्हें गौशाला भेजा जाए। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी समीम कौसर सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष कय्यूम कुरैशी, जिला सचिव राकेश जोशी, वरिष्ठ सपा नेता प्रमोद वर्मा, वरिष्ठ सपा नेता शब्बीर खान, विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव, सपा जिलाध्यक्ष युवजन सभा संदीप कश्यप, सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष मेराज हुसैन, जिला उपाध्यक्ष छात्र सभा रिंकल जोशी, श्याम यादव, शुभम रस्तोगी, सभासद अतीक घोसी, नूर नेता, ताज खान, आरिफ घोसी, माज खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं सपा के टिकट पर दो बार विधान सभा का चुनाव लड़ चुके अफजाल कौसर शामिल नहीं हुए। उनके इस धरने में शामिल नहीं होने पर तरह तरह की चर्चाओ का माहौल है। इस संबंध में अफजाल कौसर ने बताया कि मेरे पिता जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। जिसके चलते हम बाहर हैं। यह उनका निजी कार्यक्रम था, पार्टी की ओर से इस कार्यक्रम का कोई आह्वान नहीं था।

मटकी महोत्सव व आल्हा जागरण कार्यक्रम संपन्न

पुरवा, उन्नाव। विकासखंड के गावं त्रिपुरारपुर में न्यू बाल गोपाल कमेटी के द्वारा श्री देवीदीन बाबा मंदिर परिसर में मटकी महोत्सव कृष्ण लीला जगराता व भंडारा आल्हा मेला का आयोजन किया गया। इसमें गायको ने भजनों से श्री कृष्ण का गुणगान किया। कानपुर से आए गायक व नाटक कलाकारों ने भक्ति गीतों और भजनों व विभिन्न झांकियो से श्रद्धालुओं को भक्ति मय कर दिया। शुरूआत गायक हितेश मिश्र ने गणेश वंदना से किया। शालू शर्मा ने हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा गीत गाकर भाव विभोर कर दियां। वही हितेश मिश्रा ने देश भक्ति गीत ऐ गुजरने वाली हवा बता मेरा इतना काम करेगी क्या गीत गाए। साथ ही झाकियों मे गणेश बाहुबली हनुमान, राम दरबार फूलों की होली भस्म आरती, भोलेनाथ मां पार्वती जी फूलों की होली ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि सुमेरपुर ब्लाक प्रमुख योगेश बाजपेई भाजपा नेता नीशु शुक्ला, समाज सेवी पंकज मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि रजना प्रधान संघ अध्यक्ष अमित त्रिवेदी पुरवा चेयरमैन रेनू गुप्ता को विकास पटेल समाजसेवी त्रिपुरारपुर लखऊदेमऊ प्रधान नंदकिशोर के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर अतिथियों का सम्मान किया गया। सजय तिवारी सुशील कुमार पटेल बृज किशोर मास्टर बृजेश कोटेदार पीयूष पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

सड़क हादसे में दुग्ध व्यापारी की मौत

सीतापुर। थानगांव थाना क्षेत्र में शनिवार को सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक दुग्ध व्यापारी की मौत हो गई। जबकि दूसरा कावड़िया युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक हादसा थानगांव क्षेत्र के डेलिया गांव के पास हुआ जहां दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस व जनप्रतिनिधियों को घटना की सूचना दी। मौके से गुजर रहे सेउता विधायक ज्ञान तिवारी ने घायलों की नाजुक हालत देखते हुए तत्काल उन्हें अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था कराई। हादसे में घायल हुए एक युवक की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही थी, जिसे बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान अंबुज यादव पुत्र अनिल यादव निवासी गोलोक कोडर के रूप में हुई है, जो दुग्ध व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। वहीं इस हादसे में घायल दूसरा बाइक सवार युवक राजकुमार पुत्र बराती लाल निवासी बजेहरा सदरपुर का रहने वाला है। वह हादसे के समय चहलारी घाट से जल लेकर बाराबंकी स्थित प्रसिद्ध महादेवा धाम जा रहा था। राजकुमार का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

सामुदायिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

सीतापुर। जिला क्षय रोग अधिकारी मनोज देशमनी की अध्यक्षता में चतवहतंउउंजपब उंचचपदह दक चवचनसंजपवदे प्रम मेजपउंजपवद ;चडैच्‍त्वनदक 2 की सामुदायिक सलाहकार समिति (कैब) की बैठक का आयोजन नारी जागरण सेवा समिति टीआई सीतापुर के सहयोग से डीटीओ आफिस सीतापुर में किया गया। डीटीओ ने सभी कैब के सदस्यों को बताया कि यह प्रोग्राम जो कि राष्ट्रीय एड्स नियत्रंण संगठन (नाको) भारत सरकार द्वारा चलाये जाने वाला प्रोग्राम है। इसका मुख्य उद्येष्य पूरे जिले उच्च जोखिम वाले समूहों वाले लोगों की संख्या का अनुमान लगाया जा सके। इन ये लोग एचआईवी के जोखिम मे होते हैं। इसलिये इस आकड़ों के माध्यम से सरकार उचित कदम उठा सकेगी। ताकि इन समूहों के लिए एचआईवी/एड्स सेवाओं की रोकथाम पहचान और उपचार को बढ़ाया जा सके। कैब बैठक का मुख्य उद्येष्य पूरे सीतापुर जिले में क्षेत्र में थ्ैॅएडैडएप्क्न्एज्ळ की अनुमानित संख्या की मैंपिग की जाने वाली सभी गतिविधियों में साझेदारी, निगरानी तथा फील्ड पर आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु इस इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से डीटीओ देशमनी, समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल, पुष्कर सिंह क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर, दीपू चम्याल (क्लस्टर प्रिवेन्शन आफिसर आशीष दीक्षित (डीपीसी), सचिन चित्राठी (कार्यक्रम प्रबंधक), सीओ सिटी प्रतिनिधि सूर्यभान वर्मा, आईसीटीसी स्टाफ तथा एसटीआई स्टाफ की तरफ से उदय प्रता सिंह, बिन्नी मिश्रा, नवीन चन्द्र दीक्षित, शोभित शुक्ला, राजेश मौर्या, वन्दना, राखी तथा नारी जागरण सेवा समिति टीआई से दिलीप, गौरव, जितेन्द्र, मोहित, ममता, नगमा, नितिन, शशांक, अनीता, तथा पीयर और समुदाय के सदस्य आदि मौजूद रहे।

पकड़ी गई यूरिया की कालाबाजारी सचिव व चौकीदार पर रिपोर्ट दर्ज

सीतापुर। गोंदलामऊ विकास खंड की साधन सहकारी समिति समसापुर में यूरिया की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। किसानों की शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए समिति के सचिव प्रभाकर बाजपेई और चौकीदार रामखेलावन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि सुबह करीब 5 बजे चैकीदार रामखेलावन 9 बोरी यूरिया अवैध रूप से ले जा रहा था। ग्रामवासी महादेव सिंह ने समिति के पास डाले में यूरिया की बोरियां पकड़ीं। वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार और एआर सहकारिता नवीन चंद्र शुक्ला ने शुक्रवार को समिति पहुंचकर जांच की। रघुनाथपुर तेंदुआ गांव के किसानों महादेव सिंह, आकाश सिंह, मोनू सिंह, गंगाराम सिंह, राम सिंह, प्रवीण सिंह और हरिबक्श सिंह ने अपने बयान दर्ज कराए। किसानों का आरोप है कि समिति स्तर पर लंबे समय से खाद की अवैध बिक्री हो रही है। इससे वास्तविक किसानों को खाद के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। एडीओ सहकारिता मिश्रिख अजीत कुमार ने संदना थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार कटिया ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। किसानों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर एसडीएम मिश्रिख शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, एडीओ सहकारिता अनिल कुमार शुक्ला, एडीओ एजी गोंदलामऊ प्रमोद सोलंकी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

एसडीएम ने थाना दिवस में सुनीं जनसमस्याएं

असोहा, उन्नाव। थाना दिवस असोहा में प्रमेश श्रीवास्तव उपजिलाधिकारी पुरवा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल पांच शिकायत प्राप्त हुई। सभी जमीनी

विवाद से सम्बंधित रहीं टीम बना कर सभी शिकायतो की निस्तारण हेतु उपजिलाधिकारी द्वारा आदेशित किया गया। मौके पर किसी शिकायत का निस्तारण नही हो पाया।मौके पर राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी रही।

चोर ने कार के रिम समेत टायर किए पार

मिश्रिख। मोहल्ला सीताकुंड वार्ड नंबर एक में सक्रिय चोर गिरोह ने एक बार फिर अपनी करतूत से सनसनी फैला दी है। सीताकुंड वार्ड नंबर 1 में खड़ी वैगनआर कार के पीछे का टायर चोर रिम समेत निकाल ले गए। सुबह जब गाड़ी मालिक की नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है। स्थानीय निवासी विनोदानंद ने बताया कि रोज की तरह कार रात में घर के बाहर खड़ी थी। सुबह जब वह उठे और बाहर निकले तो देखा कि कार का पिछला टायर रिम सहित गायब है। चोरों ने न केवल टायर, बल्कि उसे पकड़ने वाला रिम भी खोलकर ले गये। इससे बीते कुछ माह पहले भी ऐसा ही मामला पांडे नगर क्षेत्र में सामने आ चुका है, जहां एक फेरीवाले की ओमनी वैन के चारों टायर चोर रिम सहित निकाल ले गए थे। इन वारदातों से अंदेशा जताया जा रहा है कि इलाके में कोई संगठित गिरोह सक्रिय है, जो चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

खाद की कमी को लेकर भामकियू ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली में खाद की कमी को लेकर भारतीय मजदूर किसान यूनियन ने शुक्रवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि पांच दिन पुराने टोकन वाले किसानों को भी खाद नहीं मिल पा रही है। प्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष राजूपाल के नेतृत्व में किसानों ने तहसील परिसर में नारेबाजी की। उनकी मांग थी कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर जांच करें और किसानों को तुरंत खाद उपलब्ध कराएं। किसानों का आरोप है कि गरीब किसान आधी रात से लाइन में लगते हैं, फिर भी उन्हें खाद नहीं मिलती। राष्ट्रीय प्रवक्ता एसपी सिद्धार्थ ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करवा पा रहे हैं। न ही वे इस मुद्दे को विधानसभा और संसद में उठा रहे हैं। उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार शशि वाला ने किसानों से बातचीत की। लेकिन किसान एसडीएम से मिलने की मांग पर अड़े रहे। अंत में उपजिलाधिकारी से फोन पर किसान नेताओं ने वार्ता की और नए तहसीलदार शशि वाला को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष शिवा कश्यप, जिला सचिव सरवन कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में महिला और पुरुष किसान मौजूद रहे।

संक्षेप

सरकारी चावल बरामद, दो पर केस दर्ज

ललितपुर। तालबेहट उपजिलाधिकारी के निर्देशन पर गुरुवार रात पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) एवं आंगनबाड़ी (आईसीडीएस) योजना में बांटे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा। वाहन से लगभग 26.50 क्विंटल चावल बरामद किया गया, जिसे कालाबाजारी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, पिकअप (संख्या यू.पी. 94 टी 8232) चालक सुनील रैकवार निवासी ग्राम बांसी ने बताया कि वह गाड़ी मालिक दीपक रैकवार के निर्देश पर गांव-गांव से चावल एकत्रित कर मध्य प्रदेश के चकरपुर में बेचने ले जा रहा था। मौके पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। बरामद चावल की जांच भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की टीम द्वारा कराई गई, जिसमें यह फोर्टिफाइड चावल पाया गया। इसके बाद चावल की बोरियों को स्थानीय उचित दर विक्रेता खिलन के सुपुर्द किया गया। पूरा मामला आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दर्ज किया गया है। वाहन मालिक दीपक रैकवार और चालक सुनील रैकवार दोनों पर आरोप तय किए गए हैं। पुलिस ने गाड़ी को सीज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

हादसे में छात्र की मौत, 4 घायल

बांदा। तिन्दवारी कस्बे में शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। इसमें एक बच्चे की मौत हो गयी जबकि 4 अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने आनन-फानन घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिंदवारी पहुंचाया। घटना उस समय हुई जब राजकीय इंटर कालेज के पास खड़े ई-रिक्शा में स्कूली छात्र बैठ रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर में 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। घायल छात्र कुलदीप ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगभग आधे घण्टे तक कोई इलाज नही किया गया। घायलों के सिर से खून बह रहा था। काफी देर बाद इंजेक्शन लगाया गया और जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर श्रेयांश सिंह ने बताया कि दोपहर 1:30 बजे घायल छात्रों को अस्पताल लाया गया। एक बच्चे की हालत बेहद नाजुक थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जबकि 4 अन्य घायल छात्रों को भी बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

खाद के लिए तरस रहे जिले के किसान: आप

ललितपुर। उत्तर प्रदेश में खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की घोर नाकामी और किसानों के साथ किया जा रहा अन्याय है। इसी गंभीर मुद्दे पर आम आदमी पार्टी शनिवार को प्रदेश भर के सभी तहसील मुख्यालयों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

● आम आदमी पार्टी ने किया प्रदेश व्यापी आंदोलन

खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। यह प्रदेश व्यापी आंदोलन सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालय पर किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह शर्मनाक है कि किसान अपनी ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी की मांग है कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, खाद वितरण में भारी भ्रष्टाचार और कालाबाजारी खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो खेती का मौसम चल रहा है, लेकिन खाद की कमी से बोआई बाधित किसानों को राहत देने के लिए विशेष सहायता पैकेज घोषित किया जाए। कालाबजारी बिचैलियों तुरन्त एफ.आई.आर. दर्ज की जाये। आरोप लगाते हुये कहा कि प्रदेश सरकार केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही है, किसानों को प्राथमिकता देकर अन्नदाता के हितों की रक्षा की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., रमेश कुमार, गनेश राम, बुद्ध सिंह बुन्देला, महेन्द्र कुमार पाराशर एड., मीना, हरीबाई राजपूत, भागवती, बबीता, सरोज, निहाल सिंह राजपूत एड., रानू विदुआ एड., गजराम एड., राघवेन्द्र, हरीराम के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

स्टॉक के बावजूद कुछ केन्द्र प्रभारी कर रहे मनमानी

बांदा। जिले में डीएपी और यूरिया खाद का पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद कुछ सहकारी समितियों के वितरण केन्द्रों में किसानों को टोकन देने के बावजूद वितरण नही किया जा रहा। शनिवार को तिन्दवारा सहकारी समिति

● खाद के लिए किसान परेशान, एक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

रेउना में सवेरे से बड़ी संख्या में किसान लाइन लगाकर खाद लेने का इंतजार कर रहे थे। लगभग 11 बजे केन्द्र प्रभारी ने प्रति किसान एक बोरी डीएपी देने की शुरूआत की। किसानों ने कहा कि कम से कम दो बोरी डीएपी दी जाए। इस बात से नाराज होकर केन्द्र प्रभारी ताला बंद कर वहां से चले गये। कुरौली गांव के किसान नागेश यादव, भरखरी के रामसजीवन, शिवगोपाल व कई अन्य किसानों ने बताया कि वितरण के दौरान ज्यादातर ऐसी ही प्रक्रिया अपनाई जाती है और खाद किसानो को न देकर इसकी कालाबाजारी की जा रही है।

जिलाधिकारी जे0 रीभा के निर्देश पर जिले में अब तक 148 छापे डाले गये हैं। इनमें 48 दुकानदारों को स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, फर्म का नाम अंकित न होने पर नोटिस जारी की गयी है। शनिवार को एसडीएम सदर, उप कृषि निदेशक ने छनेहरा लालपुर में शिकायत मिलने पर अधिकारियों के साथ किराए पर लिए गये कमरे में जांच की लेकिन ताला लगा था, खिड़की से देखने पर उर्वरक की बोरियां दिखाई पड़ीं। ताला तोड़ा गया और यूरिया व अन्य खाद मिलने पर अशोक उर्फ लल्लू सोनी पुत्र जागेश्वर सोनी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उप कृषि निदेशक ने वितरण केन्द्रों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता के लिए पीसीएफ के बफर गोदाम का निरीक्षण किया। गोदाम में 490 मीट्रिक टन डीएपी, 691 मीट्रिक टन यूरिया व अन्य खाद उपलब्ध मिली। कुछ भी हो लेकिन जिले के वास्तविक किसान डीएपी और यूरिया खाद के लिए बेहद परेशान हैं।

समाधान दिवस में 72 शिकायतें मिलीं, 34 का निस्तारण

बांदा। लोगों की शिकायतों के त्वरित और प्रभारी निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर शनिवार को जिले के थानों में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थाना समाधान दिवस में 72 शिकायतें मिलीं जिसमें 34 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने थाना मटौंध में लोगों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को इनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने थाना कोतवाली नगर में लोगों की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया। थाना कोतवाली देहात में तहसीलदार सदर विकास पाण्डेय और प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे ने लोगों की शिकायतें सुनीं और कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। गिरवां, नरैनी, अतर्रा, बदौसा, कोतवाली बबेरू, जसपुरा, चिल्ला में भी लोगों की शिकायतें सुनीं गयीं। बताते चलें कि थाना समाधान दिवस में कमोवेश राजस्व और छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान हो रहा है। इससे लोगों में थाना समाधान दिवस के प्रति भरोसा भी बढ़ रहा है।

पारम्परिक खेती की बजाय कैश क्रॉप पर ध्यान दें: राज्यमंत्री

बांदा। उद्यान विभाग के 50 वर्ष पूरा होने पर झांसी-प्रयागराज, चित्रकूट धाम मण्डल की औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान ने कहा कि उद्यान विभाग की 14 करोड़ 22 लाख धनराशि की परियोजनाओं एवं मण्डी की 9 करोड़ 70 लाख की धनराशि से सड़कों का निर्माण किया गया है।

उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड अन्य जनपदों की अपेक्षा प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि पहली औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिससे किसानों की आय बढ़े तथा किसान समृद्ध हों। उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत भूमि पर औद्यानिक खेती की जाती है, जिसके क्षेत्रफल को बढ़ाना है तथा इससे 40 प्रतिशत फसल का उत्पादन किया जा रहा हैं। पारम्परिक खेती से हटकर किसान कैश क्रॉप पर ध्यान दें तथा औषधीय फसलों को बढायें। औद्यानिक फसलें कम क्षेत्रफल में अधिक उपज देती हैं। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने

कहा कि उद्यान के तहत बागवानी क्षेत्र में वैज्ञानिकों द्वारा बतायी गयी तकनीक से उत्पादकता को बढायें। उन्होंने कहा कि किसानों की सिंचाई व्यवस्था के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना संचालित की गयी है। बागवानी की खेती उन्नत तरीके से बुन्देलखण्ड के अलग-अलग जनपदों में विभिन्न प्रकार की औद्यानिक खेती की जा रही है। अपर मुख्य सचिव बी एल मीणा ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण में विभिन्न योजनाओं में 10 करोड़ तक का अनुदान है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित खाद्य प्रसंस्करण की योजनाओं का उद्यमी/निवेष मित्र के सहयोग से आवेदन कर लाभ प्राप्त करें। उद्यान विभाग की पुस्तिका का विमोचन हुआ। गोष्ठी में कई जनपदों के विधायक, जिलाध्यक्ष भाजपा कल्लू राजपूत, निदेशक उद्यान भानू प्रकाश राम, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, उप निदेशक विनय कुमार यादव, उद्यान विभाग के अधिकारी एवं झांसी, प्रयागराज, चित्रकूट धाम मण्डल के किसान मौजूद रहे।

जहां जिज्ञासा है, वहीं भविष्य की जीत है: डा. गुप्ता

ललितपुर। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर स्थानीय संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। बीईओ जखौरा भुवनेन्दु अरजरिया के निर्देशन एवं डा.विकास गुप्ता जीत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर में बच्चों की उमंग, विज्ञान मॉडल्स की प्रदर्शनी और शिक्षा की रोशनी से जगमगा रहा था। छोटे-छोटे गांव के बच्चों ने जब अपने बनाए मॉडल्स प्रस्तुत किए तो उपस्थित जनसमूह को यह महसूस हुआ कि भविष्य सचमुच इन बच्चों के हाथों में है। शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती कि मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। विज्ञान मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश जायसवाल, शिक्षक मोहम्मद मुनीर, दिलीप सेन, श्रीमती उर्वशी साहू, मो. शाकिर, श्रीमती अंजली कुशवाहा और श्रीमती हेमलता विश्वकर्मा उपस्थित रहे। संस्था की ओर से एरिया लीड नीरज शर्मा, विनय चतुर्वेदी और हर्षित त्रिपाठी ने भी सभी मॉडल्स का अवलोकन कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर आयोजित यह मेला इस बात का प्रतीक बन गया कि छोटे गाँव के छोटे-छोटे सपने भी बड़े आसमान को छू सकते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि डा.विकास गुप्ता जीत ने कहा कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है। यह हमारे जीवन की धड़कन है। जब आप प्रयोगों से सीखते हैं, तो आपके भीतर आत्मविश्वास और कल्पनाशक्ति दोनों पनपते हैं। यह विज्ञान मेला साबित करता है कि गांव का बच्चा भी शहर के बच्चों की तरह बड़े सपने देख सकता है और उन्हें पूरा कर सकता है। कल यही बच्चे अंतरिक्ष की ऊँचाइयों को छूकर भारत का नाम रोशन करेंगे। कहा कि समाज सेवी संस्था एवं फाउंडेशन निरंतर इस प्रकार के प्रयासों को प्रोत्साहित करते रहते हैं ताकि ग्रामीण बच्चों को भी नवाचार और वैज्ञानिक सोच का अवसर मिले।

अठारहवीं पुण्यतिथि को विश्व बन्धुत्व दिवस के रूप में मनाया

ललितपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन द्वारा अगस्त 2025 को संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में विशाल रक्तदान जागृति रैली बड़ी धूमधाम से ढोल, नगाड़े, सैहरे, गुलाब के साथ निकाली गई। जिसका मुख्य उद्देश्य था कि वरदानी भवन में हो रहे 24 अगस्त रविवार को विशाल रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक भाई-बहन रक्तदान करके मानव जीवन को बचाएं। जिसमें रक्तदान कीजिए, मानवता के हित में

● रक्तदान के लिए निकाली विशाल जागृति रैली

काम कीजिए। रक्तदान करें, मानव जीवन बचाएं। साथ में सभी भाई-बहन स्लोगन तख्तीयां झंडे के साथ नारे लगाते हुए चले कि रक्तदान महादान, रक्तदान सबसे बड़ा महापुण्य। रक्तदान है सबसे ऊंचा, इसके जैसा दान न दूजा। रक्तदान अपनाओ, सब का जीवन बचाओ। रक्तदान एक फर्ज है, यही हम सब का धर्म है। रक्तदान करें और किसी को जीवन का उपहार दे। साथ में आदरणीय दीदीजी ने सभी से अपील की इस महायज्ञ में आप सभी अधिक से अधिक संख्या में सहयोग दें। जिसमें लाइंस क्लब समिति के मुख्य सदस्यों ने भी इस विशेष कार्य में सभी को सहयोग देने की अपील की। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं इसकी सराहना की। यह तुवन मंदिर से निकलकर नजाई बाजार, घंटाघर, सावरकर चैक होते हुए आजाद चैक पहुंची। जिसमें दैवीय भ्राता सनमति सराफ एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता सराफ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं लाइन्स क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे। साथ में बीके मायारानी, दीदी प्रीति दीदी, प्रियंका बहन, निशा बहन, पूजा बहन, शिवानी बहन, विद्यासागर भाई, एड.रामस्वरूप साहू, हरिशंकर साहू, रोहित श्रीवास्तव, किरण साहू, सीमा नरवरिया, मंजू साहू, लक्ष्मी साहू, सुमन यादव, भगवती यादव एवं शहर के विशेष गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शहर में पार्किंग स्टैंड का ठेका नहीं फिर भी वसूली जारी

ललितपुर। पहले ये जान लें कि शहर में वर्तमान समय में किसी भी प्रकार से तीन पहिया, चार पहिया या कारों की पार्किंग यानी स्टैंड का ठेका नहीं हैं।

ठेका न होने के बावजूद भी तीन पहिया सवारी टैक्सियों से अवैध वसूली धड़ल्ले से जारी है। वाहनों से अवैध वसूली की कई बार शिकायतें होने के बावजूद भी जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कार्यवाही न होने से अवैध वसूली कर रहे व्यक्ति का हौसला काफी बढ़ गया है।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता

बिजनौर। पिछले लंबे समय से एक भी शासनादेश जारी ना होने से नाराज माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को पूरा कराने के लिए जेडी कार्यालय मुरादाबाद पर धरना कर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जेडी व अपर मंडलायुक्त कार्यालय को सौंपा।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा के आवाहन पर सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने लंबित मांगों के शासनादेश जारी किए जाने की मांग को लेकर बीते दिन संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय मुरादाबाद पहुंचकर धरना दिया। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने दो दशक से लंबित मांगों का शासनादेश जारी ना करने पर सरकार के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन तिवारी, सुधीर पाठक व प्रदेश संयोजक संघर्ष समिति मुकेश सिन्हा के नेतृत्व में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र जेडी व अपर मंडलायुक्त कार्यालय को सौंपा। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और एकजुटता पर बल दिया।

मुख्यमंत्री व अपर मुख्य सचिव को संबोधित मांग पत्र में शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा सुविधा, वेतन विसंगति, प्रबंध समिति में भागेदारी, चतुर्थ श्रेणी से लिपिक पद पर पदोन्नति में ट्रिपल सी की बाध्यता, पुरानी पेंशन, नियुक्ति पद रोक हटाने, आऊटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने आदि को पूरा करने की मांग की। धरने में मंडल अध्यक्ष सुखलेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर सिंह, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष विशेष कुमार सहित बिजनौर से जिला मंत्री योगेश कुमार, कोषाध्यक्ष जिवेन्दर कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष अंशुल शर्मा, राम चरण सिंह, रामरतन देव, ब्रजेश गोस्वामी, जयवर्धन यादव, अनुराग भारद्वाज, प्रदीप बड़ौला, राजेन्द्र कुमार आदि ने भाग लिया।

आठ श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे गंगा सम्मान पुरस्कार 2025

ललितपुर। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली के निदेर्शानुसार राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरणीय पुनर्जीवन व जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु गंगा सम्मान पुरस्कार-2025 का आयोजन किया जाना है। डीएफओ, सदस्य सचिव जिला गंगा समिति गौतम सिंह ने बताया कि इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों को सम्मानित करना है, जिन्होंने जनपद में गंगा और उनकी सहायक नदियों की स्वच्छता व संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रदेश के सभी जिलों से जिला गंगा समितियों को निर्धारित प्रारूप और दिशा-निदेर्शों के अनुसार नामांकन राज्य स्वच्छ गंगा मिशन को उपलब्ध कराना है।

इसके बाद राज्य स्तर पर गठित कमेटी की ओर से गंगा सम्मान के लिए उपयुक्त व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों का चयन किया जाएगा। इस वर्ष गंगा सम्मान पुरस्कार निम्न आठ श्रेणियों में प्रदान किया जाना है। इनमें श्रेष्ठ स्वयंसेवी संगठन, श्रेष्ठ पर्यावरणविद, श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्था, श्रेष्ठ ग्राम प्रधान, श्रेष्ठ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, छोटी नदियों के पुनर्जीवन के प्रयास हेतु व्यक्ति, संस्था तथा संगठन, श्रेष्ठ जिला गंगा समिति, श्रेष्ठ जिला परियोजना अधिकारी को शामिल किया जायेगा।

जिला गंगा समिति के परियोजना अधिकारी नमामि गंगे केतन दुबे ने बताया कि उपरोक्त श्रेणियों में उपयुक्त नामांकन पत्र 30 अगस्त 2025 तक निर्धारित प्रारूप पर आवश्यक दस्तावेजों सहित राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उ.प्र. को उपलब्ध कराए जाने है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए प्रभागिय निदेशक कार्यालय में संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

बिजली चोरी पकड़ी , 20 पर केस दर्ज

नगीना, बिजनौर। बिजली चोरी की शिकायतो को लेकर एक्शन में आई विधुत विभाग की चालिस सदस्यों वाली टीम ने पुरे शहर नगीना में आज तड़के सुबह तीन बजे से छापेमारी अभियान चला कर बीस बिजली चोरों को रंगे हाथों पकड़ लिया और उनके खिलाफ थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों वाली इस चालिस सदस्यों वाली टीम की छापेमारी से शहर में हड़कंप मचा हुआ है। अधिशासी अभियंता डीसी शर्मा के नेतृत्व में चालिस सदस्यों वाली टीम के तेजतर्रार नगीना एसडीओ रामकेश, कोतवाली देहात एसडीओ संजय यादव, रायपुर सादात एसडीओ वी0एस0 यादव, नगीना शहर व ग्रामीण क्षेत्र के जेई रामानंद चैधरी सहित वाली इस टीम ने आज शनिवार की तडके करीब तीन बजे से पुरे नगर नगीना में बिजली चोरो पर लगाम कसने के उद्देश्य से छापेमारी करते हुए नगीना रायपुर रोड पर स्थित चुन्ना भट्टी के निकट से दो बिजली चोर, मोहल्ला लुहारी सराय से भी दो बिजली चोर, मोहल्ला लाल सराय, मोहल्ला सरायमीर, मोहल्ला पटेरी, मोहल्ला सैय्यद वाड़ा सहित अन्य मोहल्लों से बिजली चोरी करतें हुए रंगेहाथों पकड़े गए। बिजली चोरी के आरोप में पकड़े गए सभी बीस बिजली चोरों के खिलाफ विभाग ने थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। एसडीओ रामकेश ने छापेमारी के इस अभियान की पुष्टि करते हुए बताया कि बिजली चोरी करते पकड़े गए सभी बीस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

बदमाश ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल किया

धामपुर, बिजनौर। घर में सोए हुए एक व्यक्ति पर अज्ञात बदमाश ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात धामपुर तहसील थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम सदरूद्दीननगर निवासी अनिल कुमार (45 वर्ष) अपने घर की गैलरी में मच्छरदानी लगाकर सोया हुआ था। शनिवार की सुबह करीब दो बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने आकर सो रहे अनिल पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौके मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। घायल की पत्नी शिवानी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

डैम जलाशय पर निगरानी के लिए लगवाया सीसीटीवी कैमरा चोरी

अफजलगढ़, बिजनौर। पर्यटक स्थल पीली डैम जलाशय पर निगरानी के लिए लगाया गया सीसीटीवी कैमरा चोरी हो गया है। विभाग के अधिकारी मांमले पर लीपापोती कर शीघ्र दूसरा कैमरा लगवाने की बात कह रहे है। पीली डैम पर बरसात के दौरान नदियों के जल प्रवाह, संभावित बाढ़ की निगरानी, जलाशय का स्तर, जल संसाधनों का प्रबंधन आदि के साथ ही जलाशय क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग ने दो माह पूर्व गेट नंबर एक एवं बनैली बैराज गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। कुछ दिन पूर्व पीली डैम के गेट नंबर एक पर लगा कैमरा चोरी हो गया। एसडीओ पंकज कुमार जैन ने बताया कि शरारती तत्वों द्वारा ही इस कृत्य को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में विभागीय कर्मी द्वारा पुलिस में तहरीर दे दी गई है। शीघ्र ही दूसरा कैमरा लगवाया जाएगा।

बुखार से पीड़ित छात्रों का जिला अस्पताल में इलाज

बांदा। विकास खण्ड बड़ोखर खुर्द के अटल आवासीय विद्यालय अछरौंड़ वायरल बुखार के प्रकोप से कक्षा 6 से 10 तक के 40 छात्र बीमार हो गये थे। पहले एक-दो छात्रों में बीमारी के लक्षण दिखाई पड़े लेकिन बाद में अन्य छात्रों में भी बीमारी फैल गयी। विद्यालय के शिक्षकों ने तत्काल बीमार छात्रों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। यहां बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आर के गुप्ता व डॉ अशोक राजपूत ने उपचार किया। सभी बच्चों को उपचार के बाद स्टाफ नर्स के साथ वापस स्कूल भेज दिया गया। सीएमओ ने बताया कि जिला चिकित्सालय में शनिवार को आए 36 बच्चों का उपचार दो बाल्य रोग विशेषज्ञों ने किया। सभी बच्चे स्वस्थ्य पाए गए। बदलते मौसम को देखते हुए जनपद के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं आश्रम पद्धति विद्यालयों में अध्ययनरत एवं आवासित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल टीमों का मुख्य चिकित्साधिकारी ने गठन किया है। यह टीमें आवासीय विद्यालयों में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं वायरल संक्रमण से बचाव तथा उपचार का कार्य करेंगी। आवासीय विद्यालयों में मच्छरों से बचाव के लिए साफ-सफाई एवं फॉगिंग कराए जाने के बारे में नगर पालिका, नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए गये हैं। छात्रों के बीमार होन की जानकारी मिलते ही सीएमओ डॉ विजेन्द्र कुमार, अपर एसपी शिवराज और तहसीलदार विकास पाण्डेय अस्पताल पहुंचे और उन्होने छात्रों का हाल जाना। सीएमओ ने बताया कि छात्रों को वायरल बुखार था। उनका इलाज किया गया है।

जाखलौन में मनायी गयी लव-कुश जयंती

ललितपुर। ललितपुर के ग्राम जाखलौन में लव-कुश जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद जौनपुर बाबू सिंह कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक सदर रामरतन कुशवाहा के सानिध्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लव-कुश जयंती के अवसर पर आये गणमान्य एवं समाज के व्यक्तियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर सामाजिक एकता सद्भाव पर बोलते हुये अतिथियों ने एकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों से जहां एक ओर धर्म एवं संस्कृति को बल मिलता है वहीं सामाजिक सदभाव भी मजबूत होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बाबू सिंह कुशवाहा रहे। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिंह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर रामरतन कुशवाहा सहित जिला अध्यक्ष कुशवाहा समाज प्रकाश कुशवाहा, पंचायत मंडल अध्यक्ष सुजान कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुशवाहा, वृंदावन कुशवाह शत्रुघ्न कुशवाहा, जिला सहकारी बैंक के उप सभापति श्रीकांत कुशवाहा, दयाराम कुशवाहा,जितेंद्र कुशवाहा पन्नालाल कुशवाहा, नारायण, नत्थू पहलवान, जानकी, प्रमोद, हरिराम, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, पार्षद करण कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य रामू कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

प्रशिक्षण कार्यक्रम कल

सोनभद्र। जिला कृषि अधिकारी सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जनपद के समस्त बीज विक्रेताओं को 25 अगस्त,2025 को प्रातः 10 बजे से उप कृषि निदेशक, मंगुराही स्थित सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में बीज की बिक्री, ट्रांसफर इत्यादि के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा विकसित किये गया ।पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु जानकारी दिया जाना है।उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त बीज विक्रेताओं को निर्देशित/ सूचित किया जाता है कि 25 अगस्त,2025 को प्रातः 10 बजे से उप कृषि निदेशक, मंगुराही, सोनभद्र स्थित सभागार में ससमय उपस्थित होकर आन-लाइन माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगें।

पटना देवकली गांव में मारपीट और पथराव छह लोग घायल

शाहजहांपुर /शाहजहांपुर के कलान में नहर की पटरी काटने को लेकर पटना देवकली गांव में दो पक्षों में विवाद बढ़ गया। दोनों ओर से लाठी-डंडों और पथराव में दंपती समेत छह लोग घायल हो गए।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नवविवाहिता ने की खुदकुशी

बलिया। उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नवविवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार सरिता राजभर (19) का शव शनिवार सुबह शेखपुर स्थित उसकी ससुराल के एक कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात सरिता भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई और शनिवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो ससुराल वालों ने दरवाज़ा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से झांककर देखा तो वह फंदे से लटकी दिखाई दी। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उभांव थाने के प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के महरौ गांव की रहने वाली सरिता की शादी इसी साल जून माह में शेखपुर गांव के अभिषेक राजभर से हुई थी। दोनों का प्रेम विवाह था। अभिषेक निजी कंपनी में नौकरी करता है और घर से बाहर रहता है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सरिता ने खुदकुशी क्यों की। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

दो इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

मेरठ/मुजफ्फरनगर । मेरठ और मुजफ्फरनगर में पुलिस ने अलग-अलग अभियानों के तहत दो वांछित इनामी अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मेरठ में गोहत्या के एक मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। मेरठ के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस ने नियमित जांच के दौरान जानी थाना क्षेत्र के शेखपुरी बंभा चौराहे के पास एक संदिग्ध को रुकने का निर्देश दिया तो उसने गोली चला दी। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में वसीम कुरैशी नामक अपराधी के पैर में गोली लग गई। कुरैशी के पास से एक देसी पिस्तौल, कारतूस और बिना नंबर प्लेट वाली एक काली मोटरसाइकिल बरामद की गई है।पुलिस के मुताबिक कुरैशी नौ मार्च को गोवंश अवशेष मिलने के मामले में वांछित था और उसके खिलाफ मेरठ व गाजियाबाद में हत्या समेत विभिन्न अपराधों में 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस बीच, मुजफ्फरनगर में उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने रवि नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिस पर एक लाख रुपये का इनाम था। शुक्रवार शाम दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली चौक के पास हुई गोलीबारी के बाद यह गिरफ्तारी हुई। नगर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने बताया,"मुठभेड़ के दौरान रवि को गोली लगी है। वह एक दर्जन से ज़्यादा मामलों में वांछित था, जिसमें 18 अप्रैल, 2025 को भूसा आपूर्तिकर्ता से 11 लाख रुपये की लूट का मामला भी शामिल है। रवि दिल्ली और मेरठ में भी वांछित था।

डीएम ने सहकारी समितियों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

- अधिक धनरशि लेने की शिकायत मिलती है, तो सम्बन्धित के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाही: डीएम

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शनिवार को भ्रमणशील रहकर जनपद के विभिन्न सह संघ लि0 व बहु उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों को बिक्री के लिए आवंटन के उपरान्त 24 घण्टे के अन्दर यूरिया खाद को चहुंचने की स्थिति का औचक निरीक्षण कर, स्थिति का जायजा लिये। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने बहुअरा बहु उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, मधुपुर सह संघ लि0 राबर्ट्सगंज, बट बन्तरा उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति तथा गया रतवल उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति का आकस्मिक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहकारी समिति पर आये किसानों को मौके पर ई-पास मशीन के माध्यम से खाद वितरण की स्थिति को देखा और संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के मौके पर उपस्थित किसानों से वार्ता कर खाद वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि खाद वितरण सम्बन्धी किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो, इसकी सूचना से अवगत कराये, जिससे लापरवाही व शिथिलता बरतने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जा सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टाक रजिस्टर से मिलान करते हुए खाद वितरण की स्थिति का जायजा लिये। उन्होंने किसान बन्धुओं को अवगत कराया कराते हुए कहा कि संघों व समितियों पर खाद ससमय पहुंच जायें और किसानों को उपलब्ध हो जायें, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है, किसान बन्धुओं को खाद की कोई कमी नहीं है, किसानों को धैर्य बनाये रखने की जरूरत है, सभी किसान बन्धुओं को खाद उपलब्ध करा दिया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खाद वितरण व्यवस्था एवं कृषकों की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और जिला प्रबन्धक पी0सी0एफ0 को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र उर्वरक का एक्नॉलेज कराते हुए सहायक आयुक्त सहायक सहायक निबन्धक से समन्वय स्थापित करते हुए नगद बिक्री केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था करने तथा नगद उर्वरक वितरण समितियोंध्संघों को क्यू0आर0 के माध्यम से भुगतान कराना सुनिश्चित किया जाये, जिससे किसी प्रकार की शिकायत की समस्या न होने पायें। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद वितरण में किसी के द्वारा टैगिंग करते या मूल्य से अधिक धनरशि लेने की शिकायत मिलती है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही जायेगी, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। इस मौके पर ए0आर0 को-आपरेटिव श्री देवेन्द्र कुमार सिंह सहित समिति/संघों के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

संदिग्ध परिस्थिति में चिकित्सक का शव मिला

बागपत। जिले के बड़ौत थाना क्षेत्र में शनिवार को एक चिकित्सक का शव संदिग्ध परिस्थिति में बरामद किया गया। शव शनिवार को बड़ौत थाना क्षेत्र के कोताना रोड पर बिजली घर के पास से बरामद किया गया और मृतक की पहचान डॉ. परवेज (30) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही बड़ौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है व मामले की गहन जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। मृतक के परिजनों ने आशंका जताई है कि हत्या कर शव को नहर की पटरी पर फेंका गया है। इस आशंका के कारण परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि जब तक मामले का खुलासा नहीं होगा, वे शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। करीब एक घंटे तक समझाने-बुझाने के बाद परिजन राजी हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

पोषाहार वितरण में घोटाला,सीडीपीओ ने कहा हर हाल में मिलेगा नहीं तो दर्ज होगा केस

बीजपुर/सोनभद्र। म्योरपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंडारी में समूह सखी द्वारा पोषाहार बितरण में घपला किए जाने से लाभार्थियों में आक्रोश ब्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेज कार्रवाई की माँग की है ।बताया जाता है कि गाँव मे कुल सात आंगनबाड़ी केंद्र हैं जिसमें कुपोषित बच्चों को वितरण करने के लिए पोषाहार आदि का बितरण करना था लेकिन समूह सखी प्रभा देवी द्वारा दो बार पोषाहार उठान के बाद भी बितरण नही किया गया।

आरोप है कि 14 नवम्बर 2024 और 21 सितंबर 2024 को ब्लाक से पोषाहार का उठान तो किया गया लेकिन जुलाई अगस्त सितंबर तीन माह का पोषाहार वितरण नहीं किया गया है ।लाभार्थी महिलाओं ने इस बाबत समूह सखी से जानकारी माँगी तो समूह सखी द्वारा यह कहा गया कि बाल विकास पुष्टाहार केंद्र से उठान ही नहीं हुआ है ।जबकि शिकायत कताओं के पास उठान किए गए गल्ले का चलान पर्ची उपलब्ध है ।गौरतलब है कि क्षेत्र के अन्य ग्राम पंचायतों में पिछले महीने तक का वितरण किया गया गया है लेकिन पिण्डारी सेंटर पर वितरण में हीलाहवाली की जा रही है ।शिकायत के अनुसार चालान पर्ची के मुताबिक 25 क्विंटल 98 किलो चावल का उठान किया गया है लेकिन गाँव के किसी भी केंद्र पर पोषाहार वितरण नहीं किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों का चक्कर काट कर थके हारे लोगों ने विवश होकर लिखित शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेज सम्बन्धित कार्यकर्ती पर कारवाई की माँग की है ।सीडीपीओ म्योरपुर नागेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है मैं जाँच करा रहा हूँ निर्देश दिया गया है कि हर हाल में लाभार्थियों को पोषाहार वितरण करें अन्यथा केश दर्ज करा कर जेल भेजने तक की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

थाना दिवस का आयोजन

इटावा !शनिवार को माह के चतुर्थ शनिवार के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर जन शिकायतों को सुना गया तथा थाना दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया ।उक्त कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी एवं पुलिस के अन्य अधि, कर्मचारी उपस्थित रहे !

सीएम योगी के मार्गदर्शन में विकास का पर्याय बन रहा गोरखपुर : डॉ. धर्मेंद्र सिंह

गोरखपुर। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि दशकों तक अपेक्षा का शिकार रहा गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पूरे देश में विकास का पर्याय बन रहा है। गोरखपुर सहित पूरे प्रदेश में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास सीएम योगी की दूरदर्शी सोच, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और लोक कल्याणकारी नीतियों से संभव हो पाया है। इस अवसर पर विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, जीडीए बोर्ड के सदस्य राधेश्याम श्रीवास्तव, पवन त्रिपाठी, दुर्गेश बजाज आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडलायुक्त एवं जीडीए बोर्ड के अध्यक्ष अनिल ढींगरा और जीडीए के उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने स्मृति चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

दुकान से पैसा चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा न० 1 गायत्रीपुरम चौराहे पर संचालित एशिया टिम्बर स्टोर्स की काउंटर से चोर ने सुबह दस बजे के आस पास रुपये निकाल कर फरार हो गया जो दुकान में लगे सीसी टीबी कैमरे में कैद हो गया पिड़ित के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस मुकदमा कायम कर चोर की तलास शुरू कर दी स्थानिय थाना क्षेत्र के गायत्रीपुरम चौराहे पर संचालित एशिया टिम्बर स्टोर्स की दुकान के मालिक बाबर अली पुत्र अब्दुल रहमान ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि 22 / 8 / 25 को शुबह 10 बजे के आस पास एक अज्ञात लड़का मेरे आफिस में घुस कर काउंटर में रखा 60 हजार रुपये निकाल कर फरार हो गया लड़के द्वारा चोरी की पूरी करतूत सी सी टी बी कैमरे में कैद हो गयी है पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर पुलिस सी सी टी बी कैमरे में कैट फुटेज के आधार पर चोर की तलास में जुट गयी शनिवार को फर्टिलाइजर गेट के पास एक संदिग्ध लड़के एवं उसके साथ एक अधेड़ को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी पूछताछ में बाल अपचारी बिशोर ने चोरी करना स्वीकार कर ली जिसकी पहचान जीतेन्द्र कुमार निषाद (35) पुत्र पृथ्वी निषाद एवं बाल अपचारी बिपिन उर्फ नगुआ पुत्र जितेन्द्र कुमार निषाद निवासी सरैया वाजार गुलरिहा के रूप में हुई।

डिवाइडर से टकरायी पुलिस वैन, छह सिपाही घायल

प्रतापगढ़। जिले में प्रयागराज-लखनऊराजमार्ग पर शेखपुर के निकट शनिवार तड़के पुलिस की एक गाड़ी के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने की दुर्घटना में छह सिपाही घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने बताया कि शनिवार तड़के वह पुलिस मुठभेड़ की सूचना पाकर पुलिस बल के साथ घटनास्थल हथिगवां थानाक्षेत्र जा रहे थे कि तभी उनके साथ चल रही दूसरी गाड़ी शेखपुर के निकट डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि गाड़ी में सवार छह सिपाही घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए कुंडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

मुख्तार अंसारी के बेटे को गाजीपुर जेल से कासगंज जिला कारागार भेजा गया

गाजीपुर । बाहुबली नेता रहे मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी को सरकार के आदेश के बाद गाजीपुर जेल से कासगंज जिला कारागार स्थानांतरित कर दिया गया है। शुक्रवार की रात उमर को कासगंज के लिए रवाना किया गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल पांडेय ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उमर अंसारी को कासगंज जिला कारागार भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक उमर अंसारी को तीन अगस्त को अदालत में जाली दस्तावेज पेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, यह मामला उनके पिता की जब्त की गयी संपत्तियों को छुड़ाने के लिए दायर एक याचिका से जुड़ा है। गाजीपुर पुलिस ने उमर को राजधानी लखनऊ में गिरफ्तार किया था। उमर पर आरोप है कि उसने उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त की गई अपने परिवार की संपत्तियों को छुड़ाने के लिए अदालत में एक याचिका दायर करके अपना दावा सही साबित करने के लिए जाली दस्तावेज पेश किए। पुलिस बयान के अनुसार उन दस्तावेजों पर उमर की मां अफशां अंसारी के जाली हस्ताक्षर हैं। अफशां फरार है और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है। बयान में कहा गया कि धोखाधड़ी की गतिविधि का पता चलने पर उमर अंसारी के खिलाफ मोहम्मदाबाद थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर किया चालान

बीजपुर/सोनभद्र। थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपी के यूपी सीमा पर स्थित ग्राम सिरसोती बरन पुल से शनिवार सुबह पॉस्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में वांक्षित अभियुक्त को बीजपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ एंव वारंटियों की गिरफ्तारी के क्रम में पुलिस टीम क्षेत्रीय भ्रमण पर थी।

इसी बीच जरिए मुखबिर सूचना मिली कि मु अ स70/25 धारा 87,137,2,65,,1,बी एन एस तथा पास्को एक्ट 5d6 में पंजीकृत फरार अभियुक्त नीरज कहार पुत्र जोखन कहार निवासी ग्राम बरखी पिपरा थाना बारगवां जिला सिंगरौली एमपी के समीपी बार्डर यूपी में सिरसोती बरन पुल पर कही जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर भ्रमणशील पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर पहुंची तो पुलिस की गाड़ी देख आरोपी दबे पांव खिसकने लगा संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता बरतते हुए घेरेबंदी कर आरोपी को मौके से दबोच लिया। थाने लाकर पूछताछ और विधिक कार्रवाई के पश्चात उक्त मुकदमे में वांक्षित अभियुक्त को सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार के आदेश के निर्देश का पालन करते हुए न्यायालय रवाना किया गया ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दुनिया सिंह आरक्षी जितेंद्र कुमार पासवान शामिल थे।

शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर मंत्री ने माल्यार्पण किया

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव चन्द्रिका खेडा मे अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के बलिदान दिवस पर उनके पैतृक गांव में मंत्री धरमपाल सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

आयोजित जनसभा में उन्होंने हर सम्भव शहीद के गांव के लिए मदद करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को भी राहत सामग्री बांटी। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धरमपाल सिंह ने शनिवार को अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के बलिदान दिवस पर उनके पैतृक गांव चन्द्रिका खेड़ा पहुंचकर पार्क में लगी गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि अमर शहीद के गांव की समस्याओं का हर सम्भव प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। साथ ही गांव के लोगों को अपना मोबाइल नंबर देते हुए बताया कि कोई भी समस्या हो तो अवगत कराएं। सांसद साक्षी महाराज ने अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर विधायक श्री कांत कटियार, ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार निषाद, अतुल मिश्रा, अवधेश लोधी, ग्राम प्रधान माया देवी, महादेव प्रसाद लोधी आदि मौजूद रहे। इसके बाद मंत्री ने शिवराज पुर काली मिट्टी मार्ग पर गांव हिन्दू पुर के पास बने लघु सेतु का निरीक्षण किया साथ ही नया बंगला हिन्दू पुर के अड़तालिस बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी।

सई नदी का जलस्तर बढ़ा कई गांव डूबे, फसलें बर्बाद

जिला संवाददाता(vol)

हसनगंज, उन्नाव। हसनगंज तहसील क्षेत्र में सई नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। पानी भरने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है और खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। हालात का जायजा लेने शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रज्ञा पाण्डेय और क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत प्रभावित इलाकों में पहुंचे।

प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। खाद्य सामग्री, व अन्य जरूरी सामान ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसी भी परिवार को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा और शासन स्तर से हरसंभव मदद दी जाएगी। राहत वितरण कार्यक्रम में तहसीलदार अविनाश चैधरी, ग्राम प्रधान नीति बाजपेई, लेखपाल बृजेश पाल, जीतेन्द्र सिंह, सचिन विमल और राजन शर्मा आदि मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

महेवा गंज चौकी क्षेत्र में हुई चोरी

लखीमपुर खीरी। महेवा गंज चौकी क्षेत्र के कोपा गांव में सेंध लगाकर शुक्रवार की देर रात ग्रामीण के घर हुई चोरी। बरकत अली पुत्र जमशेद अहमद नि ग्रा० कोपा कोतवाली सदर ने महेवागंज चौकी पर शिकायती पत्र भेजकर बताया कि 22-8-025 को रात में खाना खाकर सो गया। देर रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर कमरे में घुस आये। व अन्दर से दखाजा बन्द कर । अलमारी का लॉकर तोड़ ?कर उसमें रखे जेवर सोने के माले, मंगलसूत्र, सोने की अमूँती, २) जोड़ी पायल, 5) चाँदी की अगुथी, ३०) हजार रु० रुपए चोर नकद ले गए। सुबह जागने पर चोरी जानकारी हो सकी। घटना की जानकारी होने पर महेवागंज पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों से पूछताछ हा की जा रही है।

खाद्यान्न प्राप्त करने से पूर्व ई-केवाईसी कराना अनिवार्य: डीएसओ

सोनभद्र। जिला पूर्ति अधिकारी सोनभद्र ध्रव गुप्ता ने अवगत कराया है कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ०प्र०, जवाहर भवन, लखनऊ के निदेशानुसार ऐसे सभी राशनकार्ड के लाभार्थियों को छोड़कर) जिनकी ई-केवाईसी कराये जाने का कार्य अवशेष है, उनके सापेक्ष होने वाले खाद्यान्न का वितरण अग्रिम माहों तक निलम्बित करते हुए, उन्हें ई-केवाईसी कराये जाने हेतु एस0एम0एस0 के माध्यम से रिमाइन्डर प्रेषित कर अवगत कराया जाय कि इन तीन माहों में प्रत्येक दशा में ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में उनकी यूनिट उनके राशनकार्ड से निरस्त कर दी जायेगी, जिन राशन कार्ड लाभार्थियों द्वारा दी गई समयावधि में ई-केवाईसी करा ली जायेगी, वे अग्रिम माह से खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु अर्ह होगें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि नये राशनकार्ड से सम्बन्धित सभी सदस्यों (यूनिट) को अथवा प्रचलित राशनकार्ड में जोड़ी गई यूनिट का खाद्यान्न प्राप्त करने से पूर्व ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य है।

पीसीएफ बफर गोदाम पर तैनात दो लिपिकों को एंटी करप्शन की टीम में दबोचा

लखीमपुर खीरी। एंटी करप्शन टीम ने पीसीएफ बफर गोदाम पहाड़पुर कोतवाली लखीमपुर में तैनात दो बाबुओं को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम कोतवाली सदर में लाकर पूछताछ की। शनिवार को एंटी करप्शन टीम लखनऊ ने पीसीएफ बफर गोदाम पहाड़ पर में तैनात बाबू हिमांशु शेखर को 70 हजार अनिल कुमार वर्मा को 20 हजार रुपए लेते एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली सदर में एंटी करप्शन की टीम दोनों बाबुओं से करीब 4:00 बजे तक पूछताछ करती रही। पूछताछ के बाद एंटी करप्शन की टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ लेकर लखनऊ चली गई। मीडिया के सवालों से एंटी करप्शन की टीम बचती हुई नजर आई।

सांसद ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

शाहजहाँपुर। सांसद अरुण सागर ने शनिवार को कटरा विधानसभा क्षेत्र के जैतीपुर ब्लॉक के करकौर सहित आधा दर्जन गाँवों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएँ सुनीं। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों को आवास, किसानों को सम्मान निधि, शिक्षा व सड़कों के क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य हुए हैं। सांसद ने कार्यकताओं और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनका उत्पीड़न किसी भी स्थिति में नहीं होने दिया जाएगा।

बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को गोली मारी, घायल

चंदौली। जिले में अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर एक महिला को गोली मार दी। घायल महिला का अस्पताल में उपचार जारी है।पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार देर रात सैयदराजा थानाक्षेत्र के वार्ड नंबर 10 में सफीउल्ला के घर में घुसे अज्ञात बदमाशों ने उसकी पत्नी दिलकश (40) को गोली मार दी। कंधे में गोली लगने के बाद महिला को वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।पुलिस के मुताबिक, सफीउल्ला मुंबई में नौकरी करता है और उसके घर में पत्नी दिलकश, बेटे व बेटियां रहती हैं। पुलिस को प्राप्त शिकायत में आरोप लगाया गया कि शुक्रवार देर रात करीब दो बजे कुछ आवाज सुनने के बाद दिलकश की नींद खुल गई और उसने अपने घर में कुछ बदमाशों को पाया। दिलकश के शोर मचाने पर एक बदमाश ने तमंचा निकालकर उसे गोली मार दी। चीख-पुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य भी जाग उठे और गोली से घायल दिलकश को जिला अस्पताल ले गए लेकिन हालत गंभीर के कारण उसे वाराणसी स्थानांतरित कर दिया गया।सैयदराजा थाना प्रभारी बीपी पांडेय ने बताया कि घर में घुसे बदमाशों का मकसद क्या था, इसकी जांच की जा रही है। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। महिला खतरे से बाहर है और पुलिस बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

मेरी हत्या होने पर अखिलेश यादव होंगे जिम्मेदार : पूजा पाल

कौशांबी। उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करने पर समाजवादी पार्टी से निष्कासित की गईं विधायक पूजा पाल ने कहा है कि अगर उनकी हत्या होती है तो इसके लिए समाजवादी पार्टी और उसके प्रमुख अखिलेश यादव जिम्मेदार होंगे ।पाल ने एक्स पर लिखा कि मेरे पति के हत्यारों को सजा मिल गई है। आपने (अखिलेश) मुझे जिस तरह से बीच रास्ते में अपमानित करके मरने के लिए छोड़ दिया है, उससे समाजवादी पार्टी के आपराधिक प्रवृत्ति के समर्थकों का मनोबल बहुत बढ़ गया है। इसलिए संभव है कि मेरे पति की तरह मेरी भी हत्या कर दी जाए। यदि ऐसा होता है तो मेरी हत्या का वास्तविक दोषी समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को माना जाए। पाल ने सपा से निष्कासित होने के बारे में लिखा , इतने बड़े बड़े दर्द सहने के बाद आपकी पार्टी से निष्कासन का दर्द बहुत छोटा दिखता है। अखिलेश यादव जी आप अपने दिमाग पर जोर डालकर यह याद कीजिए कि प्रयागराज की सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर मेरे पति की हत्या की गई थी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने का ढोंग करने वाली आपकी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में अति पिछड़े परिवार की बदनसीब बेटी के पति का पार्थिव शरीर, अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं दिया गया। आप अतीक अहमद जैसे पापी के आगे झुक गए होंगे, लेकिन इतने दिनों में मैं कभी किसी माफिया के सामने न झुकी हूं और न भयभीत हुई। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद की हत्या को लेकर पूजा पाल ने हाल ही में सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की थी जिसके बाद अखिलेश यादव ने पूजा पाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

सहारनपुर में गोकशी कर रही मां-बेटी गिरफ्तार

सहारनपुर। जिले में पुलिस ने कथित तौर पर गोकशी कर रही मां-बेटी को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि शुक्रवार रात को जनकपुरी थाने को मुखबिर से सूचना मिली कि दजपुरा निवासी नसीम कुरैशी अपने परिवार के साथ अपने घर में गोकशी कर रहा है। सूचना पाकर थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ नसीम कुरैशी के घर पर दबिश दी, जो अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से गौकशी करते हुए नसीम की पत्नी नूरजहां और उसकी बेटी तब्बसुम उर्फ रानी को गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने बताया कि मौके से गौ मांस अवशेष और गोकशी के उपकरण बरामद कर लिया गया है ।जैन ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाकर मांस के नमूने को जांच के लिये भेजा गया। पुलिस नसीम की गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रही हैं।

धान की फसल में निकलीं बालियां, किसान चिंतित

मझगांवा,गोरखपुर। गगहा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत अतायर के आधा दर्जन किसानों के खेत में समय से पहले धान की बालियां निकलने से किसान चिंतित हैं। शिकायत करने के पश्चात कृषि विभाग के कर्मचारी किसानों के धान की फसल की जांच करने खेतों में पहुंचे। गगहा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत अतायर में संम्भा 5204 वेरायटी की फसल की बालियां समय से पहले निकलने से परेशान किसान नवीन राय ने उच्चाधिकारियों से शिकायत किया था ।नवीन राय ने बताया कि गांव के ही अन्नू राय, संजीव कुमार राय, राघवेन्द्र राय, जितेन्द्र यादव, नर्वदेश्वर राय ने राजकीय कृषि बीज भण्डार से बीज लिया था ।समय से पहले बालिया निकलने की शिकायत करने के बाद शनिवार को कृषि विभाग के कर्मचारी किसान के खेतों में जाकर निरीक्षण किया ।इस सन्दर्भ में इंचार्ज अच्छेलाल गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत अतायर में बी पी टी5204 की धान की फसल संजीव कुमार राय के खेत का निरीक्षण करने के साथ अन्य किसानों की फसल का निरीक्षण किया गया ।

संक्षेप

शिक्षक की पिटाई से छात्रा बेहोश, हंगामे के बाद आरोपी हटाया गया

अयोध्या। बीकापुर के भारती इंटर कॉलेज में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कक्षा 9 की छात्रा को शिक्षक ने डंडों से इतनी बेरहमी से पीटा कि वह बेहोश हो गई। करीब दो घंटे तक बेहोशी की हालत में रहने के बाद छात्रा को सीएचसी बीकापुर से जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा। आरोप संविदा शिक्षक इंद्रसेन यादव पर लगा है। घटना के दौरान जब दो अन्य छात्राओं ने उसे रोकने का प्रयास किया तो शिक्षक ने उनकी भी पिटाई कर दी। इस पूरे घटनाक्रम से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय के कई शिक्षक ट्यूशन पढ़ाते हैं। जो छात्र-छात्राएं ट्यूशन नहीं पढ़ते, उन्हें कक्षा में प्रताड़ित किया जाता है। घटना की जानकारी होते ही भारी संख्या में ग्रामीण स्कूल गेट पर एकत्र हो गए और धरनाप्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने आरोपी शिक्षक की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और जांच कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। विद्यालय प्रबंधक ने बताया कि घटना की जांच के लिए समिति गठित की गई है।

योजनाओं का पारदर्शिता के साथ करें क्रियान्वयनः सांसद

जिला संवाददाता

अयोध्या। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में सांसद के साथ-साथ अम्बेडकरनगर लोकसभा सांसद लालजी वर्मा, विधान परिषद सदस्य राज्य स्तर से नामित एमएलसी बलराम यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह, विधायक रुदौली रामचन्द्र

- दिशा समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

यादव, विधायक मिल्कीपुर चन्द्रभान पासवान, विधायक बीकापुर अमित सिंह चैहान, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सांसद ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सर्वप्रथम वहां उपस्थित सभी अधिकारियों का परिचय लिया गया तत्पश्चात पूर्व बैठक के कार्यवृत्त अनुपालनीय बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक विकास की दृष्टि से एक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक होती है, जिसमें जिला प्रशासन व जन-प्रतिनिधिगणों द्वारा किये जा रहे विकास पर समीक्षा करते हुये समस्याओं को दूर किया जाता है और जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सुझावों पर चर्चा की गयी। सांसद ने कहा कि बैठक में जो भी अधिकारी अनुपस्थित है उनकी अगली बैठक में उपस्थित सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निजी लघु सिंचाई की समीक्षा करते हुये कहा कि बोरिंग की सूची विकास खण्डवार जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाए। इसके साथ-साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस संबंध में आयोजित बैठक व कैम्प में क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। इसके साथ साथ राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन-जिन ग्रामों में योजना पूर्ण है उनका सत्यापन कराया जाए। सांसद ने विभिन्न क्षेत्रों में खराब सड़कों की जानकारी दी गई जिसपर जिलाधिकारी ने कहा सभी जन-प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों की सूची उपलब्ध करा दे, उनको संबंधित विभाग से सही कराया जाएगा। सांसद ने कहा कि जनपद में जो भी जनकल्याणकारी योजनाओं सम्बंधी कैम्प, शिविर व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है

उसमें उस क्षेत्र से सम्बंधित जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाय। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन करते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित किया जाय। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि उपस्थित सांसद के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों का बैठक में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी सुझाव व शिकायतें बतायी गयी है उस पर सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी त्वरित कार्यवाही करते हुये समस्याओं का निस्तारण कराये तथा सुझावों का अनुपालन किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह द्वारा बिन्दुवार विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व शहरी, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, सर्वशिक्षा अभियान, बाल एवं पुष्टाहार विभाग, मध्यान्ह भोजन योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम आदि का बिन्दुवार समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार, परियोजना निदेशक गिरीश पाठक, उपनिदेशक कृषि, उपनिदेशक पर्यटन, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीसी एनआरएलएम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण व अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

डग्गामार बस समेत 6 वाहन को पीटीओ ने किया सीज

बाराबंकी। अनियमितता बरतने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग सख्ती के साथ अभियान चलाकर कार्यवाही करता हुआ दिखाई दे रहा है। अभियान के दौरान डग्गामार बस, बकाया टैक्स, ओवरलोड, बिना फिटनेस-परमिट समेत डिलीवरी वाहन मे सवारी ढोते मिलने पर थाने मे निरुद्ध किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि नियमो का उल्लंघन व सड़क दुर्घटनाओ को रोकने को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज शनिवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न मार्गो पर चेकिंग के दौरान दिल्ली से गोरखपुर जा रही 1 डग्गामार बस को नवीन बस अड्डा मे सीज, 1 जेसीबी का बकाया टैक्स, 1 डिलीवरी वाहन मे सवारी ढोते पाये जाने पर एवं 3 ओवरलोड वाहनो मे अनियमितता मिलने पर सीज किया। एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने बताया कि बिना मानक और नियम विरुद्ध वाहनों के संचालन पर सख्ती जारी रहेगी। वाहन स्वामी नियमों के विपरीत किसी भी वाहन का संचालन न करें।

तोरिया बीज मिनीकिट के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बहराइच। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शासन द्वारा जनपद को 1600 पैकेट (32 कुन्तल) निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अगामी रबी सीजन 2025-26 की बुआई से पूर्व कृषि विभाग के पंजीकृत कृषको को निःशुल्क तिलहनी बीज मिनीकिट तोरिया प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदनकर्ता किसानों का आनलाइन लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा। चयनित पात्र किसानों को पी.ओ.एस मशीन के माध्यम से तोरिया बीज मिनीकिट का वितरण किया जाएगा। उन्होनें बताया कि इच्छुक किसान 31 अगस्त 2025 तक कृषि विभाग के पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर निःशुल्क तिलहनी बीज मिनीकिट तोरिया प्राप्त कर सकते है।

30 लीटर शराब बरामद और लहन नष्ट

बहराइच। शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय व उप आबकारी आयुक्त, देवीपाटन प्रभार ,गोण्डा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक एवं जिला आबकारी अधिकारी बहराइच के पर्यवेक्षण में आज आबकारी निरीक्षक विमल मोहन वर्मा क्षेत्र 2, नानपारा, द्वारा मय स्टाफ आबकारी सिपाही श्री राजेश सिंह, राम यश कनौजिया , कमलेश कुमार द्वारा तहसील नानपारा अन्तर्गत जगदीश नगर में गांव के निकट बघौली के जंगल के किनारे स्थित नाले के समीप अवैध शराब बनाने के अड्डों को चिह्नित करके शराब बनाने के अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई जहां पर शराब बनाने के उपकरण, बरामद लहन लगभग 800 किलोग्राम एवं लहन बनाने में प्रयुक्त गुड़ लगभग 150 किलोग्राम को नष्ट किया गया, बरामद शराब लगभग 30 लीटर को कब्जे में लिया गया व आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में एक अभियोग पंजीकृत किया गया।

पांच अनाथ बेसहारा लड़कियों के सहारा बने समाजसेवी

जिला संवाददाता

अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा के हैरिंगटनगंज के बसवार खुर्द गांव में एक गरीब दलित व्यक्ति की मौत हो गई थी जिसके बाद उनकी 5बेटियां अनाथ हो गई क्योंकि इसके पूर्व में उनकी पत्नी का भी देहांत हो गया था। इस दुखद घटना की खबर मिलते ही जिले के चर्चित समाजसेवी राजन पांडेय तुरंत परिवार की मदद को हाथ आगे बढ़ाते हुए उन बच्चों से मिलने पहुंचे। समाजसेवी राजन पांडेय अपने साथ परिवार के लिए चारपाई गद्दा दरी चद्दर कम्बल सभी के लिए 5-5 सेट कपड़ा के साथ दाल चावल आटा सब्जी रिफाइंड सहित लगभग 3 महीना का पूरा रोजमर्रा सामान के साथ 2500 रुपए का आर्थिक सहयोग करके उनके दुखों को बांटने का प्रयास किया। समाजसेवी राजन की आंखे परिवार

से मिलते ही नम हो गई उन्होंने बच्चों को भरोसा दिलाया कि वो उनको हमेशा अपने बच्चों की तरह पालेंगे और उनको भरोसा दिलाया कि इस परिवार के हर दुख सुख में वो शामिल रहेंगे। श्री पांडेय से मिलने के बाद अपने मां बाप को खो चुकी बेसहारा बच्चियों को लगा की कोई हमदर्द मिल गया थोड़ी देर के लिए वो सभी अपना दर्द भूल सा गई। समाजसेवी राजन पांडेय ने जिले के सभी राजनीतिक पार्टी के नेताओं और समाज के समर्थ लोगों से हाथ जोड़कर मार्मिक अपील करते हुए निवेदन किया है कि आप सभी ऐसे बेसहारा बच्चों को अपना परिवार समझ कर हर यथासंभव मदद करें। समाजसेवी ने कहा कि बहुत दर्द होता है जब इतनी छोटी छोटी बच्चियों का भगवान सहारा छीन लेते है जबकि अपराधियों का परिवार फलता फूलता रहता है। राजन पांडेय ने आगे कहा कि ऐसे लोगों की मदद करने से बड़ा दान पुण्य धर्म का कार्य कुछ नहीं हो सकता इसलिए जब तक उनकी आखिरी सांस रहेगी तब तक ऐसे परिवारों की हर यथासंभव मदद करते रहेंगे। राजन पांडेय के इस कार्य की काफी चर्चा हो रही है कि जब कोई लड़कियां अनाथ होती है तो राजन पांडेय जी जितनी मदद हर कोई नहीं कर सकता।

प्राकृतिक मेंथा तेल पर 12 प्रतिशत जीएसटी को समाप्त करने को लेकर वित्तमंत्री को लिखा पत्र

बाराबंकी। बीती 6 अगस्त को कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने मानसून सत्र के दौरान जनपद के मेंथा किसानो की समस्याओ का मुद्दा रखते हुये चर्चा की। तथा वितमंत्री निर्मला सीतारमण को प्राकृतिक मेंथा तेल पर लगाये जा रहे 12 प्रतिशत जीएसटी को समाप्त करने को लेकर वित्तमंत्री को पत्र भेजा था। जिसके बाद वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने मेंथा की समस्या को संज्ञान में लेते हुये सिंन्थेटिक मेंथा तथा प्राकृतिक मेंथा का एच0एस0एन0 कोड अलग कर दिया। जिससे खाद पदार्थों और उत्पादों में मेंथा आयल के अलग अलग कोड को अंकित किया जायेगा। जिसमे मेंथा आयल की पहचान आसान होगी।

जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम हैः राजन यादव

बाराबंकी। एनर्जी कंजर्वेशन सोलर ग्रिन एनर्जी सॉल्यूशन टीम के तत्वाधान मे साई इंटर कालेज प्रांगण मे साइबर अपराध से बचाव एंव जागरुकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने छात्र-छात्राओ को जागरुक करते हुये कहा कि बैंक द्वारा कभी भी केवाईसी अपडेट कराने के लिए मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीसी, पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है। यदि ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी अनजान व्यक्ति के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांचे। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी, पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है। अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो। साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें।साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 एव वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराये। कार्यशाला मे निरीक्षक विनय प्रकाश राय, आरक्षी पंकज सिंह मौजूद रहे।

आशा बहू स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर पहुंचाने में निभाती हैं अहम भूमिकाः शिवाजीत सिंह

टिकैतनगर, बाराबंकी। विकासखंड पूरेडलई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर में आशा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रत्नेश कुमार सिंह एंव विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी शिवाजीत सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा0 विजय

- बीडीओ ने किया आशा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का शुभारम्भ
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं और आशा संगिनी को किया सम्मानित

कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मान समारोह मे वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा श्रेणी में पूनम सोनी को प्रथम, सुलोचनी को द्वितीय और सुषमा को तृतीय मिलने प्रशास्ति पत्र एंव खाते में क्रमशः

5000, 2000 और 1000 रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सौपा गया।

तो वही आशा संगिनी श्रेणी में रेनू सिंह प्रथम, कालोपति द्वितीय और कंचन सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला। इस मौके पर पूरेडलई बीडीओ श्री सिंह ने कहा कि आशा बहू स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में ऐसे सम्मान से अन्य आशा बहुओं को भी बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में रुचि अवस्थी, डॉ0 महेंद्र मोहन समेत स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मां और बेटियों की हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

बहराइच। बहराइच जिले में एक विधवा महिला और उसकी तीन बेटियों की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी अनिरुद्ध कुमार बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि उसका साथी बालकराम फरार था जिसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। अनिरुद्ध द्वारा बताए गए संभावित ठिकानों पर बालकराम की तलाश के लिए पुलिस ने लगातार छापेमारी की और सर्विलांस सेल व अन्य संसाधनों के माध्यम से उसकी निगरानी की जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि बालकराम मोतीपुर थाना क्षेत्र के रायबोझा स्थित गणेश मंदिर के पास मौजूद है जिसके बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया।

इससे पहले, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बृहस्पतिवार को बताया था कि रमईपुरवा गांव निवासी अनिरुद्ध कुमार 2018 में संपत्ति विवाद के चलते अपने भाई संतोष कुमार की हत्या के आरोप में जेल गया था। उन्होंने बताया कि हत्या के कुछ महीने बाद जमानत मिलने पर अनिरुद्ध ने अपने भाई की पत्नी सुमन (36) से जबरन संबंध बनाए और उसके साथ रहने लगा। उनकी दो बेटियां थीं छह साल की अंशिका और तीन साल की लाडो। उन्होंने बताया कि सुमन की अपने पति संतोष से भी एक बेटी नंदिनी (12) थी। चूंकि सुमन, अपने पति संतोष की हत्या के मामले में प्रमुख गवाह थी, इसीलिए अनिरुद्ध उस पर गवाही बदलने का दबाव बना रहा था लेकिन सुमन के इनकार के बाद अनिरुद्ध ने उसकी हत्या की साजिश रची।

तिवारी ने बताया कि सुमन हाल में अपनी तीन बेटियों के साथ मायके आई थी और 19 अगस्त को सुमन की मां रमपता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि सुमन और उसकी तीनों बेटियां 14 अगस्त से लापता हैं। सुमन के परिजनों को संदेह था कि अनिरुद्ध और उसके एक साथी ने चारों को जान से मारने की नीयत से अगवा किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोतीपुर थाना क्षेत्र के गायघाट पुल के पास से अनिरुद्ध को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में अनिरुद्ध ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी बालकराम की मदद से सुमन और उसकी तीनों बेटियों को 14 अगस्त को मिहींपुरवा कस्बे में बुलाया था जिसके बाद वह उन्हें लखीमपुर खीरी जिले के खम्हरिया क्षेत्र में शारदा नदी पर बने एक पुल पर ले गया और चारों को नदी में धकेल दिया।

एएसपी ने बताया कि घटनास्थल के पास झाड़ियों से सुमन और लड़कियों के कपड़े, एक बच्ची के जूते और अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। हालांकि, चारों के शव अब तक नहीं मिले हैं।

महसी में सम्पन्न हुई ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक

बहराइच । जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बताया कि आकड़ा विश्लेषक अरूण कुमार की अगवाई मे ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक ब्लॉक महसी मे बीडीओ अरूण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में मिशन वात्सल्य (बाल संरक्षण), बाल श्रम, शिक्षा सुरक्षा, बाल विवाह, आवश्यकता एवं देख-रेख, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया, बाल सेवा योजना, प्रर्वतकता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना को प्रभावी बनाने जैसे मुद्दो पर चर्चा की गई तथा बच्चों के अधिकारों एवं बच्चों के विकास एवं बाल संरक्षण से सम्बंधित हेल्प लाईन नम्बर 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन), 181, 1090, 112 आदि तथा किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति की जानकारी दी गयी। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर पर नियमित रूप से बैठके लगातार आहूत की जाये। इस अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी थाना हरदी, प्रथम संस्था से अश्वनी सिंह, राकेश चैबे, पवन यादव व ग्राम सभा अध्यक्ष एवं आमजन मौजूद रहे।

एएसपी ने सरजू घाट का किया निरीक्षण

बहराइच। आगामी त्यौहार कजरीतीज पर्व के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री रामानन्द कुशवाहा एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर श्री रमेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा सरजू घाट (भग्गड़वा बाजार) का किया गया निरीक्षण ।दिनांक 23.08.2025 को आगामी त्यौहार कजरी तीज पर्व को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री रामानन्द कुशवाहा एवं क्षेत्राधिकारी पयागपुर श्री रमेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा सरजू घाट (भग्गड़वा बाजार) का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा कांवड़ियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा घाट से लेकर बाबा बागेश्वर नाथ शिवालय पयागपुर तक मार्ग का निरीक्षण किया गया तथा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश ।

केला रोपण के लिए उपयुक्त समय का लाभ उठायें कृषक

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि वर्तमान समय में केला रोपण का उपर्युक्त समय प्रारम्भ है।

विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी मिशन अन्तर्गत केला उत्पादक कृषक जनपद हेतु नामित कम्पनी से कृषक अंश जमा करते हुए पौधा प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से विभागीय पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट कॉम पर स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर अपने प्रपत्र कार्यालय में जमा कर सकते है। कृषकों का चयन ह्यह्यप्रथम आवक-प्रथम पावकह्लह्ल वरीयता के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए योजना प्रभारी पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

डीएम की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

बहराइच। कार्यदायी संस्थाओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि विभाग अन्तर्गत संचालित समस्त छोटे-बड़े कार्यों के प्रगति का अद्यतन विवरण उपलब्ध कराना सुनश्चित करें। डीएम ने निर्देश दिया कि अनारम्भ, अपूर्ण एवं पूर्ण परियोजनाओं का अलग-अलग विवरण उपलब्ध कराया जाय तथा हस्तान्तरित न होने वाली पूर्ण परियोजनाओं का विवरण भी कारण सहित उपलब्ध कराएं ताकि हस्तान्तरण में आ रही बाधा को दूर कर परियोजनाओं को जनोपयोग में लाया जा सके। डीएम श्री त्रिपाठी ने कार्यदायी संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया कि आनगोईंग परियोजनाओं में यदि किसी स्तर पर कोई बाधा आ रही है तो तत्सम्बन्धी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाये ताकि प्रशासकीय विभाग एवं शासन स्तर से समन्वय कर समस्या का समाधान कराया जा सके।

डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि यदि निमार्णाधीन परियोजनाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यवधान एवं भूमि विवाद उत्पन्न होता है तत्काल प्रशासकीय विभाग को समाधान हेतु अवगत कराया जाए। डीएम ने कहा कि इस

सम्बन्ध में प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उत्पन्न व्यवधान का समुचित निराकरण कराएं जिससे कार्य की प्रगति एवं निरन्तरता प्रभावित न हो। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप पूर्ण कराएं तथा निर्माण कार्य से सम्बन्धित माइल स्टोन का माहवार लक्ष्य का चार्ट उपलब्ध कराएं, जिसके सापेक्ष निर्माण कार्य की मासिक प्रगति की समीक्षा की जा सके।

डीएम श्री त्रिपाठी ने निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्थाओं तथा नोडल विभाग के अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा नियमित रूप से निर्माण स्थलों का सघन निरीक्षण भी करें। उन्होंने कार्यस्थल पर निरीक्षण पंजिका रखे जाने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी परियोजनाएं जिन पर धनराशि उपलब्ध है उन पर नियमानुसार धनराशि व्यय कर प्रगति अर्जित की जाये तथा ऐसे कार्य जिनमें द्वितीय किश्त की धनराशि उपलब्ध नहीं है, विभागीय अधिकारी विभागाध्यक्ष को पत्र प्रेषित करें तथा जिलाधिकारी की ओर से शासन को पत्र भिजवाया जाय।

डीएम डॉ. त्रिपाठी ने राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया कि निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका तजवापुर का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय ताकि बच्चों का पठन-पाठन कार्य शुरू किया जा सके। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं व नोडल विभागों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि कार्यों की गुणवत्ता व मानक के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। सत्यापन के दौरान निर्माण कार्य के मानक व गुणवत्ता निम्न स्तर की पायी जाने पर सभी सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए नियामनुसार कार्रवाई की जायेगी।

बैठक का संचालन जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रान्तीय खण्ड प्रदीप कुमार व निर्माण खण्ड-1 के अमर सिंह सहित अन्य व अधिकारी कार्यदायी संस्था प्रतिनिधि मौजूद रहे।

33176 बैग यूरिया मिली

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने बताया कि जनपद बहराइच को चंबल कम्पनी की 33176 बोरी उर्वरक और प्राप्त हुई। जिले को प्राप्त हुई 33176 बोरी उर्वरक के सापेक्ष निजी क्षेत्र को 15400 बोरी एवं सहकारिता को 17776 बोरी का वितरण किया गया है। जनपद बहराइच की चिलवरिया रैक पॉइंट पर प्राप्त इंडोरामा यूरिया रैक का जिला कृषि अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। डॉ. यादव ने बताया कि थोक उर्वरक विक्रेता एवं कंपनी प्रतिनिधि द्वारा रैक प्वाइंट पर प्राप्त समस्त यूरिया सीधे रिटेलर्स एवं कोऑपरेटिव समिति को भेजने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया अगले दो दिनों में एक रैक और मिलने की संभावना है। डॉ. यादव ने बताया कि जनपद में सुव्यवस्थित ढंग से उर्वरक का वितरण कराये जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तहसील स्तर पर नोडल एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी, ब्लाक स्तर पर पर्यवेक्षणीय अधिकारी के साथ-साथ लेखपाल/कानूनगो तथा कृषि विभाग के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी ड्यूटी लगायी गई है।

संक्षेप

छात्रों ने किया पौधरोपण

सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के उर्दू विभाग द्वारा दिन शनिवार को वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान उर्दू विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निकहत रफीक ने बी.ए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्र-छात्राओं को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इन्होंने कहा कि पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पेड़ पौधे ही एक तरफ जैवमंडल की श्वसन प्रक्रिया के लिए आक्सीजन मुहैया कराते हैं तो दूसरी तरफ ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणामों से संरक्षण भी प्रदान करते हैं। इसलिए जीवन के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए की वृक्षारोपण अवश्य करें। उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने एक पेड़ एक मां के नाम लगाने का वादा किया। इस दौरान सलीम खान मोहम्मद अतीक नूर आलम सानिया यासमीन हनफी कुलसुम बानो जैनब जलाल रिजवा नुसरत उमेरा व जिकरा आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सलोन, रायबरेली। राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई घटना उस दौरान घटी जब युवक बाइक से अपने घर सलोन किसी काम से जा रहा था। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के रायपुर महेवा निवासी आशीष कुमार (27) पुत्र राकेश कुमार शुक्रवार की शाम बाइक से अपने घर से सलोन किसी काम के लिए निकला था। जानकारी के मुताबिक सलोन रायबरेली मार्ग स्थित बगहा न्याय पंचायत के समीप बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गम्भीर रूप से घायल युवक को सीएचसी सलोन से जिला अस्पताल रिफर किया गया है देर रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई युवक की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को हुई परिवार में हड़कम्प मच गया। बेटे के मौत की खबर पर परिजन जिला अस्पताल गेट के सामने दहाड़े मार कर रोने लगे। कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

इण्टर के छात्र ने लगायी फांसी, मौत

बछरावां, रायबरेली। बछरावां नगर के रेलवे स्टेशन के के समीप रहने वाले एक 18 वर्षीय किशोर ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया। दर्दनाक घटना शनिवार दोपहर 12 बजे से 1 बजे के आसपास की है कस्बे के प्रताप नगर निवासी सुरेंद्र द्विवेदी का 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक द्विवेदी उर्फ राजे एसजेएस बछरावां में इंटरमीडिएट का छात्र है स्कूल में इस समय त्रैमासिक परीक्षा चल रही है। अभिषेक 12 बजे परीक्षा देने के बाद घर वापस आ गया और छत पर बने कमरे में चला गया। वहीं अभिषेक के पिता ने जब किसी कार्य के चलते अभिषेक को आवाज लगाई तो उन्हें कोई उत्तर नही मिला तो ऊपर जाकर देखा तो कमरे को बंद पाया, कई आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नही खुला तो उन्होंने दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश किया कमरे के अंदर का दृश्य देखकर उनकी रूह कांप गयी अभिषेक कमरे के अंदर लगे पंखे के हुक से लटका हुआ था। आनन फानन में सभी लोग उसको लेकर बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे जहाँ डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया, पुलिस ने परिजनों की सहमति पर शव का पंचनामा कर उसको उनके सुपुर्द कर दिया।

देशभक्ति की सच्ची मिसाल हैं राणा साहेब : अमृता सिंह

नेहरू नगर क्रॉसिंग की अश्वरोही प्रतिमा पर लोगों ने किया याद

रायबरेली। राणा बेनी माधव बॉक्स सिंह की 221वीं जयंती की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलन करके राणा को याद किया गया। शहर के नेहरू नगर क्रॉसिंग पर राणा बेनी माधव बक्श सिंह की अश्वरोही प्रतिमा पर 221 दीप जला करके समिति के सदस्यों ने नमन किया। बैसवारा की माटी के वीर सपूत राणा बेनी माधव सिंह की प्रतिमा पर दीप अर्पण के साथ ही लोगों ने राणा के व्यक्तित्व से देश-भक्ति की सच्ची प्रेरणा लेने की बात कही।

दीप प्रज्वलन के दौरान एडीएम राजस्व अमृता सिंह ने कहा कि राणा बेनी माधव सिंह जिले की शान हैं और राणा सबके हैं। उन्होंने कहा कि राणा बैसवारा की शंकरपुर रियासत के शासक राजा राणा बेनी माधव सिंह न केवल रायबरेली बल्कि पूरे अवध क्षेत्र के लोक नायक थे। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राणा ने अपने साहस एवं पराक्रम के बलबूते इस संपूर्ण भूभाग को जून 1857 से नवंबर 1858 तक ब्रिटिश हुकूमत से स्वतंत्र रखा था। इसीलिए राणा के लिए कहा गया है कि, ह्यअवध मा राणा भयो मदार्नाह्य, जय स्वदेश जय राघव, भारत माता की जय, वंदे मातरम!

नेहरू नगर क्रॉसिंग की अश्वरोही प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम सभासद एसपी सिंह के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर हरिहर सिंह, रवींद्र सिंह, मोहम्मद इलियास, अभिषेक विक्रम सिंह, डॉक्टर जितेंद्र सिंह, सुधीर दुबे, राजा भदोरिया, राजन कछवाह, रामराज सिंह, डॉ आर एन सिंह, रणविजय सिंह गंगापारी, जीबी सिंह रमेश सिंह, अजीत सिंह, हरीशानंद मिश्रा, सुभाष भदोरिया, प्रवेश यादव, आरबी सिंह, दलजीत कौर, गोविंद सिंह चैहान, सुनील भदौरिया, गुड्डू सिंह, डॉ अभिषेक द्विवेदी, नरेंद्र प्रधान, परमेंद्र पाल गुलाटी, संतोष सिंह, ओपी यादव एडवोकेट, बबलू केसरिया, हनुमत शरण सिंह, डॉ धनंजय सिंह, शिव कुमार सिंह, पवन सिंह, अंकित सिंह, अजीत सिंह बघेल, पत्रकार अशोक शर्मा, संतोष साहू, डॉ चंपा श्रीवास्तव, जीसी सिंह चैहान, अतुल गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, प्रभाकर गुप्ता, संदीप जैन, नरेंद्र फौजी, मुकेश श्रीवास्तव, गायत्री पीठ के समस्त पुजारी व नगर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

पारिवारिक रंजिश में हुए दोहरे हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तार

- भेजा जेल मामले की जांच शुरू

मुसाफिरखाना, अमेठी। बीते गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के रुदौली गांव में पारिवारिक रंजिश में हुए दोहरे हत्याकांड का 48 घंटे के भीतर कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया। घटना में शामिल सभी आरोपियों को हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बीते गुरुवार को दोपहर करीब में कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रुदौली गांव के सिवान में मां बेटे की निर्शंस हत्या कर दी गई थी। जमीनी रंजिश व धान के खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने के कारण फसल खराब होने को लेकर रामराज ने खेत में काम कर रही अपनी भाभी रामा देवी 50 वर्ष पत्नी उदय राज व भतीजे आकाश सरोज उम्र 19 वर्ष पुत्र उदय राज की निर्मम हत्या कर मौके से फरार हो गया था। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सीओ अतुल सिंह प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह मय पुलिस बल मौके पर पहुंच कर घटना के संबंध में छानबीन शुरू कर दी थी। घटना के संबंध में मृतका रामा देवी के भाई जगराम सरोज की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने घटना में शामिल चार नामजद आरोपियों के विरूद मुकद्दमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए थे। शुक्रवार को शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचने पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। एसडीएम अभिनव कनौजिया सीओ अतुल सिंह व कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह के समझाने बुझाने पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। कोतवाली पुलिस की अलग अलग टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी करने में जुटी थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना में शामिल फरार आरोपियों रामराज उर्फ राजू सरोज पुत्र स्वामीनाथ सरोज व रामलली पत्नी रामराज उर्फ राजू सरोज निवासी ग्राम पूरे भवन मजरे रुदौली कोतवाली मुसाफिरखाना अमेठी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने गिरफ्तार आरोपियों रामराज की कब्जे से एक झोले में हत्या में प्रयुक्त सरिया मोड़ने वाला लोहे का एक कुंद हथियार, एक खुरपी व एक बांस का डंडा बरामद किया। वही गिरफ्तार आरोपियों के साथ ही घटना में शामिल दो बाल अपचारी दो नाबालिक पुत्रियों को नियमानुसार पुलिस निगरानी में ले लिया है।

आरआरपीजी कॉलेज में मना राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

अमेठी। शनिवार को आरआरपीजी कॉलेज में द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि 23 अगस्त की तिथि को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में इसरो की चंद्रयान-3 लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की याद में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप मनाने की घोषणा की थी जो आज इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुका है। मुख्य वक्ता डॉ.अंजनी नंदन पाण्डेय ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को याद करना और युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। डॉ.देवेंद्र मिश्र ने अपने व्याख्यान में समस्त देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर हम लोगों के जीवन का अद्भुत क्षण है। कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.अनूप सिंह ने संचालन करते हुए बताया कि वर्ष 2025 का विषय आर्यभट्ट से गगनयान-प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएँ, है जो भारत की खगोलशास्त्रीय विरासत से लेकर आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान तक की यात्रा को दर्शाता है। कार्यक्रम के समन्वयक अनादि कुमार मिश्र ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की भूमिका से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

पति को चकमा देकर प्रेमी संग विवाहिता फरार

जगदीशपुर] अमेठी। एक वर्ष पूर्व पति के साथ सात फेरे लेकर आई विवाहिता पति को चकमा देकर प्रेमी के साथ रफू चक्कर हो गई घटना की तहरीर पीडित द्वारा पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग किया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रंकापुर गांव निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई कि मेरी शादी एक वर्ष पूर्व कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिसियावा गांव मे हुई थी शादी के बाद पति पत्नी हंसी खुशी से जीवन यापन कर रहे थे तीन दिन पूर्व जब मै घर पर नहीं था मुझसे कुछ सामान लाने की बात कहकर पत्नी घर से निकली जो अपने प्रेमी के साथ फुर्र हो गई पति का आरोप है कि जब मैं घर वापस आया तो देखा कि घर मे मौजूद दस हजार नगदी व जेवरात भी नदारद है घटना की तहरीर पीडित ने पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग किया। इस संबंध मे कोतवाल धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है जांच पडताल जारी है समाचार लिखे जाने तक फरार जोडे का सुराग नहीं लग सका है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यशाला आयोजित

सुलतानपुर। वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा के सुलतानपुर एवं वाराणसी कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत स्तर तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने हेतु जन सुरक्षा संतृप्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी एवं सीईओ डॉ. देबदत्त चांद, महाप्रबंधक विमल कुमार नेगी, अंचल प्रमुख शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीडीओ अंकुर कौशिक, प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि इसका उद्देश्य पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन योजना, ई-केवाईसी, नामांकन एवं डिजिटल बैंकिंग की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि अब तक देश की 60 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को इस अभियान से जोड़ा जा चुका है, जिससे लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं, बीसी सखियों एवं स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा सीमा देवी को पीएमएसबीवाई, किरन देवी, मुफीद अहमद सहित 4 लाभार्थियों को पीएमजेजेबीवाई के तहत 2-2 लाख के चेक प्रदान किए गए। साथ ही 3 स्वयं सहायता समूहों को 6-6 लाख की वित्तीय सहायता भी वितरित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकों से आमजन तक समस्त बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पल्लवी नाट्य संस्थानद्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

घर मेंसो रहे मासूम बच्चों समेत 5 लोगों पर कच्ची दीवार गरी, डेढ़ माह के बच्चे की मौत

सलोन,रायबरेली। बरसात से कमजोर हो चुकी दीवाल एक परिवार के ऊपर आफत बनकर गिरी है। कोतवाली क्षेत्र पनाह नगर गांव में देर रात घर के अंदर सो रहे मासूम बच्चो समेत पांच लोगों के ऊपर कच्ची दीवार कर गिर गई, जिसमें दबकर एक डेढ़ माह के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि हादसे में चार अन्य लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी सलोन में इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। वही बच्चे के शव को पीएम के लिए भेज दिया है मौके पर उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश पहुँचकर परिजनों को आर्थिक सहायता की मद्दत की। कोतवाली अंतर्गत पनाह नगर मजरे धरई गांव में शुक्रवार की रात नौ बजे पूरा परिवार खाना खाकर सोने चला गया था। रात्रि करीब 11 बजे के दौरान अचानक घर की कमजोर हो चुकी दीवाल भरभरकर सो रहे लोगो के ऊपर गिर गई। जिसमे सर्वेश कुमार (25) उसकी पत्नी रसीदुन निशा (24), बेटी लाडो (04) ऋषभ (14 माह) और वृद्ध मा कृपाल (60) मलबे के अंदर दब गए। अचानक मची चीख पुकार के बाद ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को देने के साथ राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलो को एम्बुलेंश से सीएचसी सलोन में भर्ती कराया। यहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर सतेंद्र त्रिपाठी ने मासूम ऋषभ को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य लोगो को इलाज के बाद घर भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बताया कि कच्ची दीवार गिरने से एक ही परिवार के पांच लोग दब गए थे। दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हो गई है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश ने बताया कि रात्रि में धराई गांव में भरी वर्षा के कारण एक मिट्टी का बना कच्चा मकान गिर गया जिसमें एक बच्चे की मृत्यु हो गई और 4 लोग घायल हो गए जिसमें से 2 लोगो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मौके का निरीक्षण कर तात्कालिक सहायता के रूम में 5 हजार नकद, एक बोरी चावल, एक बोरी गेहूं वा अन्य आवश्यक सामग्री दिलवाया गया है।

साहित्य केवल शब्दों का खेल नहीं है यह समाज की आत्मा है : प्रो.निशा सिंह

- अंग्रेजी विभाग में लिटरेचर एंड कल्चर विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में लिटरेचर एंड कल्चर विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. निशा सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य केवल शब्दों का खेल नहीं है, यह समाज की आत्मा है। यह हमें सोचने की शक्ति देता है, हमारी चेतना को जगाता है और हमें बेहतर इंसान बनाता है। जब हम साहित्य पढ़ते हैं तो उसमें अपनी संस्कृति की झलक दिखाई देती है और जब हम संस्कृति का पालन करते हैं तो साहित्य की आत्मा जीवित रहती है। आज के समय में हमारा दायित्व है कि हम अपनी साहित्यिक परंपराओं और संस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करें। आधुनिकता आवश्यक है, पर अपनी जड़ों को छोड़कर नहीं। यदि हम साहित्य और संस्कृति दोनों को साथ लेकर चलेंगे, तो निश्चित ही हम एक समृद्ध, सशक्त और संस्कारित भारत का निर्माण कर पाएँगे। असिस्टेंट प्रो ज्योति सक्सेना ने कहा कि साहित्य और संस्कृति से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को आदर्श बनाएं। आधुनिकता को अपनाते हुए भी हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना होगा। तभी हम एक समृद्ध, शिक्षित और संस्कारित भारत का निर्माण कर पाएंगे।

इस संगोष्ठी में बीए प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर की नाजिया अंसारी, ब्यूटी गुप्ता, शशि गुप्ता, शाहीन बानो, खुशी गुप्ता, शफक खान, आयशा बानो, आकृति सिंह, कहकशाँ बोना, सुधा तिवारी, नम्रता, वैष्णवी, भूमिकुमारी, खुशनुमा बानो, अन्तिमा कुमारी, तान्सी सिंह अंजलि तिवारी, मुस्कान पाण्डेय, सुजिका सोनी, शाम्भवी श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त किया। संगोष्ठी का संचालन बीए की हर्षिता शमी ने किया।

जवाहर नवोदय विद्यालय में आशा सम्मेलन आयोजित

- राज्य मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर आशा सम्मेलन कार्यक्रम का किया शुभारंभ
- स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को किया गया पुरस्कृत

अमेठी। शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में भव्य आशा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग के . राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जनपद की उन आशा बहनों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

सम्मेलन में जनपद के सभी 13 विकास खंडों से चयनित आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त आशाओं को ?5000, द्वितीय स्थान प्राप्त आशाओं को ?2000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त आशाओं को 1000 का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंच पर मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सभी आशा बहनों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उपस्थित आशा बहनों को संबोधित करते हुए . राज्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता का श्रेय सबसे अधिक आशा कार्यकताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि आप सभी बहनों की बदौलत ही प्रदेश और जनपद में स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। गर्भवती महिलाओं की देखभाल हो, प्रसव पूर्व जांच हो, नवजात शिशुओं का टीकाकरण हो या फिर परिवार नियोजन के कार्यक्रम झ इन सभी में आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि आशा बहनों के अथक परिश्रम और जनजागरूकता अभियानों के कारण ही आज मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने आशाओं को ह्नस्वास्थ्य विभाग की रीढ़ह्न बताते हुए कहा कि सरकार आपके कार्यों की सराहना करती है और समय-समय पर आपको सम्मानित करती है। मंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में अमेठी का प्रदर्शन पूरे प्रदेश में सराहनीय है और यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक प्रयासों से नहीं बल्कि आप जैसी हजारों आशाओं के अथक योगदान से संभव हुई है। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कार्यक्रम में जानकारी दी कि जनपद अमेठी में वर्तमान में कुल 1791 आशा बहुएं 682 ग्राम पंचायतों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बीते 18 महीनों से अमेठी जनपद विलेज हेल्थ सैनिटाइजेशन एवं न्यूट्रिशन दिवस (श्लठऊ) की रैंकिंग में लगातार टॉप-5 जिलों में शामिल रहा है और चार बार प्रदेश में प्रथम स्थान भी प्राप्त कर चुका है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, जांच, समय पर प्रसव की व्यवस्था, नवजात शिशुओं का टीकाकरण, परिवार नियोजन, पोषण कार्यक्रम, संक्रामक बीमारियों की रोकथाम झ इन सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन आप आशा बहनें करती हैं। आप लोगों की निष्ठा, ईमानदारी और लगन की वजह से ही स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं धरातल पर सफल हो पाती हैं। कार्यक्रम में मा. सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख भादर प्रवीण सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आशा बहुएं मौजूद रहीं।

पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षकों ने सौंपा मांग पत्र

सुलतानपुर (वीओएल)। जनपद में शिक्षामित्र से शिक्षक बने अध्यापकों ने संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेता रणवीर सिंह के संरक्षण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से भेंट कर पुरानी पेंशन योजना के विकल्प पत्र भरवाने के संबंध में मांग पत्र सौंपा। यह मांग सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा 19 जुलाई 2024 को जारी आदेश के आधार पर की गई, जिसमें 28 मार्च 2005 से पहले जारी विज्ञापनों से चयनित शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मियों को उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स 1961 के अंतर्गत पुरानी पेंशन योजना का विकल्प पत्र भरने की अनुमति दी गई है। जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि शासन के किसी आदेश में विशेष भर्ती से विकल्प पत्र न लेने की बात नहीं कही गई, ऐसे में शिक्षामित्र से शिक्षक बने कर्मियों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए। महामंत्री राकेश मिश्र ने बताया कि अब तक प्रदेश के 35 जिलों में इस पर आदेश जारी हो चुके हैं। शिक्षक नेता रणवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि सेवा के बाद गरिमामय जीवन की गारंटी है। इस पर बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने जल्द सकारात्मक निर्णय का आश्वासन दिया। इस दौरान वीरेंद्र तिवारी, संतोष बरनवाल, सियाराम गुप्ता, समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

अम्बारा पश्चिम के अभय प्रताप सिंह ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया गौरवान्वित

लालगंज, रायबरेली। लालगंज विकासखंड के अंबारा पश्चिम गांव के भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह के होनहार पुत्र अभय प्रताप सिंह ने डॉक्टर की डिग्री प्राप्त कर जहां अपने मां-बाप का गौरव बढ़ाया है, वहीं क्षेत्र का भी नाम रोशनकिया है। एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने के बाद अभय प्रताप सिंह ने बताया कि उन्हें बचपन से ही डॉक्टरी पढ़ने का शौक था जिसे उन्होंने अपने माता-पिता के सहयोग से पूर्ण कर दिखाया है। अभय प्रताप सिंह ने प्रारंभिक शिक्षा लालगंज के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल से की है। बीएमपीएस से हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण करने के बाद अभय प्रताप सिंह में विदेश जाकर एमबीबीएस में दाखिला लिया और विश्व के विकासशील देश फिलिपींस से एमबीबीएस की डिग्री निश्चित समयावधि में पूर्ण कर कमाल कर दिखाया है। अभय प्रताप सिंह ने भारत में भी एफएमजी परीक्षा उत्तीर्ण कर जो भी अहताएं थी सभी पूर्ण कर लिया है। वही भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि पुत्र अभय प्रताप सिंह के डॉक्टरी पढ़ने से उन्हें भी बड़ी प्रसन्नता हुईहै। पुत्र की काबिलियत से ही पिता का भी मान सम्मान बढ़ता है। अभय प्रताप सिंह के डॉक्टरी पास करने के बाद उनकी मां उषा सिंह ने भी प्रसन्नताजताई है। चाचा गिरीश कुमार सिंह ने भी खुशी जताते हुए कहा कि डॉक्टरी पढ़ने के बाद अभय गांव गरीब की सेवा करने में अपना मन लगाएंगे। इसके अलावा बीएमपीएस के प्रबंध निदेशक सुनीलसिंह, भाजपा नेता अनूप पांडे, जेपी सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कमलेश चैधरी, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, आरएसएस के धर्म जागरण जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला, देवेश अग्निहोत्री, अतुल त्रिपाठी, सुशील दीक्षित, संतोष पांडे ने भी अभय प्रताप सिंह के द्वारा एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने पर प्रसन्नता जताई है।

एसडीएम ने समस्याओं के निस्तारण का दिलाया भरोसा

लालगंज, रायबरेली। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के सहयोग से लोगों की समस्याओं को सुना और निस्तारण का हर संभव भरोसा दिलाया। एसडीएम ने सुलह समझौते के तहत आवास निर्माण संबंधी एक मामले का समाधान भी किया। थाना दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद की रही। एसडीएम ने सभी शिकायतों के लिए पुलिस और राजस्व की टीम बनाकर तीन दिन के अंदर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। चांदा बन्ना मऊ के शोभनाथ पुत्र भगवान दीन और शैलेंद्र पुत्र मदन कुमार का आवास निर्माण का विवाद काफी दिनों से चल रहा था जिसे अधिकारियों ने सुलह समझौते के तहत निस्तारण करा दिया। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, चैकी इंचार्ज अमरेश द्विवेदी, उप निरीक्षक राजेश सिंह, कानून गो बृजेश प्रताप सिंह, राम शरण यादव, लेखपाल जितेंद्र, नम्रता सिंह सहित पुलिस और राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

यूरिया खाद के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे किसान

खीरों, रायबरेली। धान कि फसल में यूरिया खाद्य डालने के लिए किसान दर-दर की ठोकरे खा रहे है। साधन सहकारी समितियों से लेकर प्राइवेट दुकानों में भाग-दौड़ कर रहे किसानो को खाद्य नहीं मिल पा रही है। विगत कई दिनों से साधन सहकारी समितियों में खाद्य न होने से किसानो ने प्राइवेट दुकानों से महंगी खाद्य लेकर खेतो में डाला जब समितियों में खाद्य आई तो किसान टूट पड़े और किसानो को पर्याप्त मात्रा में खाद्य नहीं मिल सकी। अब सबसे बड़ी समस्या किसानो के सामने खेतौनी लाने कि है, आधार कार्ड के सहारे अब-तक खाद्य ले रहे थे किन्तु अब खेतौनी निकलवाने में पैसा व समय दोनों बर्बाद होगे सबसे बड़ी समस्या ग्राम भीतरगाँव के किसानो कि है जहाँ चकबंदी चल रही है। उनको कम्प्यूटर सिस्टम से खेतौनी मिलना नामुमकिन है, ऐसे में उन्हें 100 रुपये भाड़ा लगाकर 250 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे है। तब कही जाकर किसानो को खेतौनी मिल पाती है। भीतरगाँव के किसानो से यदि पूंछा जाये तो वह स्वयं अपनी दास्ता बया करेगे यूरिया खाद्य समय से न मिल पाने के कारण किसानो में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

अमीना ताइक्वांडो एकेडमी के तीन खिलाड़ी स्टेट प्रतियोगिता में चयनित

सुलतानपुर। पंत स्टेडियम में आयोजित मंडलीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अमीना ताइक्वांडो एकेडमी के तीन होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर ह्नस्टेट प्रतियोगिताह्न के लिए स्थान पक्का किया है। प्रतियोगिता में सेजल निषाद, रागिनी निषाद और अक्स यादव ने गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपने माता-पिता और कोच अमीना बानो का, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। सेजल और रागिनी पहले भी कई पदक जीत चुकी हैं, जबकि अक्स यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्टेट लेवल में अपनी जगह बनाई है। अकैडमी की कोच ह्नअमीना बानोह्न, जो बच्चों की प्रतिभा को निखारने में वर्षों से समर्पित हैं, ने बताया कि ये खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। बच्चों की सफलता पर बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह, डॉ. सुधाकर सिंह, एडवोकेट मदन सिंह, वरुण मिश्रा, कांति सिंह व सौरभ मिश्रा ने खुशी व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की मेहनत, कोच की लगन और अभिभावकों के सहयोग ने जिले को गौरव दिलाया है।

संक्षेप

टीकम सिंह हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। थाना बलदेव पुलिस ने टीकम सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नगला गिरधर निवासी 28 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे कंजौली घाट के पास बने हाईवे अंडरपास से पकड़ा। विदित रहे कि घटना 20 अगस्त की रात करीब 9 बजे की है। नगला गिरधर निवासी टीकम सिंह (55) का सोनू और एक अन्य युवक से गाली-गलौज को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर दोनों ने मिलकर टीकम सिंह पर लात-घूसों से हमला किया। इस हमले में टीकम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। थाना बलदेव पुलिस ने इस मामले में एससी/एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार किया। पुलिस अब उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत ने बताया कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। घटना में शामिल दूसरे फरार आरोपी की तलाश जारी है।

आंबेडकर की मूर्ति असामाजिक तत्वों ने की क्षतिग्रस्त

मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र के नौगांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। मूर्ति की उंगली टूटने की सूचना मिलते ही गांव में तनाव फैल गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है। घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। थाना हाईवे प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और मामले की जानकारी ली। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिले में अंबेडकर की मूर्तियों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। इससे सामाजिक माहौल बिगड़ने का खतरा है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। ग्रामीणों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

चक्र नाथ महादेव मंदिर पर भंडारा

मथुरा। मथुरा चक्र तीर्थ घाट विकास समिति रजिस्टर्ड वृंदावन गेट् द्वारा भाद्रपद अमावस्या पर स्थान चक्र तीर्थघाट वृंदावन गेट पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रभातबेला में भगवान चक्रनाथ महादेव का शिव भक्त समिति के अध्यक्ष दिवाकर आचार्य महामंत्री ठाकुर हरि सिंह उप मंत्री गोपाल शर्मा पूर्व मंत्री शिक्षक विष्णु चंद शर्मा पूर्व पार्षद धर्मेंद्र चैधरी मोहन लाल यादव विजय अग्रवाल ने जलाभिषेक किया। तत्पश्चात चक्रनाथ महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया तथा पूजा अर्चन कर आरती की गई इस अवसर पर शिव भक्तों के सहयोग से चक्र तीर्थ घाट पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें संत समाज ब्राह्मण बंधु व शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर विजय अग्रवाल हप्पन यादव गोविंद बाबू साड़ी वाले केपी पायल मंडी रामदास राम अग्रवाल भीक चंद दुल्हा घर आरकेज्वेलर्स भगवती मित्तल और गिर्राज ढोल प्रवीण गिलहट वाले आदि का विशेष सहयोग रहा।

संस्कृति विवि में संस्कृत दिवस पर हुआ संस्कृतमय कार्यक्रम

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मैमोरियल सभागार में संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल के तत्वाधान में हास्कृत दिवसहृ का आयोजन किया गया। इस अवसर पूरी तरह से संस्कृत भाषा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा की प्राचीनता, दिव्यता और समृध्दशाली पृष्ठभूमि से जुड़ी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. मोहनन एम ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य संस्कृत भाषा के महत्व को बढ़ावा देना, ऋषि-मुनियों के प्रति सम्मान व्यक्त करना और भारतीय संस्कृति की प्राचीन भाषाई धरोहर को संरक्षित करना है। भारत सरकार ने 1969 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी, ताकि संस्कृत भाषा के प्रचार और प्रसार को बढ़ावा मिल सके। संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के शिक्षक सुधिष्ठ कुमार मिश्रा ने बताया कि संस्कृत को सभी भारतीय भाषाओं की जननी और वेदों, उपनिषदों, धार्मिक ग्रंथों, और मंत्रों की भाषा माना जाता है। संस्कृत दिवस इस भाषा के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। संस्कृत साहित्य के आदि स्रोत ऋषि-मुनि ही हैं, इसलिए इस दिन को ऋषि पर्व और संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। छात्रा दिया, अवंतिका, काजल, नूपुर ने संस्कृत भाषा में मां सरस्वती की आराधना करते हुए वंदना की। छात्रा ने गणेश वंदना और पंचरत्न का पाठ नीलम भाटी ने किया। छात्रा वंशिका चैधरी ने अपने वक्तव्य में बताया कि संस्कृत को सभी भारतीय भाषाओं की जननी और वेदों, उपनिषदों, धार्मिक ग्रंथों, और मंत्रों की भाषा माना जाता है। संस्कृत दिवस इस भाषा के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। छात्रा जाह्नवी, प्रिया पांडे अपूर्वा ने रुद्राष्टकम का पाठ कर माहौल को संस्कृतमय कर दिया। छात्रा रिया, अंशु ने सुरीले कंठ से विष्णु सहस्रनाम का सस्वर पाठ किया। इस बीच छात्र अरुण, ध्रुव, सत्यम, छात्रा दिया, मोनिका, सिमरन, ताशु ने एक लघु नाटिका के माध्यम से भारतीय संस्कृति के महत्व का बखान किया। वहीं छात्र अभिनव और घनश्याम ने लक्ष्मण-परशुराम संवाद को मंच पर बड़ी कुशलता से अभिनीत कर खूब तालियां बटोरीं। छात्रा दीपक, छात्रा तुलसी ने शिव स्तुति, छात्रा क्रीमा, अंशिका, दीपिका, तनीषा, खुशी, सलोनी, चंचल, परी, अनुप्रिया, शिवानी श्रेया ने संस्कृत भाषा में विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।

घर में लगी आग, 14 लोग झुलसे

जिला संवाददाता (vol)

आगरा। गैस सिलेंडर लीक होने से एक घर में भीषण आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक अग्निकांड में एक ही परिवार के 14 सदस्य झुलस गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं, इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद सभी को आगरा रेफर कर दिया गया। सभी 14 घायलों में से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना रात 11:30 बजे की बाह क्षेत्र के ग्राम पुरा जसोल की है। पुरा जसोल निवासी जितेंद्र पुत्र भागीरथ के घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से रिसाव हुआ। बताया जा रहा है कि सिलेंडर लीक होने पर जितेंद्र रसोई में चले गए थे। तभी अचानक आग लग गई। जितेंद्र दरवाजा नहीं खोल पाए और अंदर ही फंस गए। जह यह नजारा पत्नी और बच्चों ने देखा तो वह शोर मचाने लगे। शोर सुनकर पड़ोस के लोग भी आ गए। फिर जैसे तैसे जितेंद्र ने दरवाजा खोला, लेकिन वह खुद आग की लपटों में फंस गए थे। उन्हें बचाने के लिए लोग दौड़ पड़े, लेकिन वह भी झुलस गए।

- बाह थाना क्षेत्र में गैस सिलिंडर लीक होने से हुआ हादसा

हालांकि, बाद में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घायल लोगों की पहचान लक्ष्मण पुत्र बधाईलाल, जितेंद्र पुत्र भागीरथ, प्रीति पुत्री भागीरथ, कुमकुम पुत्री जितेंद्र, केशव देवी पत्नी सिद्धेश्वर, देवेंद्र पुत्र पन्नालाल, आनंद प्रताप पुत्र पन्नालाल, सुरेंद्र प्रताप पुत्र सिद्धेश्वर, सौरभ पुत्र सुरेंद्र प्रताप, उमाशंकर पुत्र पातीराम, चंद्रावती पत्नी उमाशंकर, अगला पुत्र उमाशंकर, दिव्या पुत्री जितेंद्र व भागीरथ पुत्र बनखंडीलाल के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा व सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। पड़ोसी महिला ने बताया- अचानक गैस लीक होने लगी। तो जितेन्द्र की पत्नी ने कहा गैस लीक हो रही है। जितेन्द्र अंदर किचन में गए। वहां फस गए। इसके बाद सभी घरवाले उसको बचाने गए। वह भी झुलस गए। पूरा परिवार एक ही घर में रहता है। बाहर निकलने के लिए एक ही गेट है। घायल अविनाश सिंह ने बताया- लगभग 14 लोग घायल हैं।

सरकारी भूमि को प्रशासन ने कराया कब्जा मुक्त

टूंडला। सरकारी भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर रखा था। जिसे तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका टीम ने संयुक्त रूप से कब्जा मुक्त कराया है। ज्ञात रहे कि भर्रा नाले पर गाटा संख्या 341 पर सुरेश चन्द्र पुत्र पन्ना लाल आदि ने नगर पालिका परिषद टूंडला की सरकारी सम्पत्ति पर अवैध कब्जा कर रक्खा था। जिसे तहसील प्रशासन और पालिका की टीम के साथ पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से गाटा संख्या 341 को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस मौके पर राजस्व विभाग प्रबल प्रताप सिंह, शहरी लेखपाल, नगर पालिका टूंडला अतिक्रमण प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक राखी सिंह, उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

आगरा विवि में 25 अगस्त से मिलेंगी डिग्रियां, 27 तक होंगी वितरित

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सत्र 2025 की स्नातक और परास्नातक की डिग्रियां बांटने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। कॉलेज 25 अगस्त से डिग्रियां ले पाएंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश द्वारा जारी पत्र के अनुसार वर्ष 2025 की स्नातक और परास्नातक सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की डिग्रियां वितरित की जाएंगी। 25 अगस्त को कॉलेज कोड 001 से 300 तक, 26 अगस्त को 301 से 600 तक और 27 अगस्त को 601 से बाकी बचे सभी कॉलेज पालीवाल पार्क कैंपस से डिग्री ले सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने निर्देश दिए हैं कि डिग्री लेने के लिए कॉलेज अपने यहां से किसी कर्मचारी या शिक्षक को प्राधिकार कार्ड, पहचान पत्र के साथ भेजें। कॉलेजों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने यहां कार्यक्रम आयोजित तक मार्कशीट और डिग्रियां छात्रों को दें। इस कार्यक्रम की वीडियो बनाकर परीक्षा नियंत्रक के ईमेल आईडी पर भेजी जाए। विश्वविद्यालय कई बार डिग्री बांटने का अभियान चला चुका है। लेकिन कई बार कॉलेज डिग्रियां लेने पहुंचते ही नहीं हैं। ऐसे में छात्रों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। छात्र विश्वविद्यालय के चक्कर काटते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ऐसे कॉलेजों पर भी कार्यवाही की बात करता है, जो डिग्री लेने नहीं पहुंचते हैं।

डीवीवीएनएल का बाबू सस्पेंड, ऑडिट में 2 करोड़ का घपला सामने आया, वेतन और फंड से होगी रिकवरी

आगरा। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) के बाबू को निलंबित कर दिया गया है। बाबू ने सातवें वेतन आयोग का बकाया बताकर लगभग दो करोड़ रुपये अपने और अपने दो साथियो के एकाउंट में जमा करवा लिए। जांच में मामला पकड़ में आया। विभाग में पिछले कुछ दिनों से आय-व्यय का ऑडिट चल रहा है। ऑडिट में लेखाकार ने जानकारी दी कि 3 कर्मचारियों के अकाउंट में सामान्य से ज्यादा राशि का एरियर पहुंचा है। अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए। जांच में जानकारी मिली कि कमलागर स्थित टेस्ट डिवीजन में वेतन बनाने का काम करने वाले टीजी-2 पवन कुमार ने मार्च 2024 से मई 2025 के बीच सातवें वेतन आयोग का एरियर बताकर अपने खाते में 1.18 करोड़ रुपए जमा करा लिए। एक अन्य कर्मचारी पिंकी देवी के खाते में 63 लाख रुपए और सफाई कर्मचारी चिंगी राम के खाते में 17 लाख रुपए का भुगतान भी करवाया। जांच के दौरान पिंकी और चिंगी ने अपने खाते में आए अतिरिक्त भुगतान को लौटाने की बात कही। साथ ही पोस्ट डेटेड चेक भी दे दिए। लेकिन पवन कुमार ने गलती नहीं मानी। सवालों के जवाब देने की बजाय आनाकानी करते रहे और सवालों को घुमाते रहे। विभाग ने पवन कुमार को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू करवा दी है। निलंबन के साथ ही स्थानीय थाने में भी पवन कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पवन कुमार के वेतन और फंड से रिकवरी की जाएगी।

जंक्शन पर सो रही एक साल की बच्ची उठाकर ले गया युवक

मथुरा। जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बीतीरात प्लेटफॉर्म पर अपनी मां के साथ सो रही मासूम बच्ची को एक युवक उठाकर ले गया। लोगों ने शोर मचाया तो वह संपर्क क्रांति ट्रेन में चढकर भाग निकला। घटना से पूरे रेलवे स्टेशन क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गौरतलब हो कि मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी आनंद अपने परिवार संग मथुरा जंक्शन पर रहता है। बीतीरात करीब साढ़े 11 बजे उनकी पत्नी पूजा अपनी एक वर्षीय बेटी सरस्वती और 4 वर्षीय गौरा के साथ प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर सो रही थी। इसी बीच पूजा टॉयलेट के लिए गई तभी एक युवक मौके का फायदा उठाकर मासूम सरस्वती को गोद में उठाकर वहां से निकल पड़ा। जब पूजा लौटी तो उसने अपनी बच्ची को ले जाते युवक को देख लिया और शोर मचा दिया। शोर सुनते ही आसपास के यात्री भी सतर्क हुए और युवक का पीछा किया, लेकिन आरोपी चलती हुई संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पर सवार होकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ तुरंत हरकत में आईं। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें आरोपी बच्ची को गोद में लेकर ट्रेन में चढ़ता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन टीमें गठित कर दी हैं और बच्ची की तलाश के लिए आगरा, झांसी और ग्वालियर समेत कई स्थानों पर दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी यादराम सिंह ने बताया कि बच्ची की सुरक्षित बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जीआरपी और आरपीएफ की टीमें लगातार अलर्ट हैं और आरोपी की तलाश में लगी हुई हैं।

आगरा की महिला से मथुरा के तांत्रिक ने किया रेप, पीड़िता ने एसएसपी से लगायी गुहार

मथुरा। थाना नौहझील क्षेत्र के बटन वाली गली के पास एक तांत्रिक ने महिला अपनी हवस का शिकार बना लिया। पीड़ित महिला ने शनिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। एसएसपी ने थाना पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। महिला ने मथुरा एसएसपी कार्यालय के बाहर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि वह थाना लोहामंडी आगरा की रहने वाली है, निकाह के 8 साल बाद भी मेरे संतान नहीं हुई। उसको पता लगा कि नौहझील, मथुरा में बटन वाली गली, मस्जिद के पास रहने वाला तांत्रिक मुश्ताक अली तंत्र-मंत्र से इलाज करता है। इससे उसको बच्चा हो सकता है। इस पर विश्वास कर करीब एक महीने पहले मैं अपनी ननद के साथ तांत्रिक के पास गई। उसने कहा कि हर जुमे रात (गुरुवार) मुझे वहां आना होगा। दूसरी बार मैं अपने पति के साथ वहां गई। इस पर उसने मुझे कमरे में ले जाकर कहा कि मैंने तुम्हें मना किया था कि ननद के अलावा किसी और को साथ मत लाना। यह बात किसी को मत बताना। उसने मुझे चिराग जलवाने के लिए कहा और डराया। कमरे में ले जाकर दरवाजा बंद किया। महिला ने बताया- 21 अगस्त को वह अपनी ननद के साथ दोपहर करीब डेढ़ बजे फिर से तांत्रिक के घर गई। करीब 3 बजे उसने मुझे अकेले कमरे में ले जाकर दरवाजा बंद कर लिया। उसने अगरबत्ती जलाई और धुआं कर दिया। इससे उसकी आवाज बंद हो गई। जान से मारने की धमकी दी इसके बाद तांत्रिक मुश्ताक अली ने मेरे साथ रेप किया। उसने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आवाज नहीं निकल पा रही थी। आरोपित तांत्रिक ने उसे करीब 1 घंटे कमरे में बंद रखा। साथ ही धमकी दी कि अगर मैंने किसी को बताया तो मेरी ननद और पति की हत्या करवा देगा। वहां से किसी तरह अपनी जान बचाकर ननद के साथ अपने घर आगरा वापस आई और पति को सारी घटना बताई। डर की वजह से तत्काल थाने नहीं आई। अब साहस करके शनिवार रिपोर्ट करने आई हूं। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया महिला ने शिकायत दी है। इसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

बांकेबिहारी मंदिर में उमड़ा सैलाब

मथुरा। वृन्दावन में आज कुशोत्पाटनी अमावस्या पर बांकेबिहारी महाराज के दर्शन करने के लिये भारी संख्या में श्रद्धालु वृन्दावन पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। वीकेंड होने के चलते बीतीरात से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। शनिवार सुबह भारी संख्या में भक्त दर्शन करने बांकेबिहारी मंदिर पहुंचे। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।

डीएम के निर्देशन में थाना दिवस आयोजित

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में शनिवार को विभिन्न स्थानों पर थाना दिवस का आयोजन किया गया जहां पर आए हुए फरियादियों की फरियाद को सुना गया जिलाधिकारी के निर्देश पर फरियादियों की समस्याओं के समाधान हेतु एक संयुक्त टीम का गठन भी किया गया इस संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण किया इस संयुक्त टीम में राजस्व और पुलिस की टीम शामिल थी, जिलाधिकारी ने कहा कि छोटे-छोटे समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही कर लिया जाए, जिससे यह समस्याएं आगे चलकर बड़ा रूप धारण न कर सकें, साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व की टीम अर्थात तहसीलदार नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपालों को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी ऐसे मामले जो आगे चलकर विवाद का रूप ले सकते हैं, उनके निस्तारण में तत्परता दिखाएं और उनका शीघ्र निस्तारण कराए, इसी तरह जिलाधिकारी ने पुलिस टीम को भी निर्देशित किया है कि ऐसे मामले जो प्रारंभिक स्तर पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति के उपरांत सुलझाया जा सकते हैं, उनका निस्तारण करने में शीघ्रता और तत्परता अवश्य दिखाएं उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य ही है कि प्रारंभिक तौर पर ही समस्याओं का समाधान कर लिया जाए, थाना समाधान दिवस में सबसे ज्यादा मामले अवैध कब्जा, चकरोड संबंधी विवाद, दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया जाना जैसे मामले आए। थाना समाधान दिवस का आयोजन जनपद के विभिन्न थानो में भी किया गया, जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारियों की भी उपस्थिति रहीं।

कोचिंग गयीं दो छात्राएं लापता पुलिस तलाश में जुटी

मथुरा। घर से कोचिंग पढने निकलीं दो छात्राओं के गायब होने से सनसनी फैल गयी है। दोनों बच्चियों के स्कूली बैग और स्कूटी गोकुल बैराज पर कुछ-कुछ दूरी पर पड़े मिले हैं। दोनों के पास मोबाइल फोन थे जो स्विच ऑफ जा रहे हैं। इस सब से परिवार में अफरा-तफरी का माहौल है। महावन पुलिस दोनों बच्चियों की तलाश में लगी हुयी है। पुलिस का कहना है कि अभी तक दोनों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। हाईवे क्षेत्र की बालाजीपुरम स्थित राजधाम कालोनी में रहने वाले हरवीर सिंह की 14 वर्षीय पुत्री साल्वी और इन्हीं के पड़ोसी राजेन्द्र सिंह की 15 वर्षीय बेटी साक्षी सेंट फ्रांसिस स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा हैं। शुक्रवार दोपहर 2 बजे दोनों किशोरियां टाउनशिप क्षेत्र स्थित एडिटर कोचिंग सेंटर में पढने के लिये निकली थीं। कोचिंग का समय समाप्त होने के काफी देर बाद भी किशोरियां घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुयी और वे इनकी खोजबीन में जुट गये। बाद में पता चला कि गोकुल बैराज पुल पर साक्षी की स्कूटी और उससे कुछ दूरी पर दोनों के स्कूली बैग पड़े हुये हैं। सूचना मिलते ही परिजन वहां पहुंच गये और दोनों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। बाद में घटना की जानकारी महावन पुलिस को दी गयी तो उपनिरीक्षक सोहबरन सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने स्कूली बैग और स्कूटी कब्जे में ले ली है। बच्चियों की तलाश कराई जा रही है। इस संबंध में इंस्पैक्टर महावन ने बताया कि दोनों किशोरियों की तलाश के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है।

बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें शिक्षक

फिरोजाबाद। शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड खैरगढ़ के 4 विद्यालयों तथा बीआरसी खैरगढ़ पर संचालित एफएलएन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड खैरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय हाथवन्त-1, प्राथमिक विद्यालय रैपुरा प्राथमिक विद्यालय साँथी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय साँथी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाये जाने, समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था किये जाने के निर्देश के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय उच्च प्राथमिक विद्यालय साँथी में बच्चे सुव्यवस्थित तरीके एमडीएम ग्रहण नहीं करते पाये गये। इस सम्बन्ध में शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार सिखाने का दायित्व भी शिक्षकों का है। शिक्षक बच्चों को संबन्धित कक्षा के विषयवस्तु के साथ उनको नैतिक मूल्यों सामाजिक विकास तथा व्यक्तिगत विकास भी कराया जाये। बीआरसी खैरगढ़ पर संचालित एफएलएन प्रशिक्षण में शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किये जाने हेतु नवाचार किये जाने राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी शिक्षक संदर्शिकाओं का प्रयोग किये जाने के निर्देश दिये गये।

न्यायालय के आदेश पर माल निस्तारण कराया

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा जुआ सट्टा के 10 अभियोगों से सम्बन्धित माल मुकदमाती कुल कीमत लगभग 44,890 रुपए का नियमानुसार निस्तारण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे माल निस्तारण के अभियान के क्रम में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा थाना टूण्डला पर पंजीकृत वर्ष 2018 से सम्बन्धित 10 माल मुकदमाती अभियोगो से सम्बन्धित माल मुकदमाती कीमत लगभग 44,890 रुपए का ग्रामीण न्यायालय टूण्डला फिरोजाबाद से निस्तारण कराए जाने का आदेश प्राप्त कर क्षेत्राधिकारी टूण्डला की उपस्थिति में वीडियो फोटोग्राफी कराकर नियमानुसार निस्तारण विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अन्जीश कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध सरदेव सिंह एचएम माल नरेन्द्र गौतम मौजूद रहे।

राह चलते की दोस्ती, बातों में फंसाकर अगवा कर लिया मासूम बेटा, आरोपी गिरफ्तार

आगरा। बच्चों के साथ दीवानी जा रहे एक युवक से दोस्ती कर आरोपी ने उनके दो साल के बच्चे को अगवा कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी पंकज को खंदारी से गिरफ्तार किया। उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पंकज एटा के ककेरा का रहने वाला है। पुलिस ने उसे खंदारी से गिरफ्तार कर बच्चे को बरामद किया। घटनाक्रम के अनुसार सिकंदरा थाना क्षेत्र के केके नगर निवासी सुमित वर्मा का कोर्ट में केस चल रहा है। मंगलवार सुबह 12 बजे वह दीवानी में अपने तीनों बच्चों के साथ अधिवक्ता से मुलाकात करने आए थे। रास्ते में उन्हें पंकज नाम का युवक मिला। उसने दोस्ती कर ली। दीवानी तक उनके साथ गया। सुमित अपनी बेटी को बाथरूम लेकर गए। इस दौरान आरोपी उनके दो साल के बेटे को लेकर भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने क्षेत्र में लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले।

थाने में महिला दरोगा व महिला में मारपीट

आगरा। थाना ट्रांस यमुना में महिला दरोगा और महिला के बीच मारपीट हुई। इस दौरान पुलिसकर्मी वीडियो बनाते रहे। इस मामले में अब हर पुलिसकर्मी से पूछताछ होगी। थाना ट्रांस यमुना में पीड़ित महिला और दरोगा के बीच मारपीट के मामले की जांच अपर पुलिस उपायुक्त पूनम सिरोही ने शुरू कर दी है। दोनों ने जांच अधिकारी को अपने बयान दर्ज करा दिए हैं। वहीं थाने में घटना के समय मौजूद पुलिसकर्मी और आम लोग भी जांच के घेरे में आएंगे। सभी से पूछताछ की जाएगी। थाना प्रभारी ने अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी है। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र की महिला के घर में 15 सितंबर 2024 को चोरी हुई थी। उन्होंने केस दर्ज कराया था। महिला मंगलवार को एसओ रोहित गुर्जर से मिलने थाने पहुंची। तभी घटना हुई थी। महिला ने वीडियो प्रसारित कर आरोप लगाया था कि पुलिस ने गुपचुप केस में एफआर लगा दी। थाने में जानकारी लेने पर पीटा गया। कपड़े फाड़ दिए। शांति भंग में चालान भी किया गया। महिला दरोगा मनीषा ने पिटाई की। थाना परिसर में पीड़िता और महिला दरोगा के बीच मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिसकर्मियों ने ही यह वीडियो बनाया था। पीड़िता ने रोते हुए न्याय की गुहार लगाता वीडियो प्रसारित किया था। मामले की जानकारी पर पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने अपर पुलिस उपायुक्त पूनम सिरोही को जांच के आदेश किए हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को पीड़िता से बात की। पूरी घटना की जानकारी ली। सूत्रों ने बताया कि महिला ने यही बताया कि थाने में उसकी पिटाई की गई। वह बस वीडियो बना रही थी। मोबाइल भी ले लिया गया। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। उधर, महिला दरोगा ने भी अपने बयान दर्ज कराए हैं। अन्य पुलिसकर्मियों और आम लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस आयुक्त को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

- **पुलिसकर्मी बनाते रहे वीडियो, आखिर किसकी थी गलती, दर्ज होंगे बयान**

खाद की किल्लत को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

मथुरा। आम आदमी पार्टी ने खाद की किल्लत को लेकर उप्र सरकार पर आरोप लगाए हैं। पार्टी के जिलाध्यक्ष भगत सिंह ने डीएम कार्यालय में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। किसानों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। आप नेताओं का कहना है कि योगी सरकार किसानों की उपेक्षा कर रही है। किसान अपनी धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। जिलाध्यक्ष ने वितरण व्यवस्था में भ्रष्टाचार और कालाबाजारी का आरोप लगाया है। शनिवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। किसानों ने पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता की मांग की। पार्टी ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें किसानों को तत्काल खाद की उपलब्धता, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, कालाबाजारी पर रोक, प्रभावित किसानों के लिए राहत पैकेज वअन्नदाताओं को प्राथमिकता शामिल है। पूर्व जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। राज्यपाल से अनुरोध किया गया है कि वह सरकार को निर्देश दें ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके।

आबकारी व कोसी पुलिस ने पकड़ा शराब तस्कर, 116 पौव्वे बरामद

मथुरा। थाना कोसीकलां पुलिस व आबकारी टीम ने मुखबिर की सूचना पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार की देर शाम बठैन खुर्द गाँव में दबिश देकर परचून की दुकान से शराब तस्कर को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी प्रहलाद पुत्र मदनलाल निवासी बठैन खुर्द की दुकान से 45 पौव्वे अवैध देशी शराब मस्ताना हरियाणा मार्का व 71 पौव्वे जय वीरू यूपी मार्का बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा किया। विभागीय कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा की तस्करों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान पुलिस और आबकारी टीम में आबकारी निरीक्षक सुश्री अंजली शर्मा क्षेत्र 2, उ0नि0 संदीप कुमार थाना कोसीकलां, का0 1969 गौरव कुमार थाना कोसीकलां, प्र0आ0सि0 अनिल तिवारी आबकारी टीम क्षेत्र 2, प्र0आ0सि0 अभय राज आबकारी टीम क्षेत्र 2, आ0सि0 राजेश आबकारी टीम क्षेत्र 2 आदि शामिल रहे।

विकसित भारत के निर्माण तक जारी रहेंगे सुधार

स्वच्छ ऊर्जा, क्वांटम प्रौद्योगिकी, बैटरी भंडारण, उन्नत सामग्री सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान व निवेश बढ़ाने का आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद जताते हुए शनिवार को कहा कि सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार जारी रखेगी। मोदी ने कहा कि अगली पीढ़ी की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार प्रक्रिया इस दिवाली से पहले पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे जीएसटी कानून सरल हो जाएगा और कीमतें कम होंगी। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से स्वच्छ ऊर्जा, क्वांटम प्रौद्योगिकी, बैटरी भंडारण, उन्नत सामग्री और जैव प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने का आग्रह किया। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

उन्होंने कहा हम जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि विश्व की वृद्धि में भारत का योगदान बहुत जल्द लगभग 20 प्रतिशत होने जा रहा है। मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में जो वृद्धि दिख रही है, वह पिछले 10 वर्षों में व्यापक आर्थिक स्थिरता के कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

बावजूद भारत का राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत तक कम हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां पूंजी बाजारों से रिकॉर्ड धन जुटा रही हैं।

उन्होंने कहा कि बैंक अब काफी मजबूत हैं, महंगाई बहुत कम है, ब्याज दरें कम हैं और चालू खाता घाटा नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर महीने लाखों घरेलू निवेशक एसआईपी के जरिए पूंजी बाजार में हज़ारों करोड़ रुपये लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आर्थिक बुनियाद मज़बूत होती है, तो सकारात्मक प्रभाव चारों ओर दिखाई देता है। मोदी ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के जून के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 22 लाख औपचारिक नौकरियां जुड़ी हैं, जो किसी एक महीने में अब तक की सबसे ज़्यादा संख्या है। उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई 2017 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर है। प्रधानमंत्री ने कहा हमारे लिए सुधार न तो कोई मजबूरी है और न ही संकट से प्रेरित, बल्कि यह प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास का विषय है। मोदी ने कहा कि सरकार सुधारों की श्रृंखला शुरू करने से पहले प्रत्येक क्षेत्र का समग्र मूल्यांकन करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद के हाल में संपन्न मानसून सत्र के दौरान विपक्षी दलों द्वारा उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद सरकार ने सुधारों को जारी रखा।

जमात-ए-इस्लामी के स्कूलों पर अब सरकार का नियंत्रण

एजेंसी

श्रीनगर। अधिकारियों ने पुलिस के दलों के साथ प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से संबद्ध 215 स्कूलों का शनिवार को दौरा किया। सरकार द्वारा कश्मीर के 10 जिलों में स्थित इन स्कूलों का प्रबंधन अपने नियंत्रण में लिये जाने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया।

अधिकारियों के अनुसार, पूरी प्रक्रिया छात्रों की पढ़ाई में बाधा डाले बिना शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हुई। स्कूल शिक्षा विभाग ने जेईआई और उसके फलाह-ए-आम ट्रस्ट से जुड़े 215 स्कूलों को अपने नियंत्रण में लेने का शुक्रवार को आदेश दिया था। इन स्कूलों में 51,000 से अधिक छात्र नामांकित हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारी, संबंधित उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य पुलिस टीम के साथ इन स्कूलों में शनिवार सुबह पहुंचे।

प्रशासनिक टीम ने स्कूलों का कार्यभार संभाला, उनके दस्तावेज और बुनियादी ढांचे की जांच की। साथ ही कर्मचारियों से बातचीत भी की। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल पीडीपी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी ने सरकार के इस फैसले की निंदा की और इसे प्रशासनिक अतिक्रमण करार दिया। प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के पूर्व सदस्यों द्वारा गठित न्याय एवं विकास मोर्चा (जम्मू-कश्मीर) ने सरकार के इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि यह नेशनल कॉन्फ्रेंस के विश्वासघात के इतिहास की दर्दनाक याद दिलाता है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ पार्टी अपने ही लोगों के खिलाफ जा रही है और भाजपा का एजेंडा लागू कर रही है।

संक्षेप

राजस्थान : युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

जयपुर। राजस्थान सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और राज्य के विकास को गति देने के लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत युवाओं को कम ब्याज दरों पर ऋण दिया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार ने विकसित राजस्थान:2047 के विजन डॉक्यूमेंट को भी मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य राज्य को आर्थिक रूप से समृद्ध, टिकाऊऔर समावेशी बनाना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसले किए गए। बैठक में राज्य के आर्थिक विकास को गति देने के लिए दो नयी भूमि आवंटन नीतियों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया की बीच होगा व्यापार समझौता

नयी दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता का एक और दौर पूरा किया। दोनों देशों ने दिसंबर 2022 में एक अंतरिम व्यापार समझौते को लागू किया है और अब इसके दायरे को व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते में विस्तारित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) की 11वें दौर की वार्ता 18-23 अगस्त 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित की गई, जिससे द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करने के साझा उद्देश्य को आगे बढ़ाया गया। इसमें आगे कहा गया कि वार्ता में वस्तुओं, सेवाओं और परिवहन यात्रा, डिजिटल व्यापार, उत्पत्तिस्थल के नियम, कानूनी और संस्थागत प्रावधान, पर्यावरण, श्रम और लिंग सहित कई क्षेत्रों को शामिल किया गया। दोनों साझेदार वार्ता की गति बनाए रखने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये चर्चा जारी रखेंगे।

वैकल्पिक बाजार तलाश सकता है भारत

कोच्चि। भारत का समुद्री खाद्य उद्योग अमेरिका द्वारा लगाए गए उंचे शुल्कों के प्रभाव को कम करने के लिए नए बाजारों की तलाश कर सकता है। समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के चेयरमैन डी वी स्वामी ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्वामी ने कहा कि देश का समुद्री उत्पाद क्षेत्र संकटों का सामना करते हुए कई बार अपनी स्थिरता और लचीलापन साबित कर चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने रूस, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, नॉर्वे, स्विट्ज़रलैंड, पश्चिम एशिया और दक्षिण कोरिया को नए प्राथमिक बाजार के रूप में चिह्नित किया है। स्वामी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसे हम बाधा नहीं, बल्कि अवसर मानते हैं। हम चुनौतियों से सीखते हैं और हर एक से बेहतर बनते हैं। यह बयान एमपीईडीए की 53वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर दिया गया।

यूरोपीय संघ, अमेरिका, चिली व पेरू के साथ एफटीए के लिए चली रही वार्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत यूरोपीय संघ, अमेरिका, चिली और पेरू सहित कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की ओर देख रही है और कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं हमारे साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रही हैं। गोयल ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय दिन-रात इन वार्ताओं में शामिल है। उन्होंने कहा सुबह के समय ऑस्ट्रेलिया और जापान में दफ्तर खुल जाते हैं, दोपहर का समय होता है तो यूरोप खुल जाता है और शाम के समय अमेरिका से बातचीत शुरू हो जाती है, पेरू, चिली से बातचीत शुरू हो जाती है।

मंत्री यहां उद्यमी एवं व्यापारी नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। अमेरिका ने भारत में होने वाली छठे दौर की वार्ता स्थगित कर दी है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क लगाया है। फिलहाल 25 प्रतिशत शुल्क लागू है।

अंतरिक्ष में ऊंची छलांग लगायेगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत अगले 15 वर्षों में 100 से अधिक उपग्रहों को प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि ये उपग्रह सरकारी प्रौद्योगिकी अभियानों और निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले परिचालन मिशनों के तहत प्रक्षेपित किए जाएंगे।

सिंह ने दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में यहां आयोजित समारोह के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए अगले 15 वर्षों के वास्ते एक प्रारूप भी जारी किया। इस समारोह में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन, आईएनएसपीएसी के अध्यक्ष पवन गोयनका और गगनयान

मिशन के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्री भी मौजूद थे। सिंह ने कहा कि यह रोडमैप 2040 और उसके आगे भारत की अंतरिक्ष यात्रा का मार्गदर्शन करेगा तथा खाद्य एवं जल सुरक्षा, आपदा प्रबंधन क्षमता, पर्यावरणीय स्थिरता और समावेशी विकास के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम एक परिवर्तनकारी दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां यह अब प्रतीकात्मक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी नवाचार और जन कल्याण में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन गया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र के दरवाजे निजी क्षेत्र के लिए खोलने से नवाचार और उद्यमिता की एक नयी लहर पैदा हुई है। सिंह ने कहा कि भारत एक समय सिर्फ सरकार के नेतृत्व वाली परियोजनाओं तक सीमित था, लेकिन आज देश में सैकड़ों स्टार्ट-अप हैं, जो अंतरग्रहीय अन्वेषण के साथ-साथ रोजमर्रा के जीवन में संभावित अनुप्रयोगों वाली प्रौद्योगिकियों के विकास में जुटे हुए हैं।

सेना के जवान से दुर्व्यवहार मामले में टोल वसूली एजेंसी का अनुबंध खत्म

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक बड़ी कार्वाई करते हुए एक टोल प्लाजा एजेंसी का अनुबंध समाप्त कर दिया है और उसे एक साल के लिए किसी भी निविदा में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित कर दिया है।

यह कार्वाई इस महीने की शुरुआत में भूनी टोल प्लाजा पर उसके कर्मचारियों द्वारा सेना के जवान के साथ दुर्व्यवहार करने के बाद की गई है। एनएचएआई ने यह भी कहा कि उसने टोल संग्रह एजेंसी पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही, मेरठ-करनाल खंड के एनएच-709ए पर स्थित भूनी टोल प्लाजा पर क्षतिग्रस्त हुए उपकरणों और बुनियादी ढांचे की मरम्मत या बदलने के लिए टोल प्लाजा एजेंसी की 3.66 करोड़ रुपये की परफॉर्मेंस सिक्योरिटी को जब्त कर लिया जाएगा। एनएचएआई के अनुसार, इस घटना के संबंध में टोल संग्रह एजेंसी मेसर्स धर्म सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्राधिकरण ने बताया, एजेंसी का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। एजेंसी को अनुबंध दायित्वों का सीधा उल्लंघन करते हुए पाया गया, जिसमें टोल कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार, हाथापाई, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और शुल्क संग्रह संचालन में बाधा शामिल है।

अजरबैजान से प्रत्यर्पित हुआ गैंगस्टर

एजेंसी

नयी दिल्ली। झारखंड के अमन साहू गिरोह के सदस्य सुनील कुमार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा झारखंड पुलिस और इंटरपोल के साथ एक समन्वित अभियान में अजरबैजान से शनिवार को प्रत्यर्पित किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कुमार को आमतौर पर उसके उपनाम मयंक सिंह के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि उसे झारखंड और कई अन्य राज्यों में अमन साहू के संगठित आपराधिक गिरोह का प्रमुख सदस्य माना जाता है। उन्होंने बताया कि झारखंड पुलिस द्वारा वांछित और इंटरपोल रेड नोटिस का सामना कर रहे कुमार को शनिवार को राज्य पुलिस की एक टीम बाकू से मुंबई लेकर आई। सीबीआई की एक प्रवक्ता ने कहा सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) ने एनसीबी-बाकू के सहयोग से इंटरपोल रेड नोटिस का सामना कर रहे एवं वांछित कुमार को 23 अगस्त को सफलतापूर्वक भारत वापस लाया गया। झारखंड पुलिस की तीन सदस्यीय टीम 19 अगस्त को कुमार को वापस लाने के लिए अजरबैजान के बाकू गई थी। उन्होंने कहा कि कुमार का पता पहले अजरबैजान में लगाया गया था। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इंटरपोल और एनसीबी-बाकू की मदद से करीबी निगरानी के जरिए उसका पता लगाया था। प्रवक्ता ने कहा, झारखंड पुलिस की टीम कुमार को 23 अगस्त को अजरबैजान से मुंबई के सीएसएमआई हवाई अड्डे लेकर पहुंची। उन्होंने कहा कि कुमार मुख्य रूप से व्यापारियों, कोयला ट्रांसपोर्टर और रेलवे ठेकेदारों को निशाना बनाते हुए व्हाट्सएप पर उन्हें धमकी भरे संदेश भेजता था, जिससे उनसे पैसों की उगाही की जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि सुनील कुमार नामक व्यक्ति अमन साहू गिरोह का सदस्य है और मयंक सिंह नाम से फर्जीवाड़ा करता है। एक बयान में कहा गया कि भारत के विभिन्न राज्यों में उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। पिछले साल 10 अक्टूबर को झारखंड पुलिस द्वारा इंटरपोल के माध्यम से एक रेड नोटिस जारी किया गया था। रेड नोटिस सभी 196 सदस्य देशों को एक भगोड़े को हिरासत में लेने के लिए सचेत करता है। प्रवक्ता ने कहा, इस वर्ष सात जनवरी को राजनयिक माध्यम से अजरबैजान के अधिकारियों को प्रत्यर्पण अनुरोध भेजा गया।

झारखंड में भारी बारिश से पांच की मौत

एजेंसी

रांची/सरायकेला। झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश से संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए तथा एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पलामू, गढ़वा और चतरा जिलों के लिए रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि लातेहार, रांची, खूंटी, लोहरदगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात सरायकेला-खरसावां जिले में एक

मकान ढहने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि राजनगर प्रखंड के दांडू गांव में हुई इस घटना में आठ लोग घायल भी हुए हैं। राजनगर के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मलय दास ने पीटीआई-भाषा से कहा, जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान महिला और उसके बेटे की मौत हो गई। वहीं, संतोष लोहार नामक व्यक्ति का कच्चा मकान गिरने से आठ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब संतोष के कुछ रिश्तेदार उसके घर आए हुए थे। पुलिस ने कहा कि जिले में एक अन्य घटना में, शनिवार सुबह एक घर की दीवार गिरने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इसने बताया कि यह घटना खरसावां थाना क्षेत्र के कोलशिमला में सुबह चार बजे हुई। खरसावां थाने के प्रभारी गौरव कुमार ने कहा, मुन्ना बोदरा के घर की दीवार गिर गई जिससे उसके पांच साल के बेटे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बोदरा, उसकी पत्नी और दो साल की बेटी घायल हो गई। उन्हें सरायकेला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पेज एक का शेष

भारत ने

अभी भी अनिर्धारित हैं। मंत्रालय ने कहा कि ऐसे में अमेरिका जाने वाली एयरलाइनों ने परिचालन और तकनीकी तैयारी की कमी का हवाला देते हुए 25 अगस्त, 2025 के बाद डाक खेप स्वीकार करने में असमर्थता जताई है। इस घटनाक्रम के बाद डाक विभाग ने 25 अगस्त, 2025 से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है, हालांकि इनमें 100 अमेरिकी डॉलर तक मूल्य के पत्र, दस्तावेज और उपहार वस्तुएं शामिल नहीं हैं।

बयान में कहा गया कि सीबीपी और संयुक्त राष्ट्र डाक सेवा (यूएसपीएस) से आगे स्पष्टीकरण के आधार पर इन छूट प्राप्त श्रेणियों को स्वीकार किया जाएगा और अमेरिका भेजा जाएगा। डाक विभाग उन ग्राहकों को डाक शुल्क वापस कर रहा है, जिनकी वस्तुएं नहीं भेजी जा सकीं। बयान में कहा गया, जिन ग्राहकों ने पहले ही ऐसी सामग्री बुक कर ली है, और जो इन परिस्थितियों के कारण अमेरिका नहीं भेजी जा सकती, वे डाक शुल्क वापसी की मांग कर सकते हैं। डाक विभाग ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता है और आश्वासन देता है कि अमेरिका के लिए पूर्ण सेवाएं जल्द से जल्द बहाल करने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था के तहत सभी आने वाले पार्सल पर शुल्क लगेगा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय डाक खेप तब तक शुल्क मुक्त रहेगी, जब तक कि अमेरिकी सीबीपी एक नई प्रवेश प्रक्रिया स्थापित करके उसे प्रकाशित नहीं कर देता। इस निलंबन से वाशिंगटन के नए व्यापार उपायों से होने वाले तत्काल असर का पता चलता है, जिनसे वैश्विक ई-कॉमर्स बाधित हो सकता है। साथ ही भारत तथा अन्य देशों के निर्यातकों पर असर पड़ सकता है।

चंद्रमा-मंगल

हर भारतीय को गर्व से भर दिया। उन्होंने कहा कि जब शुक्ला ने उन्हें तिरंगा दिखाया तो वह निःशब्द हो गए। मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष यात्री के साथ बातचीत में उन्होंने नए भारत के युवाओं के असीम साहस और अनंत सपनों को देखा।

सुशासन के

दक्षता का भी एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करने में सफल होंगे। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब न्यायिक व्यवस्था समयबद्ध, सस्ती और सुलभ हो। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में जनपद और ट्रायल कोर्ट में 72 लाख मामलों का निस्तारण हुआ, जो एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अभी भी 1.15 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जो एक चुनौती है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी गति जितनी तेज होगी, आम जनमानस में विश्वास उतना ही मजबूत होगा। इसके लिए सरकार हर स्तर पर सहयोग करने को तैयार है। सीएम ने नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने का उल्लेख किया, जो 1 जुलाई 2024 से प्रभावी हुए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आशंकाओं के बावजूद, न्यायिक अधिकारियों ने इन्हें तत्परता से लागू किया, जिससे ये कानून दंड पर आधारित न होकर न्याय की सुदृढ़ व्यवस्था पर केंद्रित साबित हुए। सीएम योगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि ये कानून भारत की न्यायपालिका और लोकतंत्र को और मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होंगे।

भारत को

वैज्ञानिकों का अभिनंदन, जिनकी साधना, अनथक परिश्रम और अद्भुत प्रतिभा ने नए भारत को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित किया है। सभी को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं।

अवैध कॉल सेंटर

अर्जुन गुलाटी, दिव्यांश गोयल और अभिनव कालरा ने नोएडा और गुरुग्राम में गैरकानूनी कॉल सेंटर चलाकर अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी सहयोग देने के बहाने निशाना बनाया। एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने पीड़ितों के बैंक खातों तक अनधिकृत पहुंच बनाई और धनराशि को कई विदेशी खातों में स्थानांतरित करने के बाद 200 से अधिक भारतीय खातों के जरिये वापस अपने खातों में पहुंचाया। ईडी ने दावा किया कि आरोपियों ने नवंबर 2022 से अप्रैल 2024 के बीच पीड़ितों से करीब 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 130 करोड़ रुपये) की ठगी की। छापेमारी के दौरान आरोपियों के 30 बैंक खाते फ्रीज किए गए, जबकि आठ महंगी कारें व महंगी घड़ियां जब्त की गईं।

दिल्ली में आसमान

द्वारका, नजफगढ़, नांगलोई, बदरपुर, आनंद विहार समेत ज्यादातर इलाकों में जलभराव की स्थिति देखी गई। कई दिनों तक लोगों को गर्मी से बेहाल करने के बाद दिल्ली-एनसीआर में शनिवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और काले घने बादलों ने आसमान को ढक लिया। सुबह के उजाले को जैसे बादलों ने निगल लिया और देखते ही देखते मूसलाधार बारिश ने दिल्ली की सड़कों को सरप्राइज दे दिया। इस बीच मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में बारिश का रेड अलर्ट भी जारी किया हुआ है।

मौसम विभाग ने पहले ही तेज बारिश की चेतावनी जारी की थी। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में हवा में नमी का 100 से 65 फीसदी रहा। मौसम विभाग ने रविवार के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। ऐसे में आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा/गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। कुछ स्थानों पर तीव्र वर्षा की संभावना है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 31 और 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 25 अगस्त को बादल छाए रह सकते हैं जिसके बाद मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान 31 और 22 डिग्री रह सकता है। वहीं 26 और 27 अगस्त को भी आंधी तूफान और बारिश की संभावना है।

जयशंकर ने

समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लोग दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। जयशंकर ने कहा यह वाकई अजीब है। अगर आपको भारत से तेल या परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने में कोई समस्या है, तो उसे न खरीदें। कोई आपको खरीदने के लिए मजबूर नहीं करता। लेकिन यूरोप खरीदता है, अमेरिका खरीदता है, इसलिए अगर आपको वह पसंद नहीं है, तो उसे न खरीदें। विदेश मंत्री ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव के मद्देनजर चीन के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक बहुत ही अलग स्थिति के लिए हर चीज को एक साथ जोड़कर इस तरह की राय बनाने की कोशिश करना गलत विश्लेषण होगा।

अनिल अंबानी

कि एजेंसी की टीम ने मुंबई में दो जगहों-रिलायंस कम्युनिकेशन लि9 (आरकॉम) के आधिकारिक परिसर और अनिल अंबानी के आवासीय परिसर पर तलाशी ली। सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर आरकॉम मुंबई, इसके निदेशक अनिल अंबानी, अज्ञात लोक सेवकों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी मुंबई के कफ परेड स्थित अंबानी के आवास सी विंड पर हुई। एसबीआई की शिकायत के अनुसार, कंपनी पर विभिन्न ऋणदाताओं का 40,000 करोड़ रुपये से अधिक बकाया था, जिसमें अकेले एसबीआई को 2018 के आंकड़ों के अनुसार 2929.05 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीबीआई ने बताया कि अंबानी और आरकॉम पर कथित तौर पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई की प्रवक्ता ने कहा आरोप है कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश के तहत गलत जानकारी दी और आरकॉम के पक्ष में एसबीआई से ऋण सुविधाएं स्वीकृत करवाईं। उन्होंने कहा कि यह भी आरोप है कि ऋण की राशि का दुरुपयोग किया गया और इसमें हेरफेर की गई। एसबीआई की शिकायत के अनुसार, रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम), आरकॉम की सहायक कंपनी रिलायंस इंफ्राटेल लिमिटेड (आरआईटीएल) और रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड (आरटीएल) ने बैंकों से कुल मिलाकर 31,580 करोड़ रुपये प्राप्त किए। वर्ष 2020 में किए गए फॉरेंसिक ऑडिट में बैंकों से प्राप्त धन के इस्तेमाल का पता लगाया गया, जिससे आरकॉम द्वारा प्राप्त और इस्तेमाल धन में हेराफेरी का पता चला। इसमें आरोप लगाया गया है कि उपयोग मंजूरी की शर्तों के अनुसार नहीं था। यह आरोप लगाया गया है कि 13667.73 करोड़ रुपये का उपयोग बैंकों और एफआईआई को ऋण और अन्य दायित्वों के पुनर्भुगतान के लिए किया गया, और 12692.31 करोड़ रुपये (41 प्रतिशत) का उपयोग संबंधित पक्षों को भुगतान करने के लिए किया गया। ऑडिट में अनियमित लेनदेन का ब्योरा देते हुए रेखांकित किया गया है कि बैंकों से ऋण के माध्यम से प्राप्त 6265.85 करोड़ रुपये का उपयोग अन्य बैंक ऋणों के भुगतान के लिए किया गया, 5501.56 करोड़ रुपये के ऋण का उपयोग संबंधित और जुड़े पक्षों को भुगतान करने के लिए किया गया और विभिन्न बैंकों से प्राप्त ऋणों से 1883.08 करोड़ रुपये का निवेश किया गया। सीबीआई प्रवक्ता ने बयान में कहा कि रिलायंस एडीए समूह की एक कंपनी, नेटिज़न इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए पूंजीगत अग्रिमों को बट्टे खाते में डाल दिया गया।

अहमदाबाद से

कि अभी जांच चल रही है, अहमद और वसीउद्दीन संदिग्ध है, नवीन के खातों से दोनों को लाखों रुपए का ट्राजेक्शन हुआ है। जिसको लेकर ईडी जांच कर रही है।

थराली में

विनोद सुमन राहत व बचाव की कमान संभाले हुए हैं। भारी बारिश के साथ आए मलबे से एसडीएम आवास, तहसील कार्यालय और बाजार की कई दुकानें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। बाजार की गलियों में मलबे और कीचड़ का अंबार लग गया है। कई वाहन भी मलबे में दब गए हैं, जिन्हें निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना में गम्भीर रूप से घायल हुए 6 लोगों को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स भेजा गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, सेना, आईटीबीपी, एसएसबी, अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। करीब 150 से अधिक अधिकारी- कर्मी मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटे हैं।

भारी बारिश से कर्णप्रयाग-ग्वालदम सड़क कई स्थानों पर ध्वस्त हो गई है। इससे क्षेत्र का यातायात प्रभावित हो गया है। लोक निर्माण विभाग सड़क को सुचारू करने के लिए दिन-रात काम कर रहा है। लगभग 150 से अधिक प्रभावित लोगों को तहसील परिसर में अस्थायी तौर पर ठहराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनके लिए भोजन, पानी, चिकित्सा और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आदेश जारी कर सतलुज जल विद्युत निगम का विश्राम गृह (कुलसारी) और गढ़वाल मंडल विकास निगम (देवाल) का कार्यालय परिसर राहत शिविर के लिए अधिकृत कर दिया है। यहां प्रभावितों के ठहरने और भोजन-पानी की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस 305 पर ऑलआउट

शेफाली और बिष्ट के अर्धशतक, भारत ए महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर शिकंजा कसा, सिआना जिंजर का शतक, भारत दूसरी पारी में 260/8

एजेंसी

ब्रिसबेन। इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस के बीच ब्रिसबेन में अनऑफिशियल टेस्ट खेला जा रहा है। शनिवार को ऑस्ट्रेलिया-ए पहली पारी में 305 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंडिया-ए विमेंस ने दूसरी पारी में 8 विकेट खोकर 260 रन बना लिए। भारत ने पहली पारी में 299 रन बनाए थे। निकोल का अर्धशतक तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया-ए ने 158/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम के लिए पहली पारी में सिआना जिंजर ने शतक लगाया। उन्होंने 138 बॉल पर 103 रन बनाए। निकोल फाल्टम ने 91 बॉल पर 54 रन की पारी खेली। कप्तान ताहलिया विल्सन ने 49 रन का योगदान दिया।

भारत की ओर से साइमा ठाकोर ने 3 विकेट झटके। राधा यादव और मिन्नु मणि ने 2-2 विकेट लिए। वीजे जोशीता, तनुश्री सरकार और तितास साधु को 1-1 विकेट मिला। राघवी बिष्ट 119 बॉल पर 86 रन बनाए भारत ने दूसरी पारी में 260 रन बनाने में आठ विकेट गंवा दिए हैं। टीम के लिए राघवी बिष्ट 119 बॉल पर 86 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 58 बॉल पर 52 रन बनाए। तेजल हसबनिस ने 39, तनुश्री सरकार ने 25 और धारा गुज्जर ने 20 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए एमी एडगर ने 4 विकेट झटके। जॉर्जिया प्रेस्टविज ने 2 विकेट लिए। सिआना जिंजर और मैटलान ब्राउन को 1-1 विकेट मिला। इंडिया-ए से पहली पारी में दो अर्धशतक लगे ब्रिसबेन में गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया-ए ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। पहले दिन बारिश के कारण 23.2 ओवर का खेल ही हो सका। इंडिया-ए ने यहां 93 रन बनाने में ही 5 विकेट गंवा दिए।

दूसरे दिन इंडिया-ए ने 93/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। राघवी बिष्ट को कप्तान राधा यादव का साथ मिला, दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 150 के करीब पहुंचा दिया। राधा 33 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बाद मिन्नु मणि ने राघवी के साथ पारी संभाल ली। राघवी ने फिफ्टी लगाई और टीम को 200 के पार पहुंचाया। वे सेंचुरी लगाने से 7 रन पहले ही आउट हो गईं। आखिर में वीजे जोशिथा ने 51 और तितास साधु ने 23 रन बनाकर टीम को 299 रन तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए मैटलान ब्राउन और जॉर्जिया प्रेस्टविज ने 3-3 विकेट लिए। सिआना जिंजर, लिली मिल्स, एमी एडगर, एला हैवार्ड को 1-1 विकेट मिला।

दौरे पर इंडिया-ए ने 2 मैच जीते अनऑफिशियल टेस्ट से पहले दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 और 3 वनडे की सीरीज भी खेली गई। ऑस्ट्रेलिया-ए ने टी-20 सीरीज 3-0 से अपने नाम की। वहीं इंडिया-ए ने वनडे सीरीज 2-1 से जीती। अब सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। टेस्ट के चौथे दिन का खेल रविवार सुबह 5 बजे से खेला जाएगा।

विश्व कप में भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम : रीमा मल्होत्रा

नयी दिल्ली। पूर्व हरफनमौला रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण को शानदार करार देते हुए कहा कि यह विश्व कप में अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम है।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से दो नवंबर तक होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज शुरुआती दिन गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण का जिक्र करते हुए रीमा ने भाषा को दिये साक्षात्कार में कहा, यह किसी भी महिला विश्व कप को देखे तो भारत की सबसे मजबूत टीम है। इसमें हरमनप्रीत (कौर), स्मृति मंधाना, जैमी (जेमिमा रोड्रिग्स), दीप्ति (शर्मा) जैसी अनुभवी खिलाड़ी है तो वहीं अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ज चा घोष जैसे दमखम वाले युवा भी है।

उन्होंने कहा टीम में जोश और होश का अच्छा मिश्रण है। मुझे नहीं लगता कि आपको विश्व कप के लिए इससे अच्छी टीम मिलेगी। आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा टीम में जगह बनाने में नाकाम रही लेकिन रीमा ने उनकी जगह प्रतिका रावल के चयन को सही करार देते हुए कहा कि दिल्ली की इस बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता रही है। प्रतिका ने भारत के लिए 14 एकदिवसीय में 54.07 के औसत से 754 रन (एक शतक और पांच अर्धशतक) रन बनाये हैं। शेफाली के नाम 29 एकदिवसीय में लगभग 23 के औसत से 644 रन (चार अर्धशतक) है। इस दौरान शेफाली का स्ट्राइक रेट 83.20 का रहा है तो वहीं प्रतिका ने इस मामले में भी बेहतर करते हुए 87.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। भारत के लिए 41 एकदिवसीय और 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रीमा ने कहा, शेफाली बड़ा नाम है। वह ऐसा एक्स फैक्टर (अपने दम पर मैच पासा पलटने वाला खिलाड़ी) है जिसे आप अपनी टीम में चाहते हैं।

जब एक्स फैक्टर का सामना प्रदर्शन में निरंतरता से होता है तो मुझे लगता है कि कप्तान और चयनकर्ताओं ने नियमित अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को तरजीह दी है और यह सही भी है। उन्होंने कहा प्रतिका ने मौकों को भुनाकर टीम में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने पिछली कुछ श्रृंखलाओं में खुद को साबित किया है। उन्होंने दिखाया है कि उनके पास एकदिवसीय में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए जरूरी तकनीक और मानसिकता है। रीमा ने कहा कि भारत की बल्लेबाजी हमेशा मजबूत रही है लेकिन मौजूदा टीम में अब तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाज के साथ गेंदबाजी भी में काफी विविधता है।

अर्जुन व इलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक

शिमकेंट (कजाखस्तान)। भारत के अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन ने यहां चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17 . 11 से हराया। चीनी जोड़ी शुरूआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9 . 5 और 10 . । के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं। वहीं बाबूता ने रूद्रांक्ष पाटिल और किरण जाधव के साथ पुरूष 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पीला तमगा जीता है। भारत की शांभवी श्रवण और नारायण प्रणव की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने चीन को 16 . 12 से हराया। भारतीय टीम क्वालीफिकेशन में दो चीनी टीमों के पीछे थी लेकिन एक देश से एक ही टीम भाग ले सकती है तो चीन के तांग हुइकी और हान यिनान क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचे। भारतीय टीम ने 629 . 5 स्कोर किया जबकि चीन 2 का स्कोर 632 . 5 और चीन । का स्कोर 630 था। शांभवी ने 105 . 4, 105 . 2 और 104 . 4 स्कोर किया जबकि प्रणव ने 103 . 7, 105 . 7 और 105 .1 स्कोर किया। भारत की ईशा टकसाले और हिमांशु क्वालीफिकेशन में 628 . 6 स्कोर करके चौथे स्थान पर रहे। शांभवी इससे पहले ह्रदय श्री कोंडुर और ईशा अनिल के साथ 1896 . 2 के जूनियर विश्व रिकार्ड के साथ महिला जूनियर 10 मीटर एयर राइफल टीम का स्वर्ण जीत चुकी है। भारतीय जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17 . 11 से हराया। चीनी जोड़ी शुरूआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9 . 5 और 10 .1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता।

संक्षेप

प्रज्ञानानंदा ने लाग्रेव से गुकेश ने डुडा से डॉ खेला

सेंट लुइस (अमेरिका)। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप शतरंज के पांचवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश हार से बाल बाल बचे और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के साथ अंक बांटे। पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। अमेरिका के फेबियानो कारूआना ने 3 . 5 अंक के साथ एकल बढत बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। प्रज्ञानानंदा दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2 . 5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। ग्रैंड शतरंज टूर से शीर्ष चार खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाले फाइनल में जगह बनायेंगे।

हरियाणा ने जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

जालंधर। हरियाणा ने अंतिम क्वार्टर में तीन गोल दागकर शनिवार को यहां एक रोमांचक फाइनल में ओडिशा को 3-2 से हराकर जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप जीत ली। पंजाब ने उत्तर प्रदेश को शूटआउट में 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता। फाइनल के दूसरे क्वार्टर में ओडिशा ने दीपक प्रधान (17वें मिनट) और प्रताप टोप्पो (19वें मिनट) की मदद से लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 2-0 की बढ़त बना ली। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ। लेकिन हरियाणा ने मैच के अंतिम क्वार्टर में खेल का रुख पलट दिया। चिराग (50वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरियाणा के लिए पहला गोल किया और अगले ही मिनट में उनके साथी नितिन (51वें मिनट, 60वें मिनट) ने एक मैदानी गोल करके मैच बराबरी पर ला दिया। इसके कुछ ही क्षण बाद मैच के अंतिम मिनट में नितिन ने दो डिफेंडरों को चकमा देते हुए हरियाणा के लिए विजयी गोल दागा।

शारापोवा, ब्रायन बंधु टेनिस हाफ आफ फेम में

लंदन। रूस की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मारिया शारापोवा और अमेरिका के युगल विशेषज्ञ बॉब और माइक ब्रायन को टेनिस हाल आफ फेम में शामिल किया जायेगा। कैरियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाली 10 महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा ने 2004 में दो बार की गत चैम्पियन सेरेना विलियम्स को हराकर विम्बलडन जीता था।

केरल के मैत्री फीफा मैच में खेलेगे मेस्सी

एजेंसी

कोच्चि। तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना ने पुष्टि कर दी है कि वह नवंबर में केरल में अज्ञात प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फीफा का एक दोस्ताना मैच खेलेगी। मैच 10 से 18 नवंबर के बीच कोच्चि या तिरूवनंतपुरम में खेला जा सकता है। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर लिखा , लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 2025 में दो फीफा दोस्ताना मैच खेलेगी। पहला छह से 14 अक्टूबर के बीच अमेरिका में खेला जायेगा। दूसरा 10 से 18 नवंबर के बीच अंगोला के लुआंडा और भारत के केरल (प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं) में होगा। केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी पुष्टि की कि कप्तान लियोनेल मेस्सी समेत विश्व कप विजेता अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल आयेगी। उन्होंने लिखा अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने ऐलान किया है कि टीम नवंबर में फीफा विंडो में केरल में खेलेगी। लियोनेल मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप जीतने वाली पूरी टीम यहां आयेगी। उन्होंने कहा हम अर्जेंटीना फुटबॉल संघ को इसके लिये धन्यवाद देते हैं। यह केरल फुटबॉल और पूरे खेल सेक्टर के लिये ऐतिहासिक पल है। एएफए के बयान में हालांकि मेस्सी का जिक्र नहीं है और न ही राष्ट्रीय टीम का ब्यौरा है। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने 2022 फीफा विश्व कप में खिताब जीतने के बाद केरल से मिले समर्थन के लिये भी धन्यवाद दिया था। अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में हराकर खिताब जीता था। इससे पहले अर्जेंटीना टीम की यात्रा को लेकर संशय था क्योंकि दौरे की पुष्टि नहीं हुई थी और केरल सरकार के अधिकारियों को अनुबंध करने में नाकाम रहने के लिये दोषी ठहराया गया था। अर्जेंटीना टीम इससे पहले 2011 में कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलने आई थी। मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना टीम को केरल लाने के अभियान ने सितंबर 2024 में तेजी पकड़ी जब अब्दुरहमान ने स्पेन जाकर अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अधिकारियों से मुलाकात की थी। एएफए के मुख्य वाणिज्यिक और विपणन अधिकारी लिएंड्रो पीटरसन ने हालांकि आठ अगस्त को कहा था कि टीम का केरल दौरा अभी तय नहीं है। लेकिन अब्दुरहमान ने इसे खारिज करते हुए कहा था , पीटरसन एएफए के महत्वपूर्ण अधिकारी हैं लेकिन सिर्फ मार्केटिंग में। यह अनुबंध एएफए प्रमुख क्लाउडियो टापिया के साथ हुआ है। अब्दुरहमान की स्पेन यात्रा सरकारी खर्च पर हुई थी जिस पर 13 लाख चार हजार रूपये खर्च हुए थे। इससे विवाद भी हुआ था लेकिन उन्होंने यह कहकर बचाव किया था कि इस यात्रा से स्पेन, आस्ट्रेलिया और क्यूबा जैसे अहम देशों से खेल करार किये गए हैं।

केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने शनिवार को पुष्टि की कि फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना की टीम इस साल नवंबर में केरल में दोस्ताना मैच खेलने आयेगी। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि मैनेजर लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना टीम अंगोला के लुआंडा और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके बाद केरल के खेलमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि केरल ने एएफए से मैच इस साल अक्टूबर या नवंबर में खेलने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा पहले एएफए 2026 में ये मैच खेलना चाहता था। हमने उनसे अनुरोध किया कि केरल में मैच इसी साल खेले। अब एएफए ने इसकी पुष्टि कर दी है। हम 2022 विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम को यहां लाना चाहते थे। अब्दुरहमान ने कहा अर्जेंटीना फुटबॉल टीम को केरल लाने के लिये काफी मेहनत की गई है। हमने बाकी बंदोबस्त पर काम शुरू कर दिया है और जल्दी ही मुख्यमंत्री से इसके ब्यौरे पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों फुटबॉलप्रेमियों को इस मैच का बेताबी से इंतजार है। उन्होंने कहा हमारा इरादा प्रशंसकों को मेस्सी को केरल में खेलते देखने का मौका देने का है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक ने इस कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है और सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विरोधी टीम के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, हम फीफा की शीर्ष 50 में से एक टीम चुनेंगे। कई टीमों ने हमसे संपर्क किया है। आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम भी आना चाहती है और हमारा उनके साथ खेल आदान प्रदान का करार भी है। तीन चार और टीमों ने भी संपर्क किया है। वहीं दूसरी ओर उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से मास्टर राइट्स समझौते के नवीनीकरण से संबंधित मुद्दे को सुलझाने को कहा है।

गिल का दिलीप ट्रॉफी, खेलना मुश्किल

एजेंसी

नयी दिल्ली। शुभमन गिल 28 सिंतबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल बीमार हैं। गिल को नॉर्थ जोन का कप्तान बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में उनका ब्लड टेस्ट हुआ था। इसके बाद फिजियो और मेडिकल टीम ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजकर सलाह दी है कि वे दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। गिल को एशिया कप में भारतीय टीम का उपकप्तान चुना गया है। ऐसे में बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। 4 या 5 सितंबर को दुबई

❍ ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को रिपोर्ट सौंपी गयी, 28 सितंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

के लिए रवाना होगी टीम गिल वैसे भी पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितंबर से एशिया कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होना था। टीम इंडिया एशिया कप के लिए 4 या 5 सितंबर को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं, दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगी। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा एक मैच खेल सकते थे। शानदार फॉर्म में हैं गिल, इंग्लैंड में 4 सेंचुरी लगाईं भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं।

उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों की मदद से 754 रन बनाए थे। गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। अर्शदीप-हर्षित भी एक-एक ही मैच खेलेंगे रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ जोन के सिलेक्टर्स ने गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर शुभम रोहिल्ला को टीम में शामिल कर सकता है। अंकित कुमार को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। अब वह दलीप ट्रॉफी में गिल की गैरमौजूदगी में कप्तानी करेंगे। एशिया कप स्क्वॉड में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी पहले मैच के बाद नेशनल टीम से जुड़ सकते हैं।

नॉर्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा। नॉर्थ जोन स्क्वॉड नॉर्थ जोनः शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदोनी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), यश धुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी। जोन फॉर्मेट में लौटी दलीप ट्रॉफी दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से होने वाला है। इस साल दलीप ट्रॉफी फिर से जोन आधारित फॉर्मेट में खेली जाएगी। पिछली बार इसे चार टीमों (ए, बी, सी, डी) के बीच खेला गया था। इसके बाद इसे फिर से पुराने फॉर्मेट में कराने का फैसला लिया गया है।

अंडर20 विश्व चैम्पियनशिप में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन

समोकोव (बुल्गारिया)। भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों का अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जहां शनिवार को प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में ही चार और पहलवान बाहर हो गए। भारत के लिए अपने पदकों की संख्या में बढ़ोतरी करने का एकमात्र मौका अनिल मोर के पास है, जो कांस्य पदक मुकाबले के लिए जापान के डाइसुके मोरीशिता के खिलाफ खेलेंगे। इस टूर्नामेंट में अब तक पदक जीतने वाले एकमात्र ग्रीको रोमन पहलवान सूरज हैं, जिन्होंने 60 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। गौरव (63 किग्रा) का क्वालीफिकेशन राउंड में मोल्दोवा के डुमित्रु रैपेस्को से मुकाबला था और निर्धारित समय के अंत में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद वह मानदंडों के आधार पर विजेता बने। उनके प्री-क्वार्टर फाइनल का परिणाम भी 1-1 रहा, लेकिन इस बार उन्हें अजरबैजान के तुरल अहमदोव से हार का सामना करना पड़ा। अहमदोव बाद में अपना क्वार्टर फाइनल हार गए, जिससे गौरव की रेपेशाज के जरिए वापसी की संभावना समाप्त हो गई। अमन ने 77 किग्रा में जापान के नाओकी काडोडे को 7-0 से हराया लेकिन किरिल वालेउस्की के खिलाफ अंतिम आठ चरण में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए। वालेउस्की सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और अगर वह एक और मुकाबला जीत जाते हैं।

केआईडब्ल्यूएसएफ में मध्य प्रदेश को दस स्वर्ण

एजेंसी

श्रीनगर। मध्य प्रदेश ने यहां डल झील पर आयोजित खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव (केआईडब्ल्यूएसएफ) के शुरुआती सत्र में शनिवार को छह स्वर्ण पदक जीत कर अपना दबदबा कायम रखा। मध्यप्रदेश के नाम अब 10 स्वर्ण के साथ 18 पदक हो गये हैं। ओडिशा के जगतपुर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र और अलप्पुझा स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाले अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ओडिशा और केरल क्रमशः 10 और सात पदकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

ओडिशा ने चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक जीता जबकि केरल ने तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। मध्य प्रदेश के जल क्रीड़ा खिलाड़ियों के लिए यह एक और शानदार दिन रहा क्योंकि उन्होंने कयाकिंग और कैनोइंग में शनिवार को छह और स्वर्ण पदक अपने नाम किए। शिखा चौहान, रीना सेन और पल्लवी जगताप की प्रसिद्ध तिकड़ी ने मध्य प्रदेश के लिए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

इंदौर की शिखा ने कयाकिंग एकल स्लैलम में स्वर्ण पदक जीता, जबकि देवास की 12वीं कक्षा की छात्रा पल्लवी ने सी। स्लैलम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने तीन रजत और पांच कांस्य पदक भी जीते। ओडिशा की रस्मिता साहू ने शनिवार को अचोइबम सनातंबी देवी के साथ महिला सी2 500 मीटर स्प्रिंट पेयरिंग में पहले स्थान के साथ इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले तोक्यो ओलंपियन अर्जुन लाल जाट को पुरुषों की 1000 मीटर सिंगल स्कल में ओडिशा के अविराज ने पछाड़ दिया। अविराज (3.37.54 सेकंड) ने कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता जबकि अर्जुन 3.28.68 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

ओडिशा के जगतपुर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र और अलप्पुझा स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाले अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ओडिशा और केरल क्रमशः 10 और सात पदकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ओडिशा ने चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक जीता जबकि केरल ने तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते।

हिम्मत और शिवम के अर्धशतकों से नयी दिल्ली ने आउटर दिल्ली को हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कप्तान हिम्मत सिंह (38 गेंद में 58 रन) और शिवम गुप्ता (43 गेंद में 59 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के दम पर नयी दिल्ली टाइगर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) मैच में शुक्रवार को यहां आउटर दिल्ली वॉरियर्स को 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया।

आउटर दिल्ली ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 142 रन बनाये। नयी दिल्ली ने हिम्मत और शिवम की 74 गेंद में 113 रन की साझेदारी के बूते महज 15.2 ओवर में आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया।

टीम आठ मैचों में तीसरी जीत के बाद तालिका में पांचवें स्थान पर आ गयी है जबकि नौ मैचों में छठी हार के बाद आउटर दिल्ली आठ टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर है। इससे पहले नयी दिल्ली टाइगर्स के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन कर आउटर दिल्ली के बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। प्रद्युम्न सनन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवरों में 16 रन देकर एक विकेट जबकि आत्रेय त्रिपाठी ने चार ओवरों में 19 रन देकर दो विकेट लिए।

आउटर दिल्ली वॉरियर्स की ओर से प्रियांश आर्य ने 26 गेंदों में सबसे ज्यादा 36 रन का योगदान दिया। शिवम शर्मा ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 28 रन की पारी खेली लेकिन टीम नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रही।

चुनौतियों से घिरा है संविधान : सुदर्शन

रेड्डी ने अपनी उम्मीदवारी, संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों पर बहस की

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि देश में लोकतंत्र का अभाव है और संविधान चुनौतियों से घिरा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वह इस महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर चुने जाते हैं तो संविधान की रक्षा और संरक्षण के लिए संकल्पित रहेंगे। रेड्डी ने

देश में लोकतंत्र का अभाव है: सुदर्शन रेड्डी

अपनी उम्मीदवारी, संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों पर बहस और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा उन पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाए जाने सहित कई मुद्दों पर सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संसद में व्यवधान भी आवश्यक है, लेकिन इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अभिन्न अंग नहीं बनने देना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि पहले घाटे वाली अर्थव्यवस्था की बात होती थी, लेकिन अब डेफिसिट इन डेमोक्रेसी (लोकतंत्र का अभाव) है। रेड्डी ने कहा कि भारत एक संवैधानिक लोकतंत्र बना हुआ है, फिर भी यह मुश्किल में है। उन्होंने इस विषय पर चर्चा का स्वागत किया कि क्या वर्तमान समय

में संविधान पर हमला हो रहा है। रेड्डी ने कहा कि लोकतंत्र का मतलब व्यक्तियों के बीच टकराव से कम और विचारों के बीच टकराव से ज़्यादा है तथा सरकार और विपक्ष के बीच संबंध बेहतर होने चाहिए। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रेड्डी ने कहा कि संविधान को अक्षुण्ण रखने की उनकी यात्रा जारी है, और अंततः अवसर मिलने पर यह संविधान की रक्षा और बचाव में परिणत होगी। उन्होंने कहा मैं इस यात्रा को भी ऐसा ही मानता हूं, और अंततः अवसर मिलने पर यह संविधान की रक्षा एवं संरक्षण में परिणत होगी। अब तक, मैं संविधान की रक्षा कर रहा था और यही एक न्यायाधीश को दिलाई जाने वाली शपथ है। इसलिए यह यात्रा मेरे लिए कोई नयी बात नहीं है।

रेड्डी ने कहा कि विपक्ष द्वारा उन्हें सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया जाना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा पहला, यह विविधता का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरा, सर्वसम्मति से चुना जाना। तीसरा, मतदान क्षमता के संदर्भ में यदि आप विश्लेषण करें, तो वे (विपक्ष) 63-64 प्रतिशत से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है? इस तर्क पर कि शीर्ष संवैधानिक पदों को सर्वसम्मति से भरा जाना चाहिए, उन्होंने कहा काश, सर्वसम्मति होती। लेकिन आप जानते हैं कि वर्तमान राजनीति बंटी हुई है। इन परिस्थितियों में शायद यह अपरिहार्य है, जिसके कारण यह मुकाबला हो रहा है। रेड्डी ने कहा पहले हम घाटे वाली अर्थव्यवस्था की बात करते थे, (अब) डेफिसिट इन डेमोक्रेसी (लोकतंत्र की कमी) है। मैं यह नहीं कहता कि भारत अब एक लोकतांत्रिक देश नहीं रहा। मैं इससे सहमत नहीं हूं। हम अभी भी एक संवैधानिक लोकतंत्र हैं, लेकिन चुनौतीपूर्ण स्थिति में हैं।

सफलता मेहनत और प्रतिबद्धता से तय होती है, परीक्षा के अंकों से नहीं : सीजेआई गवई

पणजी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि पेशेवर जीवन में सफलता का स्तर परीक्षा परिणामों से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, समर्पण और काम के प्रति प्रतिबद्धता से निर्धारित होता है। उन्होंने याद किया कि वह एक प्रतिभाशाली छात्र थे, लेकिन कक्षाएं छोड़ देते थे। प्रधान न्यायाधीश ने पणजी के निकट मीरामार में वी एम सलगांवकर कॉलेज ऑफ लॉ के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि कानूनी शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन आया है। उन्होंने लॉ कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा परीक्षा में अपने रैंक पर मत जाइए, क्योंकि ये परिणाम यह निर्धारित नहीं करते कि आप किस स्तर की सफलता प्राप्त करेंगे।

आपका दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, समर्पण और पेशे के प्रति प्रतिबद्धता ही मायने रखती है। प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि वह एक असाधारण छात्र थे, लेकिन अक्सर कक्षाएं छोड़ देते थे। उन्होंने कहा, लेकिन हमारी नकल करने की कोशिश नहीं करें। उन्होंने याद किया कि जब वह मुंबई के सरकारी लॉ कॉलेज में पढ़ते थे, तो वे कक्षाएं छोड़कर कॉलेज की चारदीवारी पर बैठते थे और कक्षा में उनकी हाजिरी उनके मित्र लगाते थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा (कानून की डिग्री के) आखिरी साल में मुझे अमरावती जाना पड़ा, क्योंकि मेरे पिता (महाराष्ट्र) विधान परिषद के सभापति थे। मुंबई में हमारा घर नहीं था। जब मैं अमरावती में था, तो मैं लगभग आधा दर्जन बार ही कॉलेज गया था। मेरे एक मित्र, जो बाद में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने, मेरी हाजिरी लगा देते थे। सीजेआई गवई के पिता दिवंगत आर एस गवई रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) के संस्थापक थे। वह 1978 से 1982 तक महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति रहे। बाद में वे बिहार, सिक्किम और केरल के राज्यपाल बने।

संक्षेप

गाजा में इजराइल के हमले में 25 की मौत

खान यूनिस। गाजा में शनिवार को इजराइल के हमलों और गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए। स्थानीय अस्पतालों ने यह जानकारी दी। नासिर अस्पताल के मुर्दाघर के रिकॉर्ड और स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, तड़के दक्षिणी गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में कम से कम 14 लोग मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि हमलों में खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिए बने तंबुओं को निशाना बनाया गया। गाजा के अन्य स्थानों से भागकर आए लाखों लोगों ने यहां शरण ले रखी है। मृतकों में आधे से ज़्यादा महिलाएं और बच्चे थे। शेख रादवान फील्ड अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी गाजा में ज़िकिम क्रॉसिंग के पास इजराइली गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए। ये लोग वहां राहत सामग्री के लिए इकट्ठा हुए। इस क्रॉसिंग के जरिये संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों के काफिले एन्क्लेव में प्रवेश करते हैं। अस्पतालों और फलस्तीनी रेड क्रिसेंट के अनुसार, शनिवार को गाजा में अन्य जगहों पर हुए हमलों में छह लोग मारे गए। राहत समूह महीनों से आगाह कर रहे हैं कि युद्ध जारी रहने और गाजा में खाद्य पदार्थों की खेप भेजे जाने पर इजराइल के प्रतिबंध के कारण भुखमरी का संकट पैदा हो रहा है।

बाइक टैक्सी सेवाएं फिर से शुरू : कर्नाटक हाईकोर्ट

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि उसने राइड-हेलिंग कंपनियों को बाइक टैक्सी सेवाएं फिर से शुरू करने की अनुमति देने संबंधी कोई आदेश नहीं दिया है। अदालत का यह स्पष्टीकरण तब आया जब एक दिन पहले ही शहर की सड़कों पर बाइक टैक्सी सेवाएं फिर से शुरू होती देखी गईं। मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार कानून के अनुसार बाइक टैक्सी समूहों के खिलाफ कार्वाई करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन प्रवर्तन प्राधिकारियों को व्यक्तिगत वाहन मालिकों को निशाना बनाने से बचना चाहिए। बीस अगस्त को सुनवाई के दौरान पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 22 सितंबर निर्धारित की थी और सरकार को यह निर्णय लेने का समय दे दिया था कि क्या वह बाइक टैक्सी पर कोई नीति बनाना चाहती है। महाधिवक्ता शशिकिरण शेट्टी ने शुक्रवार को अदालत को बताया कि कई संचालकों ने सेवाएं पुनः शुरू कर दी हैं, जबकि उन्हें ऐसा करने की अनुमति देने वाला कोई न्यायिक आदेश नहीं था।

ग्रेट निकोबार परियोजना है महा आपदा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने शनिवार को ग्रेट निकोबार मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना को पारिस्थितिकी संबंधी महा आपदा करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस परियोजना को मनमाने ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। रमेश ने इस मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ अपने पिछले संवाद का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने परियोजना पर चिंता जताई थी। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पर्यावरण मंत्री के साथ बातचीत का कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है।

उन्होंने कुछ खबरों का हवाला देते हुए कहा कि नये साक्ष्य बताते हैं कि वन अधिकार अधिनियम के तहत स्थानीय आदिवासी समुदायों के अधिकारों का समाधान नहीं किया गया है। रमेश ने दावा किया कि यह परियोजना निःसंदेह पारिस्थितिकी संबंधी महा आपदा है। कांग्रेस नेता ग्रेट

निकोबार परियोजना को लेकर कई बार चिंता जता चुके हैं। उनका कहना है कि इस क्षेत्र के वनवासियों और आदिवासियों के अधिकारों का ध्यान नहीं रखा गया है। ग्रेट निकोबार परियोजना में 160 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में एक बंदरगाह, एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक टाउनशिप और एक बिजली संयंत्र का निर्माण शामिल है।

ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगी सर्जियो को भारत का राजदूत किया नामित

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगी सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नामित किया है। सर्जियो गोर वर्तमान में व्हाइट हाउस प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस के निदेशक हैं। यह कदम व्यापार संबंधी मुद्दों को लेकर दोनों देशों के बीच संबंधों में आई दरार के बीच उठाया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने 38 वर्षीय गोर को महत्वपूर्ण राजदूत पद के लिए नामित करने की घोषणा करते हुए कहा कि वह (गोर) दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में भी काम करेंगे।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा विश्व के सबसे अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्र के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि मेरे पास कोई ऐसा व्यक्ति हो जिस पर मैं पूरी तरह भरोसा कर सकूं कि वह मेरे एजेंडे को पूरा करेगा और अमेरिका को फिर से महान बनाने में हमारी मदद करेगा। गोर ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप के अभियान की राजनीतिक कार्रवाई समिति (पीएसी) में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी और नए प्रशासन में राजनीतिक नियुक्तियों की जांच करने का काम सौंपे जाने के बाद उनका प्रभाव कई गुना बढ़ गया। इस साल जनवरी में, भारत में अमेरिका के तत्कालीन राजदूत एरिक गार्सेटी ने

अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। एरिक गार्सेटी मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत थे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने गोर को भारत में अगला राजदूत नामित करने के ट्रंप के फैसले का स्वागत किया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि मैं सर्जियो गोर को भारत गणराज्य में हमारे अगले राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में नियुक्त कर रहा हूं। उन्होंने कहा प्रेसिडेंशियल पर्सनल के निदेशक के तौर पर सर्जियो और उनकी टीम ने रिकॉर्ड समय में अमेरिका की संघीय सरकार के हर विभाग में लगभग 4,000 अमेरिका फर्स्ट समर्थकों की नियुक्ति की है। सीनेट से पुष्टि होने तक सर्जियो अपनी मौजूदा भूमिका में व्हाइट हाउस में बने रहेंगे। उन्होंने लिखा सर्जियो मेरे अच्छे दोस्त हैं।

पीएम मोदी का दो दिवसीय गुजरात दौरा कल से

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अगस्त से शुरू हो रहे अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित घरों का उद्घाटन करेंगे और 5,477 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री 25 अगस्त की शाम अहमदाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद नरोदा से निकोल क्षेत्र तक तीन किलोमीटर लंबे रोड शो में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि रोड शो के रास्ते और निकोल में कार्यक्रम स्थल पर लगभग एक लाख लोग मौजूद रहेंगे, जहां से वह 5,477 करोड़ रुपये की विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार की परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। पटेल ने बताया

कि प्रधानमंत्री अहमदाबाद शहर में रामापीर टेकरा नामक झुग्गी बस्ती में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 133.42 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 1,449 मकानों और 130 दुकानों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि मोदी अहमदाबाद शहर के आसपास चार लेन वाली एसपी रिंग रोड के उन्नयन की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना के तहत सरकारी और निजी कंपनियों की भागीदारी से दो चरणों में छह लेन वाली सड़क का निर्माण किया जाएगा।

इस पर गति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक्सप्रेसवे मानकों के अनुसार नियंत्रित पहुंच होगी। अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एयूडीए) के अंतर्गत जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। दस्क्रोई तालुका में 27 करोड़ रुपये की लागत से एक जल पम्पिंग स्टेशन का निर्माण किया गया है, साथ ही 23 किलोमीटर लंबी मुख्य पाइपलाइन भी बिछाई गई है। पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन की जाने वाली इस परियोजना से एयूडीए क्षेत्र के 10 गांवों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

अल सल्वाडोर तट पर 6.0 तीव्रता का भूकंप

सैन सल्वाडोर (अल साल्वाडोर)। ग्वाटेमाला और अल सल्वाडोर के तट के पास शनिवार सुबह प्रशांत महासागर में बड़ा भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। सुबह 4:14 बजे 10 किलोमीटर की गहराई पर 6.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र अल सल्वाडोर के अकाजुटला से 81 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम और ग्वाटेमाला के प्यूर्टो सैन जोस से 107 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में था। अकाजुटला, अल सल्वाडोर का प्रमुख वाणिज्यिक बंदरगाह है और इसका उपयोग क्रूज जहाजों द्वारा भी किया जाता है।

इंटरटेनमेंट...

बिग बॉस 19 : सबसे अलग होगा यह सीजन

मुंबई। टीवी का सबसे कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस को शुरू होने में अब सिर्फ एक दिन बचा है। धीरे-धीरे कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने आ रहे हैं। इसी बीच शो के होस्ट सलमान खान ने बताया है कि जिस तरह से शो आगे बढ़ेगा वैसे ही पता चलेगा कि क्या खास होने वाला है। हालांकि मीडिया से बातचीत के दौरान सलमान खान ने शो से जुड़ी कोई भी खास जानकारी रिवील नहीं की है। उन्होंने शो के सस्पेंस को बनाकर रखा। बिग बॉस 19 की शुरूआत 24 अगस्त से होने जा रही है। हर बार की तरह इस बार भी शो में कुछ नया देखने को मिलेगा, लेकिन इस बार का कॉन्सेप्ट और भी ज्यादा दिलचस्प है। इस

शो करते-करते मुझे भी पता चलेगा क्या नया है

बार शो की थीम डेमोक्रेसी यानी लोकतंत्र रखी गई है। इसी थीम के आधार पर बिग बॉस हाउस पूरी तरह से डिजाइन किया गया है। हाल ही में बिग बॉस को प्रोड्यूस करने वाली कंपनी बानी जे & एंडेमोल के सीओओ ऋषि नेगी ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान बताया था कि हमने जिस तरह से कंटेस्टेंट्स की कास्टिंग की है, उसमे सलमान खान ने पूरा भरोसा दिखाया है। उनको भी

इस बार टीम में फ्रेशनेस नजर आ रही है। इस बार सलमान खान का अंदाज एकदम अलग होगा। उनके दबंग स्टाइल की भी एक अलग झलक दिखेगी। अगर वो किसी की टांग खिंचाई भी करेंगे तो लोगों को उनका यह अंदाज बहुत पसंद आता है।

18 साल बाद साथ नजर आयेंगे अक्षय और सैफ

मुंबई। निर्देशक प्रियदर्शन इन दिनों अपनी नई अपकमिंग फिल्म हैवान को लेकर चर्चा में हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान 18 साल बाद एक साथ नजर आएंगे। हालांकि, दोनों किस किरदार में नजर आएंगे, इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

हैवान एक हाई-ऑक्टेन थ्रिलर फिल्म है। इसकी शूटिंग केरल के कोच्चि में शुरू हो चुकी है, जिसकी एक झलक भी सामने आई है। खुद अक्षय कुमार ने शूटिंग का वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, अब सब ही हैं थोड़े से शैतान, कोई ऊपर से संत तो कोई अंदर से हैवान। वहीं, आने वाले दिनों में फिल्म की

शूटिंग ऊटी और मुंबई में भी की जाएगी। हैवान को केवीएन प्रोडक्शंस और थेस्पियन फिल्म्स साथ मिलकर बना रहे हैं और इसे वेंकट के नारायण और शैलजा देसाई फेन ने साथ में प्रोड्यूस किया है।

कहा जा रहा है कि फिल्म अगले साल रिलीज हो सकती है।

टाइगर श्रॉफ को एक्टिंग छोड़ देने की मिली सलाह

मुंबई। एक्टर टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'बागी-4' में दिखने वाले हैं। अपनी फिटनेस और डांस के लिए फेमस टाइगर को अक्सर एक्टिंग की वजह से ट्रोल किया जाता है। हाल ही में आर्य कोठरी नाम के कंटेंट क्रिएटर ने बॉलीवुड स्टार्स को लेकर एक वीडियो बनाया। वीडियो में टॉप 5 ऐसे एक्टर्स की लिस्ट थी, जिन्हें एक्टिंग छोड़ देनी चाहिए। इस लिस्ट में टाइगर का नाम भी शामिल था। ये बात एक्टर की मां आयशा श्रॉफ को अच्छी नहीं लगी और उन्होंने वीडियो पर मजेदार रिएक्शन दे दिया। वीडियो में दिखता है कि कंटेंट क्रिएटर आर्य डीजे अर्नव से पूछते हैं कि वो 5 टॉप एक्टर कौन हैं, जिन्हें एक्टिंग करनी बंद कर देनी चाहिए। जवाब में अर्नव सबसे पहले टाइगर श्रॉफ का नाम लेते हैं।

शाहरुख को सेट पर रहना अच्छा लगता है

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान अपने फैंस के साथ-साथ अपने ज्यादातर को-स्टार्स के भी फेवरेट हैं। उनके साथ काम करने वाले ज्यादातर कलाकार उनकी तारीफ ही करते हैं। शाहरुख के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके बोमन ईरानी ने हाल ही में उनको लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। बोमन ने शाहरुख को लेकर कहा, शाहरुख को सेट पर रहना अच्छा लगता है।

उन्हें लोगों के साथ वक्त बिताना और फिल्म बनाने की प्रोसेस का हिस्सा बनना पसंद है। उनके अंदर एक शरारती साइड भी है। वो बहुत देने वाले और बड़े दिल के इंसान हैं। बोमन ने आगे कहा,

उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता है और एक तरफ स्नैक्स रखे रहते हैं। लोग आते-जाते रहते हैं, स्नैक्स उठाकर खाते हैं। जब समय मिलता है, तो वह लोगों के साथ गेम्स खेलते हैं। सेट पर हमेशा मजा रहता है। आखिरी बार शाहरुख और बोमन राजू ईरानी की फिल्म 'डंकी' में नजर आए थे। एक्टर ने यह भी बताया कि उनकी फेवरिट यादों में शाहरुख हमेशा टॉप पर रहते हैं। उन्होंने कहा, अगर मुझे अपनी पसंदीदा यादों की लिस्ट बनानी पड़े तो शाहरुख उसमें टॉप-5 में जरूर होंगे।

बोमन ईरानी ने शाहरुख खान को कहा बोरिंग: बोले- सिर्फ तंदूरी चिकन खाते हैं

इसमें कोई शक नहीं है। बोमन ने आगे कहा कि जब शूटिंग के दौरान कुछ गलत हो जाता है तो शाहरुख उस पर परेशान नहीं होते। उन्होंने कहा, कभी-कभी जब परफॉर्मेंस के दौरान चीजें गड़बड़ हो जाती हैं तो हम उसे मजाक में लेते हैं। शाहरुख जानते हैं कि आखिरकार सीन हो ही जाएगा।

यह बहुत बड़ी क्वालिटी है। उन्होंने यह भी कहा, वो आपको यह सोचने ही नहीं देते कि आप एक सुपरस्टार के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, बोमन ने शाहरुख की एक आदत को लेकर मजाकिया शिकायत भी की। उन्होंने कहा, फूड, शाहरुख इस मामले में बहुत बोरिंग हैं। वो सिर्फ तंदूरी चिकन खाते हैं और कुछ नहीं। उन्होंने आगे बताया कि शाहरुख रेस्टोरेंट टाइप इंसान नहीं हैं। वो हमारे साथ आते हैं लेकिन कुछ खाते नहीं। खाना सामने रखा रहता है, वो बातें करते रहते हैं और खाना ठंडा हो जाता है। सब लोग मजे से खाते हैं लेकिन शाहरुख को कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे बस इसी बात से परेशानी है कि वो खाने में कंपनी नहीं देते हैं। बता दें कि शाहरुख और बोमन ने 'मैं हूं ना', 'डॉन', 'डॉन 2', 'हैप्पी न्यू ईयर' और 'दिलवाले' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com